आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्थी उपरांत 9:47 पंचमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 7 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 48, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर · एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सूचना प्रणाली में गलत जानकारी पर होगी कार्रवाई 16

मिश्रू के कलेक्शन के लिए श्रद्धा का रैंप वॉक 15

स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित होगा महाकुंभ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के प्रतीक चिन्ह व एप का लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प्रयागराज

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाकुंभ-2025 के प्रतीक चिह्न (लोगो), वेबसाइट और मोबाइल एप का लोकार्पण करते हुए कहा कि यह आयोजन स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित होगा। गंगा-यमुना अविरल और निर्मल होंगी। अधिकारियों को हिदायत दी कि 10 दिसंबर तक सभी आवश्यक कार्य पूरे होने चाहिए।

इससे पहले प्रयागराज में परेड मैदान स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद मुख्यमंत्री सबसे पहले मोटरबोट से संगम नोज पहुंचे, जहां उन्होंने गंगा, यमुना, सरस्वती के पावन संगम पर दर्शन-पूजन किया। जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संगम के विशाल स्नान क्षेत्र का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में कुंभ का सफल आयोजन कर मानक स्थापित किया गया है, इसलिए इस बार लोगों की अपेक्षाएं अधिक हैं। वर्ष 2019 में मेला क्षेत्र 3200 हेक्टेयर में फैला था। इस बार 4000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में मेले का विस्तार होगा। महाकुंभ विश्व को सनातन भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार कराने का सुअवसर है। यह स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का मानक भी होगा। योगी ने निर्देश दिया कि महाकुंभ को देखते हुए प्रयागराज के लिए 7 हजार से अधिक बसें लगाई जाएंगी। यहां डेढ़ लाख से अधिक शौचालय स्थापित किए जाएंगे। स्वच्छता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 हजार कर्मचारियों की तैनाती कर यहां की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा जाए। स्टील ब्रिज दिसंबर के पहले सप्ताह तक तैयार कर लें।

यह कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी और अयोध्या से प्रयागराज तक के आगमन को सुलभ बनाएगा। इस दौरान हुई बैठक और निरीक्षण में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, नंदगोपाल गुप्ता नंदी, राकेश सचान, जयवीर सिंह, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, हर्षवर्धन वाजपेयी, विधान परिषद सदस्य केपी श्रीवास्तव, मुख्य सचिव मनोज सिंह समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, शीर्ष अधिकारी, कुंभ मेला प्रशासन के अधिकारी व साधु-संत आदि मौजूद रहे।


प्रयागराज के संगम में दुग्धाभिषेक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● एजेंसी

10 दिसंबर तक महाकुंभ से जुड़े सभी आवश्यक कार्य पूरा करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को दिया निर्देश

विशेष स्नान पर्वों पर नहीं होगा वीआईपी मूवमेंट

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एयरपोर्ट से मेला क्षेत्र तक वीवीआईपी कॉरिडोर बनाएं, लेकिन विशेष स्नान पर्वों पर कोई वीआईपी मूवमेंट न हो। सुरक्षा के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में 3 पुलिस लाइन, 3 महिला थाना और 10 पुलिस चौकी स्थापित करें। हर श्रद्धालु की आस्था का सम्मान करते हुए सबसे अच्छा व्यवहार रखें। क्राउड मैनेजमेंट, फायर सर्विस, हेल्प डेस्क, पार्किंग, सीसीटीवी पर जोर देते हुए कहा कि एंटी ड्रोन सिस्टम भी लगेगा। सिक्योरिटी मॉडल एआई टूल से तैयार किए जाएं। उन्होंने नए जीआरपी थानों की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

महाकुंभ क्षेत्र में नहीं होगी मांस-मदिरा की बिक्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि साधु-संतों, संन्यासियों, वैरागियों सहित समस्त सनातन समाज की भावनाओं का सम्मान रखते हुए प्रयागराज की शास्त्रीय सीमा में मांस-मदिरा का क्रय-विक्रय महाकुंभ के दौरान नहीं होगा।

10 से 15 दिसंबर के बीच आएंगे प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 15 दिसंबर के बीच प्रयागराज आएंगे। महाकुंभ व अन्य योजनाओं के अंतर्गत होने वाले निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने डेढ़ घंटे से अधिक समय तक अफसरों के साथ 5650.66 करोड़ रुपये से पूरी होने वाली 600 से अधिक परियोजनाओं की समीक्षा की। कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि कई विभागों के काम पीछे हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने 10 दिसंबर तक काम पूरा होने की अंतिम समय सीमा तय की।

प्रयागराज में साधु-संतों की समाधि को आरक्षित होगी भूमि

सभी 13 अखाड़ों और विभिन्न संत परंपराओं के साधु-संतों, आचार्यों से संवाद में मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि साधु-संतों की समाधि के लिए प्रयागराज में शीघ्र ही भूमि आरक्षित की जाएगी। ताकि महाकुंभ के दौरान ब्रह्मलीन होने वाले संतों को दिक्कत न हो।

गो-पालकों की आय बढ़ाने को खर्च होंगे 74.21 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्वदेशी नस्ल की गायों से दुग्ध पालकों को आत्मनिर्भर बनाने की है योजना
- नंद बाबा दुग्ध मिशन का दूसरा चरण, 10 हजार से अधिक होंगे लाभान्वित

अमृत विचार : राज्य सरकार गो-पालकों की आय बढ़ाने को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 74 करोड़ 21 लाख रुपये खर्च करेगी। इसके पीछे सरकार की मंशा गो-पालकों को न केवल आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि उनमें स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति रुझान बढ़ाना भी है। दरअसल, नंद बाबा दुग्ध मिशन के दूसरे चरण को शासन ने हरी झंडी दिखा दी है। इस कड़ी में राज्य के दस हजार से अधिक गो-पालकों की आय में वृद्धि का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गो-पालकों की आय बढ़ाने एवं स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए बीते साल नंद बाबा दुग्ध मिशन लांच किया था। इस पंचवर्षीय मिशन के लिए 1 हजार करोड़ रुपये का बजट रखा गया था। इसी के तहत दूसरे चरण में 2566 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्धन योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए 2052.40 लाख का बजट प्राविधानित है। इसी तरह मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना का 7028 लोगों को लाभ मिलेगा। इस पर 790 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं, नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का लाभ 90 लोगों को मिलेगा। इस योजना पर 1015 लाख रुपये खर्च होंगे। 330 प्रारंभिक दुग्ध सहकारी समितियों के गठन का लक्ष्य रखा गया है। इस मद में 722.70 लाख रुपये खर्च होंगे। गो पालकों को 621 परीक्षण किट वितरित की जाएंगी। इसके लिए 25 लाख की धनराशि आवंटित की गई है। डेयरी की क्षमता बढ़ाने के लिए 64.30 लाख रुपये खर्च कर 1447 डेयरी धारकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अति हिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र, रहमानखेड़ा लखनऊ में बोवाइन पशुओं में सेक्स्ड सार्टेड सीमेन उत्पादन की परियोजना में प्रयोगशाला निर्माण के लिए 450 लाख खर्च किए जाएंगे।

एक नजर

एक दशक से फरार नक्सली गिरफ्तार

गया। बिहार की गया जिला पुलिस ने स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) के सहयोग से करीब एक दशक से फरार कुख्यात नक्सली कपिल पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने रविवार को यहां बताया कि जिले में नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस क्रम में गुप्त सूचना मिली कि कपिल पासवान नामक नक्सली डुमरिया थाना क्षेत्र में देखा गया है, जिसके बाद एसटीएफ के सहयोग से डुमरिया थाना क्षेत्र के रानीगंज बस स्टैंड के समीप छापामारी की गई।

10 करोड़ की कोकीन के साथ एक गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने लगभग 5,600 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ की जब्ती के मामले की जांच के सिलसिले में पंजाब के अमृतसर से 10 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद की है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि आरोपी देश छोड़कर भागने की फिराक में था। अमृतसर के एक गांव में छापेमारी के दौरान उसके पास से एक ''टोयोटा फॉर्च्यूनर'' कार भी बरामद की गई।

जम्मू-कश्मीर में हेरोइन के साथ तीन को दबोचा

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले से रविवार को मादक पदार्थ के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 7.8 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि राजमन सिंह उर्फ रमण, रंजीत सिंह और राम कुमार एक कार से जा रहे थे, जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर घगवाल के नजदीक तपयाल में उनके वाहन की तलाशी ली गई।

सीबीआई का रेल कोच फैक्ट्री में छापा, 3 दबोचे

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

- मुंबई से आई टीम ने भ्रष्टाचार के आरोप में की कार्रवाई

अमृत विचार : रेल कोच कारखाने (फैक्ट्री) के स्टोर अधीक्षक और कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। रेल कोच को माल सप्लाई करने वाली एक कंपनी ने सीबीआई की मुंबई ब्रांच में शिकायत की थी। जिसके मद्देनजर सीबीआई टीम ने रेल कोच के आवासीय कॉलोनी में रहने वाले रंजीत यादव, अरविंद कुमार और पूरे जबर सिंह मजरे धना भाद निवासी रिंकू रैदास पुत्र धुन्नी को पकड़ा है।

रेल कोच ओबीसी संगठन का अध्यक्ष रंजीत यादव रेल कोच के फर्निशिंग डिपो स्टोर विभाग में अधीक्षक है तो अरविंद कुमार मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक के पद पर स्टोर में तैनात हैं। रिंकू रैदास चामुंडा फोर्जिंग लिमिटेड में कार्यरत है। आरोप है कि माल सप्लाई करने वालों से अपने खाते में पैसा मंगाते थे। अधिकारियों को भी हिस्सा जाता था। सीबीआई ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद मेडिकल कराया। आरपीएफ इंस्पेक्टर अरविंद ने बताया कि सीबीआई तीनों को साथ ले गई है। फैक्ट्री के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आरएन तिवारी ने मामले के प्रति अनभिज्ञता जताई है।

कोरियोग्राफर जानी मास्टर का राष्ट्रीय पुरस्कार छिना

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रकोष्ठ ने यौन उत्पीड़न के आरोपों के मद्देनजर कोरियोग्राफर जानी मास्टर को दिए जाने वाले राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के लिए कोरियोग्राफर को दिया गया आमंत्रण भी वापस ले लिया।

अयोध्या में 55 घाटों पर जलेंगे 28 लाख दीये

8वां दीपोत्सव

61 हजार लीटर सरसों के तेल से जगमग होंगे 32 लाख दीप

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

- 30 अक्टूबर को आयोजन, 30 हजार स्वयंसेवकों को जिम्मेदारी
- नए वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए इस बार 25 लाख दीये जलाने का रखा लक्ष्य
- गतवर्ष 22 लाख 23 हजार दीये जलाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था

अमृत विचार : राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दीपोत्सव के आठवें संस्करण को भव्य बनाने की तैयारी चल रही है। इस बार दीपोत्सव पूरी तरह से रामलला को समर्पित होगा इसलिए बड़े बदलाव भी किए जा रहे हैं। घाटों की संख्या 51 से बढ़ाकर 55 कर दी गई है। 28 लाख दीपक बिछाने के लिए करीब 32 लाख दीपक खरीदे जा रहे हैं। 25 अक्टूबर से दीये घाटों पर पहुंचने शुरू हो जाएंगे। 30 को मुख्य आयोजन संपन्न होगा। इस बार राम मंदिर परिसर समेत सभी मठ-मंदिरों को भी जगमग करने की तैयारी है।

दीपोत्सव 2024 को लेकर दीपक आदि की टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और स्थलीय निरीक्षण भी शुरू कर दिया गया है। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो. एसएन मिश्र ने रविवार को बताया कि इस बार लता मंगेशकर चौक की दाईं ओर भजन संध्या स्थल घाट नया जोड़ा गया है। यह स्थल बड़ा होने के कारण चार नए घाट बनेंगे, जिस कारण गत वर्ष 51 की जगह इस बार 55 घाटों पर विश्व रिकार्ड के लिए कुल 28 लाख दीपक बिछाये जाने है। हर दीपक में 30 मिली लीटर तेल पड़ेगा। 40 लाख रुई की बाती लगेगी। इसीलिए कुल 32 लाख दीपक खरीदे जा रहे हैं। 30 हजार स्वयंसेवक दीप बिछाने और अन्य जिम्मेदारी निभाएंगे, जिसमें 20 महाविद्यालय, 36 इंटर कॉलेज और 20 एनजीओ के स्वयंसेवकों को शामिल किया गया है, जिनकी डेटा फीडिंग 20 अक्टूबर तक पूरी कर ली जायेगी। 28 अन्य टीमों का गठन किया गया है जो दीपोत्सव में अपनी विभिन्न जिम्मेदारी का निर्वाह करेंगे। वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए इस बार 25 लाख दीये जलाने का लक्ष्य है। पिछले साल 22 लाख 23 हजार दीये जलाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया था। दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए 36 हजार से अधिक लोगों को जोड़ने का भी लक्ष्य है। आठ से अधिक ड्रोन कैमरे भी लगाए जाने पर विचार चल रहा है।

अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट हो हिंदू समाज

कोटा (राजस्थान), एजेंसी



- संघ प्रमुख भागवत बोले समाज के लिए मतभेदों को भुलाना होगा

भारत को हिंदू राष्ट्र बताते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भाषाई, जातीय और क्षेत्रीय विवादों को मिटाकर हिंदू समाज को अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा।

भागवत ने शनिवार शाम को राजस्थान के बारां में स्वयंसेवक एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम यहां प्राचीन काल से रह रहे हैं, भले ही हिंदू शब्द बाद में आया। हिंदू सभी को गले लगाते हैं। वे निरंतर संवाद के माध्यम से समरसता के साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को भाषा, जाति और क्षेत्रीय विवादों को दूर कर अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि आचरण में अनुशासन, राज्य के प्रति कर्तव्य और लक्ष्य के प्रति समर्पण आवश्यक गुण हैं। एक समाज केवल व्यक्तियों और उनके परिवारों से नहीं बनता है, बल्कि उन व्यापक चिंताओं पर विचार करने से बनता है जिनके माध्यम से कोई आध्यात्मिक संतुष्टि प्राप्त कर सकता है।

संघ प्रमुख ने कहा कि आरएसएस की कार्यप्रणाली यात्रिक नहीं बल्कि विचारों पर आधारित है। यह एक अद्वितीय संगठन है जिसके मूल्य समूह के नेताओं से लेकर स्वयंसेवकों, उनके परिवारों और बड़े पैमाने पर समाज से मिलते हैं। स्वयंसेवकों से समुदायों के भीतर व्यापक संपर्क बनाए रखने का अनुरोध करते हुए भागवत ने कहा कि समाज को सशक्त बनाकर सामुदायिक कमियों को दूर करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

भागवत ने कहा कि सामाजिक समरसता, न्याय, स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वावलंबन पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए। स्वयंसेवकों को हमेशा सक्रिय रहना चाहिए और परिवारों के भीतर सौहार्द, पर्यावरण जागरूकता, स्वदेशी मूल्यों और नागरिक चेतना को बढ़ावा देना चाहिए, जो किसी समाज के बुनियादी घटक हैं।

भोपाल की फैक्ट्री से 1,814 करोड़ का मेफेड्रोन जब्त

- गुजरात एटीएस और एनसीबी के छापे में दो लोग गिरफ्तार

अहमदाबाद। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एक फैक्ट्री से 1,814 करोड़ रुपये कीमत का मेफेड्रोन (एमडी) मादक पदार्थ और उसे बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल जब्त किया गया। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि गुजरात एटीएस और दिल्ली के स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने शनिवार को भोपाल के समीप बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में छापे मारे और ठोस तथा तरल रूप में कुल 907.09 किलो मेफेड्रोन बरामद किया।

एटीएस ने कहा कि यह सबसे बड़ी अवैध फैक्ट्री है, जिस पर अभी तक गुजरात एटीएस ने छापा मारा है। इस फैक्ट्री में हर दिन 25 किलोग्राम एमडी मादक पदार्थ बनाया जाता है। ठोस और तरल रूप में 907.09 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 1,814.18 करोड़ रुपये है।

भेड़िये को पीटकर मार डाला

संवाददाता, बहराइच

- वन विभाग ने दर्ज कराया मामला, जांच को पैनल बनाया

अमृत विचार : तमाचपुर गांव में देर रात भेड़िया पहुंच गया। उसने एक बकरी पर हमला कर निवाला बना लिया। बकरी के चिल्लाने पर एकत्र हुए ग्रामीणों ने भेड़िये को पीट-पीटकर मार डाला। वन विभाग ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पैनल गठित किया है।

बहराइच वन प्रभाग के महसी रेंज में भेड़िये का हमला लोगों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। भेड़िये के क्षेत्र में निकलते ही दहशत बन जाती है। बीते दो सप्ताह से भेड़िया का हमला नहीं हो रहा है। लेकिन शनिवार रात को भेड़िया सदर रेंज के राम गांव थाना क्षेत्र के तमाचपुर गांव पहुंच गया। भेड़िया ने एक बकरी को निवाला बना लिया। बकरी के शिकार के दौरान काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए। सभी ने भेड़िये को लाठी-डंडे से पीटकर मार डाला। रेंज कार्यालय में सूचना पहुंची तो डीएफओ अजीत प्रताप सिंह और वन क्षेत्राधिकारी मोहम्मद साकिब मौके पर पहुंचे। उन्होंने भेड़िये के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। डीएफओ ने बताया कि अज्ञात लोगों ने भेड़िये को मार डाला है। भेड़िये ने बकरी का शिकार किया था। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। बताया कि भेड़िये ने किसी आदमी पर हमला नहीं किया है। वहीं वन विभाग ने अज्ञात पर मामला भी दर्ज किया है। मालूम हो कि अब तक पांच भेड़िये पकड़े गए हैं। जबकि हमले में 10 लोगों की मौत हो चुकी है।

बिहार में नदी में डूबने से 10 बच्चों की मौत

- रोहतास में छह और कटिहार जिले में चार बच्चे डूबे

सासाराम/कटिहार (बिहार), एजेंसी

बिहार के रोहतास और कटिहार जिले में नदी में नहाने गए 10 बच्चे गहरे पानी में डूब गए जिससे सभी की मौत हो गई। जिसमें छह की मौत रोहतास जिले में हुई जबकि कटिहार में चार बच्चों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दोनों घटनाओं पर शोक संवेदना प्रकट की है। यह दुर्घटना से वे मर्माहत हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

रोहतास जिले के तुम्बा गांव में रविवार को सोन नदी में नहाते समय छह बच्चे डूब गए जबकि एक अन्य बच्चा लापता हो गया। रोहतास की जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कहा कि यह घटना रविवार सुबह उस हुई जब तुम्बा गांव में 8 बच्चे सोन नदी में नहा रहे थे। सूचना पर पहुंची राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) ने छह बच्चों के शव बरामद किए, एक बच्चा अब भी लापता है। उसका पता लगाने का प्रयास गोताखोरों द्वारा जारी है। सभी बच्चे 10-12 साल की उम्र के हैं। वहीं, कटिहार जिले में कुर्सेला थाना क्षेत्र में नदी में नहाने गए चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। बच्चे समेली हॉल्ट के समीप स्थानीय नदी में नहाने गए थे।

मुंबई में इमारत में आग लगने से 7 लोगों की मौत

मुंबई। मुंबई में रविवार सुबह दो मंजिला दुकान-सह-आवासीय इमारत में आग लगने से तीन नाबालिगों सहित सात लोगों की मौत हो गई। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह पांच बजकर 20 मिनट पर चेंबूर इलाके की सिद्धार्थ कॉलोनी में हुई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए और मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि इमारत के भूतल का इस्तेमाल दुकान के रूप में और ऊपरी मंजिल का इस्तेमाल आवास के रूप में किया जा रहा था। आग भूतल पर स्थित दुकान में बिजली के तारों और अन्य उपकरणों में लगी और बाद में इसने ऊपरी मंजिल को भी अपनी चपेट में ले लिया।

महाराष्ट्र पुलिस भर्ती में एसटी को ऊंचाई में छूट

ठाणे। महाराष्ट्र सरकार ने पुलिस भर्ती में आदिवासी (एसटी) उम्मीदवारों को ऊंचाई में छूट देने की निर्णय लिया है। ठाणे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को जारी अधिसूचना में गृह विभाग ने आदिवासी उम्मीदवारों के लिए ऊंचाई में पांच सेंटीमीटर की छूट दी है। वर्तमान में पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम ऊंचाई 165 सेमी तथा महिला अभ्यर्थियों के लिए 155 सेमी है। यह कदम उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और राज्य स्तरीय अनुसूचित क्षेत्र समीक्षा समिति के अध्यक्ष विवेक पंडित के बीच जनवरी में हुई बैठक के बाद उठाया गया है।

पंजीकृत ट्रस्ट भी बेच सकेंगे क्रय केंद्रों पर धान

क्रय नीति

सरकार ने धान खरीद में ट्रस्ट को भी किया शामिल

- दर्शाने होंगे ट्रस्ट के प्रमाण, बोये रकबे का किया जाएगा सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश सरकार ने इस वर्ष धान क्रय नीति में ट्रस्ट को भी शामिल किया है। ट्रस्ट किसान और बटाईदार की तरह ऑनलाइन पंजीयन कराकर सरकारी केंद्रों पर धान बेच सकेंगे। यह सुविधा केवल पंजीकृत ट्रस्ट को मिलेगी। इसके लिए ट्रस्ट के भूलेख, सत्यापित खतौनी, ट्रस्ट संचालक व अधिकृत प्रतिनिधि का विवरण, आधार कार्ड व पंजीकृत मोबाइल नंबर जिस पर ओटीपी आएगी, यह सब ऑनलाइन पंजीयन के दौरान दर्शाना है। इसके बाद राजस्व टीम धान के रकबे का ऑनलाइन सत्यापन कर स्वीकृति देगा। उसके आधार पर खरीद की जाएगी। डिप्टी आरएमओ विपुल सिन्हा ने बताया कि 1 नवंबर से खरीद होगी। ट्रस्ट संचालक भी समर्थन मूल्य का लाभ उठाएं और पंजीयन कराएं।

ऐसे करें पंजीयन

- किसान खाद्य विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in पर जाएं
- पंजीयन के लिए खतौनी, बैंक पासबुक और आधार कार्ड दें
- पंजीयन के बाद, राजस्व विभाग सत्यापन करके रिपोर्ट देगा
- सत्यापन के बाद धान बेचने के लिए टोकन जारी होगा

संचालक के नहीं होने पर प्रतिनिधि लगाएंगे अंगूठा

धान खरीद आधार प्रमाणित ई-पॉस मशीन से होगी। जिस पर ट्रस्ट संचालक या फिर उनके न होने पर प्रतिनिधि का अंगूठा लगाकर बिक्री की जाएगी। इसके लिए ट्रस्ट संचालक को ऑनलाइन पंजीयन के दौरान एक प्रतिनिधि को विकल्प के तौर पर नामित करना होगा। प्रतिनिधि का आधार, पंजीकृत मोबाइल नंबर आदि विवरण दर्ज किया जाएगा। सरकार द्वारा भुगतान संबंधित ट्रस्ट के बैंक खाते में किया जाएगा, जबकि अन्य बैंक खाता मान्य नहीं होगा।

एक नजर

जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत

तिर्वा। जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत हो गई। थाना इंदरगढ़ के जगतापुर गांव निवासी संदीप कुमार (25) पुत्र लाल सिंह छत पर सो रहा था। रविवार की सुबह वह छत से उतर रहा था तभी जहरीले कीडे ने काट लिया। थोड़ी देर में उसकी हालत गंभीर होने लगी। परिजन उसे मेडिकल कालेज ले गए जहां से डॉक्टर ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दे कि इसके पहले भी बारिश के मौसम में जहरीले कीड़े काटने से कई लोगों की मौत हो चुकी है।

जिलाधिकारी, एसपी ने दुर्गा पंडालों की जांची व्यवस्था

कन्नौज। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नवरात्र पर्व को देखते हुए शहर के मां दुर्गा पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था जांची। व्यापारियों से बात कर सुरक्षा का भरोसा दिया। शनिवार की देर शाम जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने सरायमीरा, एसबीएस मैदान में सन्मार्ग संस्था के दुर्गा पंडाल, ग्वाल मैदान, रामलीला ग्राउंड, माँ फूलमती मंदिर में आरती व पूजा अर्चना की तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही शहर के मुख्य बाजार, सार्वजनिक स्थानों, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदलभ्रमण कर व्यापारियों व आम लोगों से बातचीत की। पंडालों में आयोजकों से बात कर उनसे सुरक्षा या अन्य दिक्कतों के वारे में जानकारी ली। ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर जिलाधिकारी, एसपी के साथ एएसपी अजय कुमार, सीओ सदर कमलेश कुमार के अलावा कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे मौजूद रहे।

शहीद अग्निवीर के दरवाजे शोक जताने पहुंचे जिलाधिकारी व एसपी। अमृत विचार

शहीद को पुष्पचक्र अर्पित करते विधायक कैलाश राजपूत। अमृत विचार

अग्निवीर सौरभ को गार्ड ऑफ ऑनर से अंतिम विदाई

जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों समेत भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, तिर्वा

अमृत विचार। एयरटैंक फटने से शहीद हुए अग्निवीर का शव कड़ी सुरक्षा के बीच पैतृक गांव पहुंचा। जानकारी मिलते ही जनप्रतिनिधि समेत प्रशासनिक अधिकारियों समेत आम लोगों ने पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी।

थाना इंदरगढ़ के भरखरा गांव निवासी सौरभ पाल (25) पुत्र राकेश पाल सात अगस्त 23 को अग्निवीर आर्मी एयर डिफेंस में नियुक्त हुआ था। वह भरतपुर एयर डिफेंस में काम कर रहा था। शुक्रवार की सुबह एयर टैंक फट जाने से वह गंभीर घायल हो गया। साथी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने परिजनों समेत इंदरगढ़ पुलिस को सूचना दी थी। रविवार की सुबह आर्मी जवान आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए शहीद का शव उसके पैतृक गांव लेकर पहुंचे। जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला, एसपी अमित कुमार आनंद समेत अन्य अधिकारियों समेत सपा-भाजपा के नेताओं की भीड़ जुट गई। सभी ने शहीद को श्रद्धांजलि देते हुए परिजनों को धैर्य बंधाया। शव लेकर आए जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी।

शहीद को गार्ड ऑफ आनर देकर विदाई देते जवान।

कन्नौज कार्यालय के अनुसार समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक अरविंद यादव, पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे, वरिष्ठ नेता जय कुमार तिवारी बउअन, प्रदेश सचिव आकाश शाक्य, सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, विधानसभा अध्यक्ष कन्नौज पीपी सिंह बघेल, वरिष्ठ नेता कुक्कू चौहान, विधानसभा अध्यक्ष तिर्वा शरद यादव, अनिल पाल, रवि यादव, इंद्रेश यादव, योगेश शर्मा,इशहाक खान,पिंटू यादव, अजय यादव शिल्पी आदि नेताओं ने भी शहीद को श्रद्धांजलि दी।

एक्सप्रेस वे से लेकर गांव तक तिरंगा यात्रा

- **तिर्वा।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे से शहीद का शव गांव आने की जानकारी मिलते ही सैकड़ों युवा बाइक पर तिरंगा लगाकर एक्सप्रेस कट पर पहुंच गए। एक्सप्रेस वे से नीचे उतरते हुए बाइक सवार सौरभ अमर रहे की नारेबाजी करते हुए शव वाहन के साथ उसके गांव तक गए।

दीपावली में आने का इंतजार कर रहा था परिवार

- **तिर्वा।** एक माह पहले अवकाश समाप्त कर ड्यूटी पर गया सौरभ पिता माता के साथ बहनो से भी दीपावली में अवकाश लेकर आने की बात कहकर गया था। दीपावली आने से पहले उसके शहीद होने की खबर आई और फिर तिरंगा में लिपटा शव गांव आया।

एक्सईएन को भाजपा नेता ने किया चैलेंज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। एक्सईएन बिजली से भाजपा नेता ने अभद्रता करते हुए चैलेंज कर दिया। शुक्रवार को हुए इस विवाद का वीडियो रविवार को किसी ने वायरल कर दिया। देवी पण्डाल में चोरी से बिजली जलने के मामले की पैरवी करने भाजपा नगर अध्यक्ष पहुंचे थे। अब इस मामले में एक्सईएन जिला स्तरीय पदाधिकारियों व मंत्री से बात कर समस्या रखेंगे।

शासन के निर्देश पर शुक्रवार को अधिशाषी अभियंता विद्युत मगन सिंह शहर में लगे मां दुर्गा के पण्डालों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान पाण्डाल में चोरी की बिजली से जगमग मिला था। इस पर एक्सईएन ने जांच की और कनेक्शन लेने की बात कहने के बाद चले आये। इस के बाद एक्सईएन अपने कार्यालय में बैठे थे। इसी दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष शिवेंद्र कुछ कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच गये। उन्होंने एक्सईएन से बात की। इस पर उन्होंने शासन से आये पत्र का हवाला देते हुए बताया कि निर्देश हैं कि जिले में जो भी देवी पाण्डाल लगाये जाये उन में बिजली कनेक्शन देने में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाये। साथ ही बिजली अधिकारी मौके पर पहुंच कर जांच कर ले कि किसी तरह की दुर्घटना न हो। बात चीत चल रही थी कि नगर अध्यक्ष कन्नौज भडक गये और बोले कि वह कार्रवाई करें वह देख लेंगे।

तेज आवाज में तूतू मेंमें होते देख कुछ कार्यालय के बाबू भी एक्सईएन कार्यालय के अंदर पहुंचे गये। उन्होंने नगर अध्यक्ष को समझाया। रविवार को किसी ने इस घटना का वीडियो वायरल कर दिया। हालांकि अमृत विचार इस वीडियों की पुष्टि नहीं करता है। इस मामले में एक्सईएन मगन सिंह का कहना है कि वह इस संबंध में भाजपा के उच्च नेताओं से बात कर समस्या से अवगत करायेंगे।

सार-संक्षेप

नवदुर्गा पंडाल में मेहंदी रचा कर दिखाई प्रतिभा

छात्रा को प्रशस्ति पत्र प्रदान करतीं कामिनी कौशल।

कन्नौज। शहर में सन्मार्ग संस्था की तरफ से आयोजित हो रहे नवदुर्गा उत्सव के चौथे दिन मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शहर के कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इं. कॉ., एलओएम पब्लिक स्कूल, सोनी पारिया पब्लिक स्कूल, जेपी गर्ल्स इं. कॉ., केपीएस., आकाश शिक्षा सदन, रामनारायण इं. कॉ., सरस्वती ज्ञान मंदिर मकरंदनगर, गोमती देवी गर्ल्स इं. कॉ., सुशीला देवी गर्ल्स इं. कॉ., केबीएस शिक्षा सदन आदि स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक डिजाइन की मेहंदी लगाकर अपनी प्रतिभा का परिचय कराया। प्रतियोगिता की निर्णायक रहीं पुलिस अधीक्षक अमित आनंद की पत्नी कामिनी कौशल ने एक एक प्रतिभागी को पास बुलाकर मेहंदी देखी और सराहना कर अंक प्रदान किए। प्रतियोगिता में 58 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को निर्णायिका ने प्रशस्ति पत्र बांटकर उत्साह बढ़ाया। परिणामों की घोषणा नौ अक्टूबर जबकि पुरस्कार वितरण 10 अक्टूबर को रात की आरती के बाद किया जाएगा।

मिशन शक्ति दीदी अभियान में निकाली बाइक रैली

बाइक रैली निकालती महिला पुलिस।

कन्नौज। प्रदेश में महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिये मुख्यमंत्री के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति दीदी अभियान के पांचवे चरण में बाइक रैली निकाली गई। रविवार को शहर के बोर्डिंग ग्राउंड से प्रदेश में महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिये चलाये जा रहे व्यापक अभियान मिशन शक्ति दीदी फेज-5 .0 के क्रम में सुबह 9 :30 बजे अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार ने महिला सिपाहियों की मिशन शक्ति जागरूकता के लिये स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में यूपी-112 पीआरवी वाहन तथा एम्बुलेंस भी सम्मलित रही। एक वाहन पीए सिस्टम के साथ रही, जिसमे मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण से सम्बंधित गीत बजे। स्कूटी रैली बोर्डिंग ग्राउण्ड से प्रारम्भ होकर शहर के लाखन तिराहा, फूलमती मन्दिर, मकरन्द नगर, तिर्वा क्रासिंग, मंडी समिति, जिला अस्पताल, पूर्वी बाइपास, गोल कुआँ से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची।

परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन करते कलाकार।

परशुराम-लक्ष्मण संवाद को सुनने उमड़ी भीड़

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। श्रीआदर्श रामलीला समिति पुरानी गल्ला मंडी के तत्वाधान में आयोजित रामलीला में शनिवार को धनुष यज्ञ, परशुराम-लक्ष्मण संवाद की लीला का मंचन किया गया। इसमें भगवान राम और सीता के पुष्प वाटिका में मिलने और धनुष यज्ञ की लीला का मंचन देखकर दर्शक भावविभोर हो गए।

कलाकारों ने लीलाओं का सुंदर मंचन किया। सीता स्वयंवर में अनेक राजाओं ने शिव धनुष को उठाने का प्रयास किया किंतु वे उसे हिला भी न सके। यह देख राजा जनक दुखी हो गए। प्रभु राम ने गुरु की आज्ञा पाकर धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाई तो धनुष टूट गया। तभी प्रभु परशुराम वहां आ पहुंचे और अपने आराध्य शिव का धनुष तोड़ने वाले को सजा देने की बात कहने लगे। लक्ष्मण का संवाद हुआ। इधर सीताजी ने प्रभु राम के गले में जयमाल डाली। भक्तों ने जय जयकार लगाई। मण्डलाधीश अनिल त्रिपाठी परशुराम, अभिनेता रमन शुक्ला कानपुर, संदीप शर्मा (राम), विकास पंडित (सीता), जीतू त्रिपाठी फतेहपुर (लक्ष्मण), पेटूराजा संतोष शर्मा चित्रकूट ने अभिनय किया।

हवन पूजन के साथ शुरू हुई रामलीला

सौरिख,कन्नौज। कस्बा के सब्जी मंडी परिसर में शनिवार को रामलीला मंच पर हवन पूजन के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने फीता काटकर रामलीला का शुभारंभ किया है। शनिवार को श्री रामलीला नाटक कमेटी पुरातन के सौजन्य से सब्जी मंडी नगर पंचायत परिसर में रामलीला शुरू कराई गई। इससे पूर्व पं. मुकेश आनंद शास्त्री ने कमेटी के लोगों के साथ हवन पूजन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमकार शाक्य ने फीता काटकर रामलीला का शुभारंभ कराया। इस दौरान अध्यक्ष जितेंद्र बिहारी हजेला जीतू, चैयरमैन राहुल गुप्ता, विजय राजपूत लालू ने अध्यक्ष प्रतिनिधि का राम दरबार भेंट किया प्रबंधक अशोक कुमार चौरसिया, निदेशक विशुन चंद्र वर्मा, किशनचंद वर्मा, राम प्रकाश गुप्ता आदि रहे।

पंडाल से विसर्जन यात्रा तक नहीं होगी कोई दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने दुर्गा पूजा पंडाल के आयोजकों के साथ की बैठक

अमृत विचार। शहर के कुंज बिहारी धर्मशाला में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने मां दुर्गा मंडाल के आयोजकों व अन्य गणमान्य लोगों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि त्योहारों का समय शुरू हो चुका है शहर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना जरूरी है। मंत्री ने सामाजिक संगठनों, पंडाल, शोभा यात्रा के आयोजकों से शहर को संजाने व संवारने के लिए सहयोग भी मांगा। बैठक में आयोजकों ने बताया कि पंडालों में स्थापित मूर्तियों को विसर्जन के लिए ले जाते समय रास्ते में लटकते बिजली के तार कई बार दुर्घटना का कारण बनते हैं। त्योहारों के समय बाजारों में भीड़ भी अधिक होती है, ऐसे में कई बार सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है इससे निजात दिलाई जाए। राज्य मंत्री ने कहा कि पंडाल से लेकर विसर्जन स्थल तक सभी को मिलकर साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखना है। आयोजकों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े इसके लिए विभिन्न विभाग के अधिकारियों को भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण की मौजूदगी में बैठक को संबोधित करते नगर अध्यक्ष शिवेंद्र। अमृत विचार

एक्सईएन को धमकाने वाले मंत्री की बैठक में दिखे: दो दिन पहले बिजली विभाग के एक्सईएन मगन सिंह को धमकाने व बिना कनेक्शन के पंडालों में बिजली जलाने की बात कहने वाले भाजपा नगर अध्यक्ष शिवेंद्र भी समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण की इस बैठक में दिखे। नगर अध्यक्ष ने बैठक में अपनी बात भी रखी। इसको लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

गला काट युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

तिर्वा। अज्ञात कारणों से युवक ने जान देने के लिए अपना गला रेत लिया। परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां से डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया। घटना कोतवाली क्षेत्र के नजरापुर पट्टी गांव की है। गांव निवासी विनय कुमार (25) पुत्र भैयालाल ने रविवार की सुबह अपना गला रेत लिया। खून से लथपथ देखकर परिजनों के होश उड़ गए।

उन्होंने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं हुई है।

सफाई कर मंत्री ने दिया स्वच्छता का संदेश

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

अमृत विचार। जनसमस्याएं सुनने व गौशाला शुभारंभ करने पहुंचे समाज कल्याण मंत्री ने जब अपने संबोधन में लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया तो परिसर में फैली गंदगी उनकी आंखों से बच नहीं सकी। लोगों ने पानी पीकर प्लास्टिक की बोतलों को वहीं फेंक दिया। संबोधन के बाद मंत्री ने परिसर में फैली बोतलों को एकत्र कूड़े में फेंका।

रविवार को समाज कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत तिलपई-डिगसरा में आरआरसी सेंटर व नंद रानी अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का शुभारंभ करने पहुंचे थे। इसके बाद ग्राम सियरमऊ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में माथा टेका। ग्राम डिगसरा में लगे जन संवाद कैंप में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना। संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। जन संवाद कैंप में कृषि विभाग विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, विधुत सखी केंद्र आदि के स्टाल लगाए गए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, विवेक पाठक, मंगलम पांडे, अखिलेश पांडे, मालिक पांडे, गीता पाठक, आरएस कठेरिया, डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश, बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव, बीडीओ गुगरापुर उमाशंकर साहू, एसडीओ बृजेश कुमार, एडीओ पंचायत लक्ष्मी राज यादव, प्रधान प्रेम नारायण राजपूत, सतेंद्र कटियार, अन्नू राजपूत, अभिषेक राजपूत, शिवम राजपूत आदि मौजूद रहे।

फीता काटकर आरआरसी सेंटर का शुभारंभ करते समाज कल्याण मंत्री।

शुभ सूचना तिर्वा के डीएन, शहर के पीएसएम और छिबरामऊ के नेहरू डिग्री कॉलेज में होंगे आयोजन

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में कल से बजेगी शहनाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आठ, 10 और 11 अक्टूबर की तारीखें तय हुईं, तहसील इलाके में शामिल होंगे विधायक

अमृत विचार। शारदीय नवरात्र में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शहनाई बजने का मुहुर्त घोषित हो गया है। तीनों विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग तारीखों में आयोजन होंगे। इसमें संबंधित विधायक आमंत्रित किए जाएंगे। करीब 500 जोड़े हिंदू रीति रिवाज के तहत सात फेरे लेंगे। साथ ही मुस्लिम जोड़ों का निकाह कराया जाएगा।

दरअसल, लोकसभा क्षेत्र के सामान्य चुनाव व शादी के मुहूर्त न होने की वजह से अब तक सामूहिक विवाह नहीं हो सके हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 को छह महीने गुजर जाने के बाद इस महीने पहला आयोजन होने जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि आठ अक्टूबर को तिर्वा के डीएन इंटर कॉलेज में सामूहिक विवाह कराए जाएंगे। 10 तारीख को कन्नौज शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज और 11 अक्टूबर को छिबरामऊ के नेहरू डिग्री कॉलेज में शादी की शहनाइयां बजेंगी। संबंधित क्षेत्रों के विधायक भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रण भेजा जाएगा। बताया गया कि 600 से अधिक ऑनलाइन आवेदन आ चुके हैं। इनका ब्लॉक व नगर निकायों से सत्यापन भी अंतिम चरण में है। जिला समाज कल्याण अधिकारी का कहना है कि एक जोड़े की शादी पर शासन 51 हजार रुपये खर्च करता है। इसमें 35 हजार वधू के खाते में भेजे जाते हैं। 10 हजार रुपये की सामग्री और 6 हजार रुपये मंडप व भोजन आदि में व्यय किए जाते हैं।

नवरात्र के पर्व पर एक-दूजे के हो सकते हैं 500 जोड़े

अमृत विचार समाचार पत्र में प्रकाशित खबर। अमृत विचार

मानक के अनुरूप नहीं मिले अस्पताल, होगी कार्रवाई

सम्वाददाता सौरिख,कन्नौज

अमृत विचार। क्षेत्र के कई प्राइवेट अस्पतालों में रविवार को प्रभारी सीएमओ ने टीम के साथ छापामारी की। कई अस्पताल मानक विहीन मिले। सीएमओ ने कार्रवाई की बात कही है।

लगातार प्राइवेट अस्पताल संचालकों की मनमानी की मिल रही शिकायतों के चलते प्रभारी सीएमओ डॉ. अवधेश कुमार, एआरओ वाई के मंजुल ने कई अस्पतालों में छापामारी की। इस दौरान संचालित अस्पताल मानक विहीन पाए गए। प्रभारी सीएमओ ने बताया कि सभी पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे अबैध क्लीनिक संचालकों को भी चेतावनी दी।

निरीक्षण करते प्रभारी सीएमओ डॉ. एके जाटव व अपर शोध अधिकारी वाईके मंजुल।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मैं **मोनी, पुत्री राम कुमार, निवासिनी-154 ग्राम-मोचक्लन, पो0 भिनईनी, भैंसी जिला सीतापुर,** मेरे हाईस्कूल का मूल अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक सं0 1032609 वर्ष 2020 श्री शिवचरन लाल मेमोरियल इण्टर कालेज, रामाभारी जिला सीतापुर से उत्तीर्ण की थी। वास्तव में खो गयी है।

सूचना

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम Mohammad Wais Mohd दर्ज है, जोकि ये गलत है। जबकि आधारकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में MOHD WAIS है, जोकि सही है और इसी नाम से जाना पहचाना जाता हूँ, अतः पासपोर्ट में मेरा नाम मो0 वैस (MOHD WAIS) अंकित किया जाये। **-मो0 वैस पुत्र मुनीर अहमद, निवासी- मोहल्ला मोहरियान, कस्बा व परगना दरियाबाद, तहसील रामसनेही, बाराबंकी।**

सूचना

मैंने अपना नाम PASWAN AMIT TILAKRAM से बदलकर AMIT PASWAN रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।- S/O: TILAK RAM PASWAN, R/O: VILL- GAURIYA, POST- RAGHURAJ NAGAR, GONDA

सूचना

सूचित हो कि मैं **मधु निगम पत्नी सुखदेव निवासिनी-म0नं0-44, ओल्ड एल0आई0जी0 बर्रा- 3 कानपुर नगर।** मैं अपने पुत्र राहुल निगम के गलत आचरण व व्यवहार से क्षुब्ध होकर उससे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी लेनदेन व कार्य की जिम्मेदारी हमारे परिवार की नहीं होगी । अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम मोहम्मद शाहिद था, अब मैंने अपना नाम बदलकर सैय्यद मोहम्मद शाहिद कर लिया है। अब मुझे सैय्यद मोहम्मद शाहिद के नाम से जाना पहचाना जाए। **सैय्यद मोहम्मद शाहिद ग्राम भिटौरा (नूरपुर), पोस्ट महबूबगंज, जिला अयोध्या , उत्तर प्रदेश**

सूचना

हाईस्कूल के अंक पत्र में मेरा नाम आदित्य गुप्ता दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम कृष्णा गुप्ता दर्ज हो गया है। आधार कार्ड में मेरा नाम कृष्णा गुप्ता के स्थान पर आदित्य गुप्ता दर्ज किया जाए। मुझे दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है। **- आदित्य गुप्ता पुत्र विनोद कुमार गुप्ता, निवासी मो. सुभाष नगर, गुरसहायगंज, कन्नौज**

सूचना

मैं सम्पूर्णानन्द श्रीवास्तव पुत्र रामाश्रय लाल श्रीवास्तव निवासी भवन संख्या - MIG -82 व नगर निगम भवन संख्या -174 स्थित राप्तीनगर प्रथम चरण को जरिए विक्रय विलेख दिनांक 15/03/2001 जो उपनिबंधक प्रथम सदर गोरखपुर के वहां बही नं-1 खण्ड सं0 - 3831 पृष्ठ सं0 125 से 142 पर क्रमांक 1048 पर दर्ज हैं को उसके स्वामी राजेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव पुत्र स्व0 शंकर श्रीवास्तव से क्रय करके काबिज दाखिल हूं। व उक्त भवन सम्बंधित मदर डिड विक्रय विलेख संख्या-1023 दिनांक 14-03-2001 का रजिस्ट्रेशन सम्बंधित आखिरी पेज व विक्रय विलेख संख्या - 1048 दिनांक 15/03/2001 में संलग्न नक्शा नजरी व जी.डी.ए. गोरखपुर से जारी एलाटमेंट लेंटर व कब्जा प्रपत्र व म्यूटेशन आर्डर वास्तव में खो गया है। भारतीय स्टेट बैंक शाखा गोरखपुर में बंद रख कर ऋण ले रहा हूं

आज का मौसम

धूप खिली रहने के साथ उमसभरी गर्मी की संभावना है।

32.0°	24.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 06	सूर्यास्त 05 : 58

पंचम स्कंदमाता



पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्रि में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।

बीज मंत्र- ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः।

खेत में मिला लापता युवक का शव, हत्या का आरोप

पिता ने दो लोगों पर जताया शक, पुलिस को शव उठाने से रोका

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

अमृत विचार। घर से देर रात लापता हुए युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में पड़ा मिला। गुजर रहे ग्रामीणों ने शव देखा तो एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंचे मृतक के पिता ने पुत्र की हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया। परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक को गिरफ्तार करने की मांग की और शव नहीं उठने दिया। कोतवाल ने परिजनों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

ग्राम ताखेपुर्वा निवासी सुरेश चन्द्र ने बताया कि उसके पुत्र नरेन्द्र कुमार (28) को शनिवार की देर रात गांव के ही कुछ लोग बातचीत करने के बहाने से साथ ले गए थे। जब पुत्र घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं लग सका। सुबह गुजर रहे ग्रामीणों ने नरेन्द्र का शव खेत में पड़ा देखा। सूचना पर पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मच गई। पिता व परिजनों ने युवक की हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा और रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। सूचना पर पहुंचे कोतवाल आलोक कुमार दुबे, चौकी प्रभारी सुनील कुमार चौधरी ने स्थानीय लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच की। मृतक के पिता ने दो लोगों के विरुद्ध पुत्र की हत्या कर शव फेंकने की तहरीर दी। परिजनों ने शव नहीं उठने दिया। कोतवाल ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीओ सिटी कमलेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी। रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मृतक के भाई से पूछताछ करते कोतवाल आलोक कुमार दुबे। अमृत विचार

नरेन्द्र कुमार।

ब्लड जांच के नाम पर वसूली की जांच शुरू

कन्नौज। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ब्लड जांच के नाम पर रुपये लेने के मामले में जांच शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान रुपये लेने वाला व्यक्ति खोजे नहीं मिला है। विभाग के लोग अज्ञात व्यक्ति पर जांच के नाम पर रुपये लेने की बात कह रहे हैं। अब सीएमएस तीमारदार को बुला कर संबंधित की पहचान करायेंगे।

जिला अस्पताल में जहरीले कीड़े के काटने के बाद पहुंची महिला से खून की जांच के नाम पर रुपये वसूलने के मामले को सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने जांच कराई है लेकिन अब तक संबंधित की खोज नहीं हो सकी है। इमरजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली गई पर उसमें रुपये लेते कोई कर्मचारी नहीं दिख रहा है। जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगी थी उनसे भी जानकारी ली गई। किसी ने यह नहीं कहा कि उन्होंने ब्लड जांच के नाम पर पीड़ित महिला से रुपये लिये हैं। अब सीएमएस महिला व तीमारदार को बुला कर इमरजेंसी के उन कर्मचारियों से आमना सामना कराएंगे।

पेड़ पर अंगौछे के फंदे से लटका मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज।

- परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इनकार, पुलिस ने सौंप दिया शव
- ग्रामीणों का कहना है कि जगबीर का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था

अमृत विचार। ग्राम कसियापुर स्थित ग्राम समाज के बगीचे में पेड़ पर एक युवक का शव अंगौछे से बने फंदे में लटका देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। रोते बिलखते पहुंचे परिजनों ने पोस्टमार्टम न कराए जाने की बात कही, जिसपर पुलिस ने पंचनामा भरवा कर शव उन्हें सौंप दिया।

सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम कसियापुर निवासी 35 वर्षीय जगबीर सिंह यादव पुत्र कश्मीर सिंह यादव मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार की सुबह लगभग 10 बजे उसका शव ग्राम समाज के बगीचे के पेड़ में अंगौछे से बने फंदे पर लटका था। वहां से गुजरने बाले ग्रामीणों ने देख कर उसके परिजनों को सूचित किया, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों सहित ग्राम प्रधान कमलेश मिश्रा भी पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना है कि जगबीर का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था, जिसके चलते उसने आत्महत्या कर ली। वहीं शव का पोस्टमार्टम ना कराने की गुहार पर पुलिस ने पंचनामा भरवा कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक जगबीर दो भाइयों में छोटा था। उसकी शादी 7 वर्ष पूर्व देवकुमारी के साथ हुई थी और दो बच्चे हैं। घटना के बाद परिवारजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

युवक ने गले में कसा फंदा, गंभीर

कन्नौज। किसी बात से नाराज युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजन उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाये, जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव अमिलियापुर्वा निवासी इन्द्रेश (36) पुत्र रोशन लाल शनिवार की रात 9 बजे के बाद परिजनों से किसी बात को लेकर नाराज हो गया। इसके बाद घर में फांसी लगा कर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां हालत में खास सुधार न होते देख प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया।

फंदे से लटका मिला युवक का शव

छिबरामऊ,कन्नौज। किसी बात से नाराज युवक ने कमरे में फांसी लगा कर जान दे दी। घटना से घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना के संबंधमें जांच शुरू की है। शहर के काशीराम कॉलोनी के ब्लाक नं 3 में रह रहे पवन कुमार पुत्र राजेश कुमार का रविवार की शाम कमरे में पंखे के सहारे फांसी पर लटकता देख परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने आनन- फानन में पड़ोसियों की मदद से नीचे उतार कर सौ शैया अस्पताल ले गये। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी ज्योति व बच्चे आरोषी व आयुष को रोता बिलखता छोड़ गया।

एक नजर

सीओ ने धार्मिक स्थलों पर परखी सुरक्षा व्यवस्था

गुरसहायगंज, कन्नौज। नवरात्र पर हो रहे धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार ने कोतवाल आलोक कुमार दुबे के साथ नगर में भ्रमण कर किया। शनिवार की देर रात नगर के पावर हाउस, रेलवे रोड, तिर्वा रोड, जीटी रोड आदि स्थानों पर चल रहे धार्मिक आयोजनों का स्थलीय निरीक्षण किया और आयोजकों को दिशा निर्देश दिए। नगर की सब्जी मंडी में चल रही रामलीला का निरीक्षण किया। कहा कि अराजकतत्वों पर विशेष नजर रखी जाए। रामलीला में लगी पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

गुरसहायगंज, कन्नौज। तहसील स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चौ. जयवीर सिंह इंटर कॉलेज की छात्राओं ने जीत दर्ज की। विद्यालय ने जनपद में होने वाली प्रतियोगिताओं में पहली बार प्रतिभाग किया। विद्यालय की छात्रा पूनम, रोशनी, संगम, काव्या, सपना, आकृति ने जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्रबंधक प्रशांत सिंह ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य राहुल भदौरिया, कोच संगम यादव, अजय कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

कलाकारों के मोबाइल व नकदी चोरी

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के सब्जी मंडी में आयोजित रामलीला में अभिनय कर रहे कलाकारों का मोबाइल व नगदी चोरी हो गई। जनपद फतेहपुर के ग्राम कुसुम्बी निवासी जीतू तिवारी व जनपद बांदा के ग्राम मटेना निवासी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि वह परशुराम लक्ष्मण संवाद करके श्री राम जानकी मंडपम स्थित कमरे में आराम कर रहे थे। तभी सो गए। इसी बीच किसी ने 3800 रुपये व मोबाइल चोरी कर लिया। जानकारी होने पर अन्य कलाकारों में भी हड़कंप मच गया।

स्वास्थ्य मेला में 3028 को मिला उपचार

कन्नौज। रविवार को जिले की 14 सीएचसी में आयुष्मान भव अभियान व 36 देहात व नगरीय पीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर मेले का विभागीय अधिकारियों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डाक्टर व अन्य स्टाफ मरीजों को उपचार देते मिले। अपर सोध अधिकारी वाईके मंजुल ने बताया कि सीएचसी में आयोजित आयुषमान अभियान में 1439 व मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1589 मरीजों की जांच के बाद उपचार दिया गया। मेले में 137 मरीजों की कोविड जांच की गई। आयुषमान योजना के तहत 49 गोल्डन कार्ड जारी किये गये।

नौकरी का झांसा देकर महिला से ऑनलाइन ठगी

छिबरामऊ,कन्नौज। बेरोजगारी का फायदा उठाकर सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन प्रकाशित कर युवाओं को ठगा जा रहा है। ऐसे ही एक मामले में महिला से ऑनलाइन ठगी कर ली गई। शहर के मोहल्ला बनवारी नगर की रहने वाली प्रीती पत्नी देवानंद पाल ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि सोशल मीडिया पर एक पेंसिल कम्पनी का विज्ञापन प्रकाशित हुआ था। इस पर लिखे मोबाइल नम्बर पर नौकरी के लिए सम्पर्क किया तो आरोपी ने झांसा में लेकर खाते में 4200 रुपये जमा करवा लिए। कई दिन बाद कोई पत्र न मिलने पर महिला ने सम्पर्क किया तो वह फोन बंद मिला। संदेह हुआ तो पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

महिलाओं को जागरूक करती उपनिरीक्षक। अमृत विचार

मातृशक्ति को संबल देने को बताईं सरकारी योजनाएं

छिबरामऊ,कन्नौज। मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन के तहत रविवार को एक गोष्ठी कर महिलाओं को जागरूक किया गया। ग्राम सभा अकबरपुर के ग्राम सचिवालय में हुई गोष्ठी प्रधान प्रतिनिधि योगेन्द्र की तरफ से आयोजित हुई। कोतवाल सचिन कुमार सिंह ने कहा कि बेटियां देश की शान हैं। उनकी शिक्षा व स्वास्थ्य को लेकर सरकार गम्भीर है। उपनिरीक्षक दीपांजलि वर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गम्भीर है। सरकार इन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए शक्ति मोबाइल, महिला हेल्प डेस्क, महिला पुलिस बीट व महिला बीट पुलिस अधिकारी,महिला साइबर सेल,महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केन्द्र, मिशन शक्ति कक्ष के माध्यम से महिला अपराधों पर त्वरित कार्रवाई के लिए अभियान चला रही है। इस मौके पर उननिरीक्षक गजेन्द्र पाल सिंह, सिपाही षिवानी पाराशर, ज्योति यादव, पूनम यादव, मधु कुमारी, ठाकुर प्रमोद सिंह, नरेन्द्र सिंह, रंजीत कुमार, वीरपाल, अर्जुन सिंह के साथ ही ज्ञान सिंह, शिवम दुबे, ललित मिश्रा, सुभाष चन्द्र, पीयूष , सुनील आदि मौजूद रहे।

बच्चे को फुसलाकर बाइक सवार चोरों ने घर से उड़ाए लाखों के जेवर

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

- 20 रुपये देकर भेजा टॉफी लाने, पीछे से साफ कर दिया घर
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने शुरू की मामले की जांच पड़ताल

अमृत विचार। घर में मौजूद अकेले बच्चे को रुपये देकर टॉफी लेने भेज दिया। इसके बाद बाइकसवार चोर आराम से घर में अलमारी का ताला तोड़कर लाखों की नकदी समेत जेवरात चोरी कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नादेमऊ चौकी क्षेत्र के नगला भारा गांव निवासी अनुज कुमार पुत्र नवाब सिंह हरियाणा के गुड़गांव में प्राइवेट नौकरी करता है। घर में पत्नी सुनीता देवी, सात वर्षीय बेटा पीयूष एवं नौ वर्षीय बेटी प्रिया रहते हैं। रविवार को सुनीता पड़ोस के टड़ारायपुर गांव में दवाई लेने गई थी और प्रिया पड़ोस में खेल रही थी। घर में अकेला पीयूष मौजूद था। तभी बाइक सवार दो चोर आए और उसको 20 रुपये देकर दुकान से टॉफी लाने भेज दिया।

इसके बाद चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखी अलमारी तोड़कर उसमें रखे दो लाख 12 हजार रुपये नगद, एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी झाले, तीन जोड़ी कुंडल, चोटी, मांग बेंदी , दो मटर माला, एक जंजीर, पांच अंगूठी, एक हाफ कमरकर्धनी एक फूल कमरकंधनी, पायल, तोड़िया, बिछिया, समेत लाखों का जेवरात पार कर दिए और फरार हो गए। प्रिया जब घर पहुंची और कमरा समेत अलमारी का ताला टूटा देखा तो होश उड़ गए। पड़ोस में रह रही दादी को बुलाकर ले आई। दिनदहाड़े हुई घटना की जानकारी होते ही पहुंचे प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने पीड़ित परिवार से पूछताछ करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी। वही सुनीता देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सुनीता देवी ने बताया कि गांव निवासी एक युवक का खेत उगाही पर ले रखा था। पति ने गुड़गांव से खातों में रुपया भेजा था जिसे शनिवार को ही बैंक से निकाला था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी चोरों की तलाश के लिए सुराग लगा रहे हैं। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

चोरी के बाद घर में टूटी पड़ी अलमारी।

सार-संक्षेप

पीड़ित परिवार को चेक देते पूर्व चेयरमैन सुनील कुमार गुप्त, मुनेश राठौर व अन्य।

पुत्र-पुत्री को खोने वाले परिवार को दी मदद राशि

कन्नौज। सितंबर के अंतिम सप्ताह में बारिश के कारण घर गिरने से पुत्र पुत्री को खोने वाले परिवार को राठौर समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सहायता राशि सौंपकर ढाढ़स बंधाया। बता दें कि 28 सितंबर की रात हसेरन विकास खंड के गोपालपुर गांव में कच्चे मकान की दीवार ढहने से रामदास राठौर के दो बच्चों विवेक व सरिता की मौत हो गई थी। रविवार को पूर्व चेयरमैन सुनील कुमार गुप्त (मुन्ना भैया) के नेतृत्व में गांव पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने समाज की तरफ से 50 हजार रुपये की धनराशि सहायता के रूप में पीड़ित परिवार को सौंपी। इसके साथ ही हर हाल में परिवार का साथ देने का भरोसा दिलाया। इस दौरान सागर राठौर, राजेश राठौर, सुरेंद्र राठौर, विजय राठौर, अखिलेश राठौर, अनुज राठौर सहित समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

बैठक करते कमेटी के पदाधिकारी।

51 झांकियों के साथ प्रभु श्रीराम की निकलेगी भव्य बरात

छिबरामऊ,कन्नौज। विजय दशहरा के पर्व पर आयोजित होने वाले रामलीला के आयोजन के तहत सोमवार को प्रभु श्रीराम की भव्य बरात का आयोजन होगा। कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि बरात में कुल 51 झांकियों के साथ भक्तों को प्रभु श्रीराम दीदार होंगे। श्रीराम लीला कमेटी की रविवार को एक बैठक हुई। कमेटी के अध्यक्ष देवकीनंदन मिश्रा ने बताया कि प्रभु श्रीराम की बरात को भव्य बनाने के लिए कमेटी के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बरात में कासगंज, फर्रूखाबाद, मैनपुरी, एटा, आगरा के साथ ही कई अन्य जिलों की 51 झांकियों को शामिल किया जाएगा। बरात सोमवार की शाम 7 बजे पूर्वी बाईपास से शुरू होकर मुख्य मार्ग से होती हुई रामलीला मैदान पहुंचेगी। वरूण प्रताप सिंह, रानू गुप्ता, अनुराग त्रिपाठी, सर्वेश कुमार चौरसिया, हिमांशूचौहान, अनुराग अग्निहोत्री, शयामू चौहान, टिंकू दीक्षित, रजत त्रिपाठी, नीरज यादव, बब्बा यादव, अंकुर दीक्षित, अजीत शुक्ला, टीटू अग्निहोत्री, दिलीप गुप्ता, आकाश मिश्रा, सनी अग्निहोत्री, अमित दुबे आदि मौजूद रहे।

पंतनगर में खेती की बारीकियां सीखने पहुंचे किसान

कन्नौज। जनपद से 100 किसानों का दल पंतनगर किसान मेला में पहुंच गया है। मेला में दो दिन रहकर किसान खेती की बारीकियां सीखेंगे। जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से शनिवार को बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि 50 किसान कन्नौज व 50 छिबरामऊ क्षेत्र से दो बसों से गए हैं। पंतनगर में दो दिन रहकर किसान तकनीकी जानकारी हासिल करेंगे। साथ ही विभिन्न फसलों के बीज भी खरीद सकेंगे।

अभद्र टिप्पणी से हिंदू संगठनों में पनपा आक्रोश

छिबरामऊ,कन्नौज। इस्लाम धर्म के पैगम्बर के खिलाफ धर्म गुरू यति नरसिंहानंद की अभद्र टिप्पणी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। दोनों ही समुदाय के लोग एक- दूसरे की टिप्पणी को लेकर आक्रोशित है। रविवार को संत को लेकर एक युवक की सोशल मीडिया पर टिप्पणी को लेकर हिन्दू संगठनों में आक्रोश भड़क गया।

सिकन्दरपुर के नेहरू नगर के रहने वाले एक विशेष समुदाय के युवक द्वारा संत के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को वायरल कर दिया। इस मोहल्ले के ही हिन्दू संगठन के युवाओं ने चौकी पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई को कहा।

सोती रही पुलिस, वन स्टॉप सेंटर से भाग गई किशोरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। पुलिसकर्मियों की ड्यूटी के बाद भी पीड़ित किशोरी सखी वन स्टॉप सेंटर से भाग गई। उसे जिला कचहरी में बयान कराने के लिए एक दिन पहले ही रोका गया था। जानकारी होने पर सीओ सदर मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी कैमरे खंगाले। उसमें किशोरी रोशनदान (जंगला) से बाहर जाती हुई दिखी है।

शहर के विनोद दीक्षित अस्पताल परिसर में चहारदीवारी से घिरा सखी वन स्टॉप सेंटर संचालित है। यहां पीड़ित किशोरी व महिलाओं को पांच दिन तक रोका जा सकता है। बताया गया है कि कुछ दिनों पहले सकरावा थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय लड़की किसी के साथ चली गई थी। पीड़ित परिजनों ने इसको लेकर थाने में केस दर्ज कराया था। उसके बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद किया। मामला दर्ज होने की वजह से चार अक्टूबर को पीड़िता को कन्नौज लाया गया। बताया गया है कि मेडिकल परीक्षण व बयान आदि की प्रक्रिया के चलते शाम हो गई और उसे वन स्टॉप सेंटर में ठहरा दिया गया। सोमवार यानि आज किशोरी के न्यायालय में बयान होने थे, उससे पहले ही वह फरार हो गई। सेंटर पर महिला पुलिस चौकी भी है जिसमें एसआई रंजना सिंह की ड्यूटी है। उनके साथ और भी महिला पुलिसकर्मी तैनात की गईं हैं। उसके बाद भी किशोरी का वहां से भाग जाना ड्यूटी में लापरवाही दर्शाता है। इससे पहले भी ऐसे मामले हो चुके हैं। तत्कालीन एसपी किरीट राठौड़ ने उस वक्त लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की थी। चर्चा है कि सभी पुलिसकर्मी ड्यूटी पर मुस्तैद नहीं थीं।

शहर स्थित वन स्टॉप सेंटर। अमृत विचार

> कोर्ट से अनुमति लेकर किशोरी को वन स्टॉप सेंटर में ठहराया गया था। सीसीटीवी कैमरे में देखने पर पाया गया कि किशोरी रोशनदान से निकलकर फरार हुई है। उसकी तलाश जारी है। ड्यूटी पर तैनाती महिला पुलिस कर्मियों पर लापरवाही के आरोप में कार्रवाई की जाएगी।
>
> **कमलेश कुमार, सीओ- कन्नौज सदर**

नवरात्र अगियारी लगा मां के चौथे स्वरूप का किया स्मरण, देवी मंडपों में हुई सामूहिक आरती, भजन-कीर्तन

भक्तों ने मां कूष्मांडा देवी का पूजन कर मांगी सुख-समृद्धि

संवाददाता छिबरामऊ/कन्नौज/सौरिख

- मंदिरों में चल रहे शतचंडी यज्ञ में लोगों ने आहुतियां दे मां का प्रसाद वितरित किया

अमृत विचारः नवरात्र के चौथे दिन भक्तों ने मां कूष्मांडा के नाम अगियारी लगाकर परिवार में सुख-समृद्धि देने की प्रार्थना की। सुबह से ही कन्नौज के सिद्ध पीठ फूलमती देवी, छिबरामऊ के मां कालिका देवी मन्दिर सहित नगर के सभी छोटे-बड़े मंदिरों में मां दुर्गा के चौथे स्वरूप का स्मरण किया। देवी मंडपों में सामूहिक आरती कर भजन-कीर्तन किया गया।

रविवार को व्रतधारी महिला, पुरूष व बच्चों ने कन्नौज के सिद्धपीठ फूलमती देवी, काली देवी, काली दुर्गा मंदिर, मौरारी देवी, सिंहवाहिनी देवी तो छिबरामऊ में मां कालिका देवी मंदिर पहुंचकर मां के मनोहारी श्रंगार के दर्शन किए। महिला व युवतियों ने मंदिर परिसर में सामूहिक आरती कर अगियारी लगाई। घरों में मां के स्थान पर कलश व नवग्रह का पूजन कर व्रत रख दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। मंदिरों में चल रहे शतचंडी यज्ञ में लोगों ने आहुतियां दे मां का प्रसाद वितरित किया। शाम को घरों में भजन-कीर्तन कर मां की महिमा का गुणगान किया गया। मां गमादेवी मंदिर में सुबह-शाम की सामूहिक आरती में लोगों ने भाग लेकर मां की आराधना की। मंदिरों व घरों में पूजा-अर्चना करने का सिलसिला सुबह से शुरू होकर देर शाम तक चलता रहा। कन्नौज के मकरंदनगर स्थित नवदुर्गा पंडाल में देर रात आरती में भक्तों का सैलाब उमड़ा।

सौरिख में मां दुर्गा सेवा समिति द्वारा कस्बा के बिधूना रोड पर स्थापित की गई माता रानी की प्रतिमा की शनिवार को रात आरती में शामिल होने पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमकार शाक्य ने माता रानी की आरती करते हुए पूजा अर्चना की है।इस दौरान कमेटी के लोगों ने उनका स्वागत किया।

मां कालका देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

मां दुर्गा की आराधना करते भक्त। अमृत विचार

संध्या आरती के लिए उमड़े श्रद्धालु

गुरसहायगंज, कन्नौज। नवरात्र को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। रविवार को नवरात्र के चौथे दिन भक्तों ने घर व मंदिरों में मां भगवती की चतुर्थ शक्ति मां कुष्मांडा की आरती वंदना कर आराधना की। जगह-जगह दुर्गा महोत्सव में भी आरती वंदना की। नगर के श्री राममंदिर, गंगेशवरनाथ मंदिर, सती माता मंदिर, प्राचीन मां काली मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, पशुपतिनाथ मंदिर व मढियन देवी में भक्तों की कतार लग रही है। नगर के गंगेशवरनाथ मंदिर में दुर्गा पूजा के लिए विशाल संध्या आरती का आयोजन किया जा रहा है। मोहल्ला गांधी नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में समिति के 13वें नवदुर्गा महोत्सव समें प्राचीन शिव मंदिर सेवा समिति के दिलीप, जितेन्द्र, प्रभात, रोहित, कमल, ओम, सत्यम, सुधांशु, सुमित, सिंकु आदि भक्तों के द्वारा आरती की जा रही है।

ऑटो की टक्कर से ट्रक के नीचे आए युवक की मौत

बंदर के कूदने से अनियंत्रित हुए ऑटो ने मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

घटना के बाद मौजूद पुलिस व लोगों की भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार। बंदर के कूदने से अनियंत्रित हुए ऑटो की टक्कर से युवक ट्रक की चपेट में आ गया। सिकंदरा सीएचसी से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया। जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जनपद जालौन के आटा थाना क्षेत्र के संदी गांव निवासी अरुण उर्फ राजा (35) अपनी रिश्तेदारी सिकंदरा क्षेत्र के जमौरा गांव आया था। जहां से वह रविवार की सुबह वापस घर जा रहा था। तभी सिकंदरा थाना क्षेत्र के संदलपुर रोड बिरहाना चौराहा पर पैदल जा रहा था। इसी दौरान आ रहे ऑटो पर अचानक बंदर कूद गया। जिससे ऑटो अनियंत्रित हो गया और अरुण को जोरदार टक्क्र मार दी। जिससे अरुण उछलकर सामने से गुजर रहे ट्रक के पहिये के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे सिकंदरा सीएचसी भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया गया। यहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने अरुण को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

संवाददाता रूरा

- बिल्हौर से घर लौटते समय शहबाजपुर के पास हादसा
- थाना प्रभारी ने कहा तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी

अमृत विचार। शहबाजपुर गांव के पास वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है।

अखिलेश।

रूरा थाना क्षेत्र के वंशी निवादा बनीपारा निवासी अखिलेश (22) बाइक से बिल्हौर बिल्हौर गया था। रविवार दोपहर बाद वापस आते समय रसूलाबाद बिल्हौर मार्ग पर शहबाजपुर गांव के निकट अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर सौरभ शाक्य ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर भाई अंशू, विक्रम समेत अन्य परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

दो पक्षों में विवाद का वीडियो वायरल

मंगलपुर। सबलपुर गांव में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद लाठी-डंडे निकल आए। जिसका वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालाकि वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। एक पक्ष की माया देवी ने मंगलपुर पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि के शनिवार की दोपहर वह अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी। तभी रंजिश के चलते मोहल्ले के ही चार लोग एक राह होकर हाथों में लाठी-डंडा लेकर दरवाजे आ गए और गालीगलौज करते हुए जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बचाने आई पुत्री खुशबू, अंजलि व पुत्रवधू सोनी के साथ भी मारपीट की। थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि तहरीर पर जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

लंका रामलीला में पूजन करते संयोजक व चेयरमैन अवधेश शुक्ला। अमृत विचार

चेयरमैन ने की रामलीला की शुरुआत

शिवली। क्षेत्र के साकेत धाम, लंका मैदान व बाघपुर में रामलीला महोत्सव की धूम है। रामलीला लंका समिति के 53 वें दशहरा मेला का शुभारंभ समिति के संयोजक व चेयरमैन शिवली अवधेश शुक्ला ने फीता काटकर व भगवान श्री राम-लक्ष्मण की आरती उतार कर किया। इस मौके पर ईओ मनीष कुमार, लिपिक राजेश कुमार, अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी उर्फ छइयन, पूर्व सभासद सुनील मिश्रा, राजकुमार तिवारी, नवीन तिवारी, विनय दुबे, शालू बाजपेयी, कुलदीप त्रिवेदी आदि मौजूद रहे। वहीं साकेत धाम रामलीला में कलाकारों ने मनोहारी लीला का मंचन किया। इस मौके पर अध्यक्ष अमित मिश्रा, अतुल दुबे, अवधेश मिश्रा, कुलदीप बाजपेई, रामजी मिश्रा, रामजी त्रिवेदी, पंकज गुप्ता, रामविलास सविता, पप्पू सविता, अनिल तिवारी पप्पू, दुर्गा शंकर मिश्रा, छोटे गुप्ता आदि मौजूद रहे।

लखनऊ में सम्मान ग्रहण करते शिक्षक कृष्ण बिहारी।

शिक्षक कृष्णबिहारी राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित

शिवली। शैक्षिक संवाद मंच उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को मैथा क्षेत्र के लालपुर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक कृष्ण बिहारी अग्निहोत्री को लखनऊ के होटल अंबर, नाका हिंडोला चारबाग में गिजूभाई बधेका राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रति वर्ष उन शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया जाता है, जो मंच के ध्येय विद्यालय बने आनंद घर के अनुरूप अपने विद्यालय को आनंद घर के रूप में बदलाव करने की दिशा में अग्रसर है। इस मौके पर संस्थापक प्रदीप दीक्षित मलय व संयोजक दुर्गेश्वर राय मौजूद रहे। वहीं मैथा ब्लाक के बीआरसी परिसर स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापिका मीनू पांडेय को भी पुरस्कार मिला है। इसे भी जोड़ दीजिएगा।

महामंत्री अनिल कुमार को मिठाई खिलाते व्यापारी।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महामंत्री बने अनिल

मूसानगर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल (कंचन गुट) की जिला कार्यकारिणी में नगर के व्यापारी अनिल कुमार गुप्ता को जिला महामंत्री मनोनीत होने पर स्थानीय व्यापारियों ने खुशी का इजहार किया। रविवार को जिला महामंत्री अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों का शोषण किसी भी प्रकार से नहीं होने दिया जाएगा। व्यापारी हितों के लिए वह सदैव तत्पर है। संगठन समूह से चलता है। वह किसी व्यक्ति विशेष, जाति, धर्म का नहीं होता है। व्यापारी भाइयों को इसी भाव के साथ संगठन का काम करना चाहिए। व्यापारियों ने जिला महामंत्री को फूल माला पहनकर स्वागत किया और एक दूसरे को मिठाई खिलाई और गले मिलकर बधाई दी। इस मौके पर विकास गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, ईश्वर नाथ मिश्रा, विष्णु गुप्ता, रजत, अभिषेक, प्रवीण मिश्रा, अश्वनी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

मलिकपुर प्राइमरी स्कूल परिसर में जलभराव का नहीं समाधान

शिवली। मैथा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय मलिकपुर परिसर में करीब छह दिनों से बरसाती पानी भरा हुआ है। जिससे पठन-पाठन भी बाधित है। प्रधानाध्यापक द्वारा अधिकारियों के सूचना देने के बाद भी जलभराव से निजात नहीं मिल सकी है। प्राथमिक विद्यालय मलिकपुर में गत दिनों पहले हुई बारिश का पानी निकासी के अभाव में भरा हुआ है। प्रधानाध्यापक संजय त्रिपाठी ने बताया कि छह दिनों पहले हुई बारिश से स्कूल में जलभराव हो गया है। कमरों में भी पानी भरा था। यहां पर 57 बच्चे पढ़ाई के लिए नामांकित है। हालाकि जलभराव के चलते कम ही बच्चे स्कूल आ रहे है। साथ ही स्कूल में रखी सामग्री भी खराब हो रही है। विभागीय व अन्य अधिकारियों को सूचना दी गई थी। बीडीओ महिमा विद्यार्थी गुरुवार को मौके पर पहुंची। लेखपाल सुजीत कुमार ने बताया कि तहसीलदार प्रिया सिंह भी मौके पर पहुंची। कुछ दूर पानी निकासी के लिए नाला भी खोदा गया। हालाकि ग्रामीणों के विरोध करने पर बंद कर दिया गया। प्रधानाध्यापक का कहना है कि पानी अभी भी स्कूल में भरा हुआ है।

स्कूल परिसर में भरे पानी के बीच स्कूल पहुंचे प्रधानाध्यापक। अमृत विचार

घर में फंदे पर लटका युवक, मौत

पुखरायां। कैलई गांव में युवक ने छत के कुंडे में दुपट्टे का फंदा डालकर फंदा लगा लिया। परिजन उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बरौर थाना क्षेत्र के कैलई गांव निवासी सावित्री ने बताया कि उनका पुत्र जीतू (35) घर में चक्की कारखाना चलाता था। शनिवार की शाम को पुत्र मंदिर गया था। जहां उसकी कुछ लोगों से कहासुनी हो गई थी। रविवार सुबह उसने घर के कमरे की छत के कुंडे में दुपट्टा डालकर फंदा लगा लिया। उसकी पत्नी रोशनी ने देखा तो चीख पड़ी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने जीतू को फंदे से उतारा और जिला अस्पताल अकबरपुर ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी पर मृतक की पत्नी रोशनी, मां सावित्री, पुत्री प्रांजल आदि का रो-रोकर बुरा हाल रहा। थाना प्रभारी कालीचरण कुशवाहा ने बताया कि जिला अस्पताल के मेमो पर एसआई सुरजीत कुमार ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जीतू।

एक नजर

महिला की गुमशुदगी दर्ज

रूरा। थाना क्षेत्र के मुड़ेरा विक्रम निवासी अमित कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी सुनीता शुक्रवार को बच्चों को दवा दिलाने की बात कहकर घर से निकली थी। देर शाम घर वापस न आने पर उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही है। जल्द ही उनका पता लगा लिया जाएगा।

सड़क किनारे मिला नवजात का शव

कानपुर देहात। रविवार शाम अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के रूरा रोड पर नरिहा गांव के किनारे सड़क किनारे भरे पानी में एक नवजात का शव मिला। मौके से निकल रहे लोगों ने यह देख कर इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे दरोगा देवनारायण द्विवेदी ने शव को पानी से बाहर निकलवाया और लोगों से पूछताछ कर छानबीन की। उन्होंने बताया कि संभावना है कि किसी ने लोक-लाज के भय से नवजात का शव को यहां पर छोड़ दिया है। फिलहाल पंचायत नामा की कार्रवाई की जा रही है।

किशोर का पीछा कर रहे युवकों को पीटा

संवाददाता मंगलपुर

घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। राजपुर से ऑटो सवार किशोर का पीछा करते आ रहे दो बाइक सवार युवकों के बच्चा चोर होने की आशंका पर बहेरा मोड़ के समीप ग्रामीणों ने पड़कर पिटाई कर दी और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूछताछ कर रही है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के भंदेमऊ गांव निवासी किशोर भोला (16) रविवार को जैनपुर मेला से अपने घर बहन की गोद भराई में शामिल होने के लिए ऑटो से आ रहा था। तभी राजपुर कस्बे से बाइक सवार दो युवकों ने उसका पीछा शुरू कर दिया। सिकंदरा से संदलपुर की तरफ जाते वक्त रास्ते में किशोर को धमका कर रुकने का इशारा किया। इसकी जानकारी किशोर ने ऑटो चालक को दी। चालक ने ऑटो की रफ्तार तेज कर मंगलपुर थाने की तरफ ले जाना लगा। इसपर बाइक सवारों ने चालक से गाली गलौज की। किशोर ने मामले की सूचना परिजनों को दी। जिसपर उसका बड़ा भाई गोलू सहित अन्य लोग बालाजी डिग्री कॉलेज के समीप पहुंचे और बाइक स्वरों को रोक कर पूछताछ करने की कोशिश, लेकिन बाइक सवार मंगलपुर की तरफ भागने लगे। इसी दौरान सामने से आ रही कार से बहेरा मोड़ के पास टकराकर गिर गए। मौजूद राहगीरों ने अपहरण व बच्चा चोर की अफवाह पर दोनों की जमकर पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लिया। जिसमें युवकों के नाम पिंटू व कुंदन निवासी आजाद नगर सिकंदरा बताया। मंगलपुर थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि दोनों युवकों से पूछताछ की जा रही है।

लोगों द्वारा पकडे.गए युवक।

- बच्चा चोर की आशंका पर पुलिस के हवाले किया

बनीपारा जिनई में सफाई न होने से बीमारियों का खतरा

संवाददाता रूरा

अमृत विचार। बनीपारा जिनई में सफाई न होने से गंदगी का अंबार है। जिससे ग्रामीणों में बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। ग्राम प्रधान ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर सफाई कराने की मांग की है।

ग्राम पंचायत बनीपारा जिनई निवासी विकास, भूरा नागर, अंकित पाल आदि ने बताया कि गांव में घनी आबादी के बीच पंचायत सचिवालय के आसपास कुछ ग्रामीणों ने गोबर व कूड़ा डालकर घूरे के ढ़ेर लगा रखे हैं। गीले गोबर से दलदल हुई जमीन में गंदगी व सड़ांध फैलती है। जिससे ग्रामीणों में संक्रामक बीमारियां फैलने को लेकर भय व्याप्त है। बरसात के मौसम में गंदगी सड़ रही है। ग्राम प्रधान चंद्रभान ने बताया कि उन्होंने ग्रामीणों के साथ एसडीएम डेरापुर को प्रार्थना देकर बताया है कि गांव की गाटा संख्या 378 जोकि खाद के गड्ढों में दर्ज जमीन है। उस पर गांव के दो लोग गोबर डाल रहे है। यह गाटा संख्या अब रिहायशी इलाके के बीच में है। गंदगी फेंके जाने के कारण बरसात के मौसम में संचारी बीमारियों का खतरा बना रहता है। ग्राम प्रधान ने गंदगी, गोबर आदि डालने के लिए गाटा संख्या 467 आरआरसी सेंटर के पास जगह देने की मांग की है। जिससे आबादी के बीच गंदगी फेंके जाने पर रोक लगाई जा सके।

घरों के आसपास लगे गोबर के ढेर।

- प्रधान व ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया

रामलीला महोत्सव में धनुष तोड़ते भगवान श्रीराम।

प्रभु राम व सीता की आरती करते भक्त। अमृत विचार

लक्ष्मण-परशुराम का संवाद सुनने के लिए सुबह तक डटे रहे दर्शक

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। कस्बा राजपुर की ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार की रात धनुष यज्ञ, रावण-वाणासुर संवाद, जनक विलाप व परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया। जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो गए।

रामलीला महोत्सव में प्रभु राम की भूमिका कुंवर राम जी उरई, भगवान लक्ष्मण की भूमिका अंकित शुक्ला व अर्पित मिश्रा, राजा जनक पवन हमीरपुर, रावण सुग्रीव कुमार शास्त्री, परशुराम बब्लू पंडित कानपुर, विश्वामित्र संतराम हमीरपुर व वाणासुर की भूमिका बृजनंदन श्रीवास्तव कानपुर ने निभाई। धनुष यज्ञ में रावण-वाणासुर संवाद, परशुराम-लक्ष्मण संवाद लीला के चुटकीले संवाद के चलते दर्शक डटे रहे। बीच-बीच में नृत्यकारों में बबली महोबा व कशिश बनारस ने भी अपने जलवे बिखेरे। वहीं हास्य कलाकारों में ज्ञानी पंडित ने दर्शकां को लोटपोट कर दिया। व्यासजी राम प्रकाश द्विवेदी कानपुर व तबला बादक सुरेश शिवनी हमीरपुर ने भी अहम भूमिका निभाई। रामलीला महोत्सव के अध्यक्ष अवध विश्नोई, चुन्नी विश्नोई, बाजा विश्नोई, जब्बार खां, योगेश पोरवाल, नवीन पोरवाल, ज्ञानदेव स्वर्णकार, लल्ला अवस्थी, दीपक मिश्रा, रामू कटियार, ऊर्वीदत्य उपाध्याय आदि रहे।

अग्रसेन जयंती महोत्सव पर कस्बे में निकाली गई बाइक-साइकिल रैली

संवाददाता पुखरायां

अमृत विचार। श्रीश्री 1008 महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत रविवार को कस्बे में अग्रवाल सभा की ओर से बाइक व साइकिल रैली निकली गई। वहीं मंडी समिति में बच्चों की साइकिल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत रविवार को सुबह पुखरायां सराफा बाजार स्थित अग्रवाल सभा भवन से बाइक व साइकिल रैली का शुभारंभ दिनेश गर्ग दिन्नु ने हरी झंडी दिखाकर किया, जो बर्तन बाजार, नेतराम गली, मेंन रोड, स्टेशन रोड तिराहा, मंडी मोड़ होते हुए वापस अग्रवाल सभा भवन में समाप्त हुई। रैली का रास्ते में कई जगहों पर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद मंडी समिति में हुई साइकिल दौड़ प्रतियोगिता में बालक- बालिकाओं ने भाग लिया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमंग अग्रवाल ने बताया कि कस्बे में चार दिवसीय श्रीश्री 1008 महाराजा अग्रसेन महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। रविवार को अंतिम दिन साइकिल दौड़ प्रतियोगिता के ग्रुप एक बालक में प्रथम पुरस्कार आयुष अग्रवाल, ग्रुप बी बालक में प्रथम पुरस्कार विहान अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार अर्णव अग्रवाल, ग्रुप बी बालिकाओं में प्रथम पुरस्कार पारवी गोयल व द्वितीय पुरस्कार आरना अग्रवाल, ग्रुप सी बालक में प्रथम पुरस्कार गर्वित अग्रवाल, ग्रुप सी बालिकाओं में प्रथम पुरस्कार आख्या अग्रवाल व द्वितीय पुरस्कार भूमि गोयल आदि को दिया गया। इस दौरान महामंत्री शुभम बंसल, कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल गोयल, सौरभ अग्रवाल, अभिषेक गोयल, शिवम गर्ग, आशीष गोयल, सत्यम गोयल, शिखर गोयल, पुलकित गोयल, चेतन अग्रवाल, सत्यम अग्रवाल, राघव अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

झंडी दिखाकर बाइक-साइकिल रैली रवाना करते सभा के संरक्षक दिनेश गर्ग।

- चार दिवसीय अग्रसेन महोत्सव का हुआ समापन

जानकारी

करीब ढाई सौ वर्ष पूर्व अंग्रेजी शासन काल में कर्नल को आया था स्वप्न

शुम्बहा माता के स्थान माईथान से मैथा पड़ा नाम

गीतेश अग्निहोत्री, शिवली

अमृत विचार। मैथा कस्बे के समीप शुम्बहा माता का प्राचीन प्रसिद्ध मंदिर है। देवी माता मंदिर के स्थान को माईथान व मातृस्थान कहा जाने लगा। जो कालांतर में मैथा हो गया।

मैथा के हथिका रोड पर टीले पर शुम्बहा माता मंदिर स्थित है। श्रद्धालुओं में मान्यता है कि यहां श्रद्धा से आकर पूजन-अर्चन करने वाले मनौतियां पूर्ण होती हैं। बुजुर्ग बताते हैं कि करीब ढाई सौ वर्ष पूर्व अंग्रेजी शासन काल में कर्नल के पद पर कार्यरत मुरली मनोहर अवस्थी ने डेरा डाला था। एक रात उन्हें स्वप्न दिखाई दिया। जिसमें देवी की मूर्ति कुएं में पड़ी होने का आभास हुआ।

दूसरे दिन बंजारों ने कुएं से शुम्बहा माता की मूर्ति बाहर निकाला। जिसके बाद प्राण प्रतिष्ठा कराकर भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया था। नवरात्र पर्व पर आसपास के जनपदों के भक्त माता के दर्शन करने के लिए आते हैं। नवरात्र पर मां का भव्य श्रृंगार किया जाता है। प्रतिवर्ष महाशतचंडी यज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा एवं विशाल जागरण का आयोजन किया जाता है। मन्नतें पूरी होने पर संकल्प के अनुसार भक्त चढ़ौती चढ़ाते हैं।

शुम्बहा माता। अमृत विचार

ऐसे पहुंचे शुम्बहा माता मंदिर

मैथा से हथिका मार्ग पर शुम्बहा माता मंदिर स्थित है। कानपुर से आने वाले श्रद्धालु बैरी सवाई तिराहे मैथा होकर, कन्नौज से आने वाले भक्त शिवराजपुर-शिवली होते हुए मंदिर पहुंचते हैं। ट्रेन से आने वाले मैथा रेलवे स्टेशन उतरने के बाद टेंपो-आटो व रिक्शा से मंदिर पहुंचते हैं।

बोले लोग



शुम्बहा देवी के स्थान को पूर्व में माईथान, मामृस्थान कहा जाता था। बाद में इसी नाम से कस्बे को मैथा का नाम मिला।

-अनूप शुक्ला महासचिव इतिहास संकलन समिति कानपुर

मां शुम्बहा का दूर-दूर से भक्त दर्शन करने आते हैं। सच्चे मन से मुराद मांगने पर माता जरूरी पूरी करती हैं।

-आशुतोष द्विवेदी मारग

नवरात्र में प्रतिवर्ष यहां महाशतचंडी यज्ञ एवं श्रीमदभागवत कथा का आयोजन होता है। जिसमे बड़ी संख्या में भक्त आते हैं।

-महेंद्र कुशवाहा मैथा

टीले पर स्थित मां शुम्बहा मंदिर में माता वैष्णों देवी सी श्रद्धा भक्तों में दिखती है। नवरात्र पर माता का भव्य श्रंगार किया जाता है।

-यश प्रताप सिंह गारब

मां-बेटी से मारपीट करने का आरोप

सिकंदरा। रविवार को अमराहट थाना क्षेत्र के घाटापारा निवासी विजयलक्ष्मी ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के ही दो लोग उसके खेत में खड़ी बाजरा की फसल ट्रैक्टर से जोत रहे थे। जानकारी पर वह मां राजकुमारी के साथ मौके पर गई और फसल जोतने से मना किया। जिसपर आरोपी गालीगलौज के साथ लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर आरोपी ट्रैक्टर छोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। अमराहट थाना प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

महिला से मारपीट करता आरोपी।

बैठक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड अहरौली घाट विकास खण्ड अमरौधा तहसील भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात के गठन किए जाने हेतु आवश्यक बैठक दिन सोमवार दिनांक 07/10/2024 समय 03 बजे दोपहर अहरौली घाट पंचायत भवन में सम्पन्न होगी। अतः न्याय पंचायत देवराहट के समस्त ग्राम पंचायत के व्यक्ति जो समिति के सदस्य बनना चाहते है तो बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

मुख्य प्रर्वतक- मानसिंह निषाद
ग्राम- देवराहट
भोगनीपुर, कानपुर देहात

बैठक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड देवराहट विकास खण्ड अमरौधा तहसील भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात के गठन किए जाने हेतु आवश्यक बैठक दिन सोमवार दिनांक 07/10/2024 समय 01 बजे दोपहर देवराहट पंचायत भवन में सम्पन्न होगी। अतः न्याय पंचायत देवराहट के समस्त ग्राम पंचायत के व्यक्ति जो समिति के सदस्य बनना चाहते है तो बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

मुख्य प्रर्वतक- संजय कुमार
ग्राम- देवराहट
भोगनीपुर, कानपुर देहात

एक नजर

खेत पर जाने को कहकर निकला किशोर लापता

जसवंतनगर, इटावा। ग्राम नगला इच्छा निवासी अनोज कुमार का 12 वर्षीय पुत्र रविवार की सुबह यह कहकर घर से अपने बाबा के पास खेत पर जाने की कहकर घर से निकला। मगर जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। उसकी खोजबीन की गई मगर उसका कहीं पता नहीं चला। प्रभारी निरीक्षक राम सहाय ने बताया बच्चे को खोजने के लिए टीमें लगा दी गई है।

बाइक की टक्कर से युवती गंभीर घायल

इटावा। चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत चौपला समथर मार्ग पर गांव केशोंपुर पुंजा गांव के पास में शौच क्रिया करने के लिए जा रही एक युवती को बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। रागिनी देवी पुत्री अजय पाल उम्र 21 वर्ष निवासी केशौपुर अपने घर से बंबा पर शौच क्रिया करने जा रही थी। बाइक की चपेट में आकर दुर्घटना का शिकार हो गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस लेकर पहुंचे चालक सुरेंद्र सिंह व ईएमटी आदित्य कुमार ने सीएससी सरसईनावर पहुंचाया। जहां से गंभीर हालत होने पर सैफई मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

पैतृक गांव पहुंचे डॉक्टर का किया स्वागत

इटावा। सीएचसी उदी पर मेडीकल ऑफीसर के पद के लिए इंटर्नशिप कर रहे डाक्टर का अपने पैतृक गांव पहुंचने पर स्वागत किया गया।एमबीबीएस करने के बाद डा कृष्ण प्रकाश उदी सीएचसी पर मेडीकल ऑफीसर के लिए इंटर्नशिप कर रहे है। उनकी ड्यूटी उनके पैतृक गांव भोगीपुरा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लगाई गई। वहां पहुंचने पर लोगों ने उनका फूल मालाएं पहना कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा करने के लिए ही उन्होंने मेडीकल के क्षेत्र को चुना है। स्वागत करने वालों में राम कुमार त्रिपाठी, आयुष त्रिपाठी, सेवा राम चौधरी, बॉबी मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि, हरी कृष्ण दीक्षित प्रधान विजयपुरा, लल्ले तिवारी के अलावा अन्य लोग शामिल थे।

युवती का अश्लील फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

इटावा। भरथना थाना पुलिस ने फर्जी एकांउट बनाकर सोशल मीडिया पर अश्लील फोटा वायरल करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि 24 जून 2024 को भरथना क्षेत्रान्तर्गत निवासी ने पुलिस कार्यालय पर उपस्थित होकर एसएसपी से शिकायत की कि उसकी बहन उम्र करीब 20 वर्ष के नाम से किसी व्यक्ति द्वारा फर्जी इन्स्टाग्राम एकाउण्ट बनाकर उसके चेहरे का फोटो लेकर अश्लील फोटो पर लगाकर वायरल की है। इस पर मामला दर्ज कर लिया। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना भरथना पुलिस को निर्देश दिये गये। थाना भरथना पुलिस टीम ने विवेक शाक्य निवासी टाकीज वाली गली बेबर को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

माताराानी के भक्तों ने छका भंडारे का प्रसाद

इटावा। नवरात्र के अवसर पर भिंड रोड स्थित प्रसिद्ध कालीवाहन मंदिर पर भक्त माता रानी के दर्शन करने के लिए पहुच रहे है। रविवार को माता रानी के एक भक्त ने भंडारे का वितरण किया। जहां लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आवास विकास निवासी अथर्व यादव व पूर्व रिटायर्ड पुलिस अधिकारी राम नाथ सिंह यादव ने रविवार को भंडारे का आयोजन किया। उन्होने काली वाहन मंदिर पर जाकर भंडारे का वितरण किया। वहां पहुचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर तमाम लोग मौजूद रहे।

हादसों का रविवार: टैंकर चालक-हेल्पर समेत 4 की जान गई

विभिन्न स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटना में दंपति समेत तीन घायल, पूर्व में हुए हादसे में दो घायलों की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। रविवार का दिन जनपद के लिए सड़क हादसों का रहा। विभिन्न क्षेत्रों में हुई मार्ग दुर्घटनाओं में एक टैंकर-हेल्पर ड्राइवर समेत 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं दंपति समेत पांच लोग गंभीर घायल होने से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किए गए हैं। इसके अलावा पिछले दिनों हुए सड़क हादसे में घायल दो लोगों की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

डंपर आमने-सामने टकराए, ड्राइवर व हेल्पर की मौत

बसरेहर, इटावा। ग्वालियर बरेली हाईवे पर शनिवार की रात को आमने सामने से आ रहे डंपर टकरा गए। जिसमें एक डंपर के केबिन में फंसे ड्राइवर–हेल्पर की मौत हो गई। दूसरा डंपर रोड किनारे खड्ड में जा गिरा जिसके ड्राइवर हेल्पर अंधेरे में फरार हो गए। थाना चौबिया क्षेत्र में उपरोक्त हाईवे पर पशु मेला बाजार और पेट्रोल पंप बरालोकपुर के बीच शनिवार रात ढ़ाई बजे यह दर्दनाक हादसा हुआ। बेवर की तरफ से आ रहे डंपर का केबिन टक्कर लगने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें ड्राइवर हेल्पर फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इटावा की तरफ से आ रहा डंपर टक्कर मारकर रोड किनारे खड्ड में जा गिरा। जिसके ड्राइवर और हेल्पर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। टक्कर इतनी जोर से हुई की रात का सन्नाटा टूट गया आसपास के लोग हड़बड़ाकर नींद से जागकर बाहर निकल आए। धमाके की आवाज सुनकर क्षेत्र में गश्त कर रहे चौबिया थाना प्रभारी बेचन कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर आ गए। डंपर के क्षतिग्रस्त केबिन में फंसे घायल ड्राइवर हेल्पर को बाहर निकालकर एंबुलेंस के माध्यम से सैफई मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर भिजवाया। घायल ड्राइवर मध्यप्रदेश में जिला भिंड क्षेत्र में गांव गिजौरा सिमार में रहने वाले रामौतार के 32 वर्षीय बेटे कृष्णाकांत एवं हेल्पर इसी गांव के राजेश के बेटे लवकुश थोड़ी देर के इलाज के दौरान दम तोड़ दी। दोनों मौत की सूचना पर उनके गांव मातम छा गया, परिजनों को बुलाकर पुलिस दोनों शवों के पोस्टमार्टम कराने में जुटी। परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल था।

बाइक की टक्कर से युवक की जिंदगी खत्म

भरथना,इटावा। ग्राम लालपुरा व नगला सुर्खियां मोड़ पर एक बाइक के दूसरी बाइक में कट मारने से हुई दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। दुर्घटना के संबंध में मनोज नाथ ने बताया कि रविवार की शाम वह अपने बड़े भाई रोहतास नाथ की भरथना कस्बा से दवा दिलाकर बाइक से घर लौट रहा था। इसी बीच गांव के शराबी नामजदों ने उसकी बाइक में कट मार दिया जिससे वह मय बाइक के सड़क पर गिर गए। बीमार बड़े भाई रोहतास नाथ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वह जख्मी हो गया। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले नामजद बाइक सवार शराबियों की तलाश शुरू करदी है।

घायल दो लोगों की इलाज के दौरान मौत

औरैया जिले के अछल्दा थाना क्षेत्र के गांव एलची नगर निवासी धीरज पुत्र रोशन लाल चार दिन पहले अपनी बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। बिठौली थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके अलावा बकेवर थाना क्षेत्र के गांव आमहार निवासी कृष्ण मोहन 32 वर्ष पुत्र लज्जा राम भी सड़क हादसे में घायल हो गए थे। उन्हें भी उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

नींद का झोंका आने से डंपर पलटा, चालक व हेल्पर घायल

बकेवर, इटावा। सिक्सलेन हाईवे पर इटावा की तरफ से जालौन मौरंग भरने जा रहा एक डम्पर अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। सूचना पर तत्काल पहुंची हाईवे मोबाइल पर तैनात सिपाही विभोर अवस्थी ने घायलों को डंपर से बाहर निकालकर उन्हे उपचार हेतु एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां उनका उपचार चल रहा है। हाईवे पर पड़े क्षतिग्रस्त डम्पर को हाईवे से हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारू रुप से चालू करवायी। बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिक्सलेन हाईवे इटावा कानपुर मार्ग पर बीती रात्रि एक डंपर फिरोजाबाद से जालौन में मौरंग भरने के लिए जा रहा था। हाईवे पर चालक को अचानक नींद आने से डंपर अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। घटना की सूचना थाना बकेवर पुलिस को मिलने पर हाईवे मोबाइल मौके पर पहुंची। डंपर में फंसे चालक व परिचालक को बाहर निकाल घटना निकाला। दोनों घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। चालक अवधेश कुमार निवासी फिरोजाबाद ने बताया कि फिरोजाबाद से जालौन जा रहा था अचानक नींद आने से उक्त डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें परिचालक किशन कुमार निवासी फिरोजाबाद भी गम्भीर रुप से घायल हो गया।

वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, पिता की मौत, पुत्र घायल

इटावा। इटावा भरथना रोड पर गांव बंधारा के पास बाइक से जा रहे पिता पुत्र को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर जा गिरे। इस हादसे में पिता की मौके पर ही मौत हो गई। पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव ताखा निवासी वसीम खां 73 वर्ष पुत्र इब्राहीम खां अपने पुत्र तस्लीम के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। शनिवार की देर शाम जब उनकी बाइक भरथना रोड पर गांव बंधारा के पास पहुंची तभी किसी वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार पिता पुत्र सड़क पर जा गिरे। जिससे उनको गंभीर चोटें आई। हादसे की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों अस्पताल भिजवाया। जहां डाक्टरों ने वसीम को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत में तस्लीम को उपचार के लिए भर्ती कर लिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से दंपति घायल

जसवंतनगर, इटावा। शनिवार देर रात गोबेपुरा गांव के 42 वर्षीय सुभाष सिंह पत्नी पप्पी देवी के साथ बकेवर थाना क्षेत्र में गांव सरैया से दावत खाकर लौट रहे थे। रास्ते में थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर बिजली फीडर के पास अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। यह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर एंबुलेंस पायलट मुकेश कुमार ईएमटी अनूप सिंह ने सीएचसी पर भर्ती कराया। सुभाष सिंह की हालत गंभीर होने पर सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मैकेनिक की मौत

महेवा, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बिजली मेकेनिक युवक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने मौके पर आकर आक्रोश व्यक्त किया। पुलिस ने संभ्रांत लोगों के सहयोग से कड़ी कार्यवाही का आश्वासन देकर मामला शांत किया। थाना बकेवर क्षेत्र में उक्त हाईवे पर महेवा कस्बा के पास गांव बहेड़ा ओवरब्रिज के पास शाह पंप के निकट हादसा हुआ, इसी कस्बा में रहने वाले केवल प्रसाद का 38 वर्षीय बेटा राजीव दोहरे बिजली मेकेनिक रविवार अपराह्न दो बजे अपनी बाइक में बहेड़ा ओवरब्रिज के पास पंप से पेट्रोल लेने जा रहा था तभी ट्रक ड्राइवर सीधी टक्कर मारकर ट्रक सहित फरार हो गया। बाइक सवार की सड़क पर गिरने से मौके पर ही मौत हो गई, बाइक सवार महेवा का होने से राहगीरों ने तत्काल पहचान करके जानकारी दी जिससे परिजन रोते बिलखते हुए मौके पर आकर आक्रोश व्यक्त करने लगे। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी जगदीश भाटी फोर्स के साथ आ गए जो पोस्टमार्टम की कार्यवाही करने लगे लेकिन परिजन कार्यवाही न करने देने पर अड़ गए। थाना प्रभारी तथा कस्बा के लोगों के समझाने पर परिजन पोस्टमार्टम के लिए

जसवंतनगर क्लब की हुई शानदार जीत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

विजेता खिलाड़ियों के साथ समाजसेवी रामशरण गुप्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। जिला कबड्डी एसोसिएशन इटावा के तत्वावधान में जनपद स्तरीय जूनियर बालक बालिका वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फूले स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। बालक वर्ग में 6 और बालिका वर्ग में 4 टीमों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में मैक्स स्पोर्ट्स एकेडमी बिरारी ने धर्मपुरा क्लब को 42-25 के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। इसके बाद इटावा क्लब व जसवंतनगर क्लब के मध्य हुआ। जिसमें 35-22 से जसवंतनगर ने जीत हासिल की। फाइनल मुकाबले में जसवंतनगर क्लब ने मैक्स क्लब को 38 -26 के अंतर से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। बालिका वर्ग फाइनल मुकाबले में जसवंतनगर ने मैक्स क्लब को 17-16 के कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की। कार्यक्रम का उद्घाटन कबड्डी एशोसिएशन के अध्यक्ष फुरकान अहमद, चेयरमैन विपिन चौबे, संरक्षक अनिल चौधरी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि समाजसेवी रामशरण गुप्ता ने पुरस्कार वितरण कर किया।प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अमित यादव, वेदप्रकाश व रवि ने निभाई। कार्यक्रम में सचिव अजयपाल सिंह यादव ने सभी पदाधिकारियों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर गौरव पाठक, राजीव सक्सेना, धीरज पाठक, वीरेन्द्र सिंह, सत्यनारायण, नन्दू मिश्रा, इंद्रजीत सिंह, अर्चना चौधरी, ब्रजेश पाल, रवि, राजेश जादौन, देवेंद्र कुमार, लालू यादव एवं धर्मेन्द्र उपस्थित रहे।

काटे गए कनेक्शन जोड़ने में बिजली कर्मी बर्खास्त

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- मेगा अभियान में चोरी करते पकड़े गए 45 उपभोक्ता

अमृत विचार। बिजली विभाग की ओर से चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत बिजली चोरी में काटे गए कनेक्शन को अधिकारियों की अनुमति के बिना अवैध तरीके से जोड़ने पर एक कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। विभाग की ओर से मेगा अभियान चलाया गया था, इस दौरान बिजली चोरी करते हुए मिले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए थे। इनमें से बिना अधिकारियों की अनुमति के कटे हुए कनेक्शन को अवैध रूप से जोड़ने का कार्य अकुशल संविदा कर्मी संजू द्वारा किया जा रहा था। इस पर संजू को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

अधिशाषी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा ने बताया है कि उपखंड अधिकारी द्वितीय और अवर अभियंता को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे संजू को कार्य मुक्त करके इसकी सूचना थाने में दें। संजू बिजली संबंधी कोई कार्य न करें। मुख्य अभियंता संजय गुप्ता के निर्देशन में शहरी क्षेत्र में तीन टीमों ने विजिलेंस तथा लोकल पुलिस के सहयोग से चेकिंग अभियान चलाया। अभियान मोहल्ला शाह कमर, साबित गंज तथा नौरंगाबाद में चलाया गया इसमें 45 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। इनमें से 38 उपभोक्ता केवल बाईपास करके चोरी कर रहे थे। दो उपभोक्ता अनियमितताएं बरत रहे थे और पांच उपभोक्ता ऐसे थे जो बिना कनेक्शन बिजली जला रहे थे।

सार-संक्षेप

जिम मसल्स फैक्ट्री के उदघाटन करती विधायक सदर सरिता भदौरिया ।

अपने स्वास्थ्य के प्रति युवाओं का सचेत होना बेहतर

इटावा। शारीरिक व मानसिक सेहत के साथ युवा पीढ़ी सामाजिक जिम्मेदारी को भी बखूबी समझे। मसल्स फैक्ट्री के उद्घाटन कार्यक्रम में सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि युवाओं को इस समय जिम कल्चर खूब भा रहा हैं। पहले लोगों में अखाडा और दंगल का शौक रखते थे अब वह जिम की ओर रुख कर रहे हैं। यह अच्छा भी हैं कि युवा खुद के स्वास्थ्य के प्रति सचेत हैं। उसके लिए मेहनत भी कर रहे हैं। संचालक गौरव त्रिपाठी ने बताया कि कार्डियो, वेट मशीन, ट्रेड मिल, वेट ट्रेनिंग, जुम्बा क्लास, चेंजिग रुम, लॉकर जैसी बेहतर सुविधा उपलब्ध है। प्रीमियम पैकेज के साथ पर्सनल ट्रेनिंग की भी सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर ईओ विनय मणि त्रिपाठी, इं. हरिकिशोर तिवारी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल, मंडी सचिव अनिल कुमार, प्रदीप त्रिपाठी, सुनील शर्मा, रियाज एहमद, जैसी राम, चतुर सिंह, मंडी सचिव जसवंतनगर रवि प्रताप सिंह, पृथ्वी मिश्रा, शिवम सिंह, विनोद तिवारी, श्याम चौधरी, राजकीय ठेकेदार सुनील तिवारी, अशोक शर्मा, धर्मेंद्र मिश्रा, ब्रह्माण्ड सभा के अध्यक्ष बंटी बाजपेई, दीपक दुबे (बब्बन), डा आशीष दीक्षित, व्यापार मंडल के अध्यक्ष आलोक दीक्षित, निशांत चौधरी, चंदन पोरवाल, विकास भदौरिया, महिला किसान सभा की अध्यक्ष सुशीला राजावत एवं वर्षा दुबे,शहर के सम्मानित व्यापारी विशाल गुप्ता, पिंकी अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, श्याम वर्मा, राम वर्मा, सुमन दुबे, किरन त्रिपाठी, सौरभ तिवारी आदि मौजूद रहे।

गरीब व किसानों की लड़ाई को एकजुटता का लिया संकल्प

इटावा। जीजी कान्वेंट पब्लिक स्कूल में बाबा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत का 89 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के वरिष्ठ नेताओं ने कमजोर और गरीब किसानों की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह, प्रदेश सलाहकार चौधरी सुरेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष चौधरी मन्नू सिंह, युवा जिला अध्यक्ष केपी सिंह, महासचिव श्री कृष्णा यादव, सतराम यादव उपस्थित रहे। भाकियू ने कमजोर और गरीब किसानों की लड़ाई लड़ने के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वे किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए धरना प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में सैकड़ों किसान उपस्थित थे। उन्होंने बाबा टिकैत के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

श्यामल सेवा समिति ने सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित

इटावा। स्वछता सेवा पखवाड़ा के मौके पर श्यामल सेवा समिति ने सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान समिति की अध्यक्ष श्यामला पांडे ने कहा कि हर मुहल्ले में सफाईकर्मी न सिर्फ पूरी मेहनत से साफ–सफाई कर शहर को साफ और सुन्दर बनाने में मदद करते हैं बल्कि उनके कारण हम सभी को एक स्वच्छता पूर्ण माहौल भी मिलता हैं। उन्होंने शॉल, माला पहनाकर सभी कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित किया। इस मौके पर विनय कुमार पांडे, अंजू दुबे, स्नेहा पांडे, प्रीति शर्मा, प्रतिभा ने भी सफाई कर्मचारी को सम्मानित किया।

नगरिया धारा में बौद्ध विहार का होगा निर्माण

ऊसराहार,इटावा। तहसील ताखा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुर्चा टाडेहार के मजरा नगरिया धारा में रविवार को भूमि पूजन के साथ बौद्ध विहार का निर्माण कार्य शुरू हो गया। बौद्ध विहार के निर्माण के लिए क्षेत्र के पूर्व प्रधान संत कुमार शाक्य ने अपनी निजी भूमि ट्रस्ट के नाम दान की है। ट्रस्टी पूर्व प्रधान संत कुमार शाक्य ने प्रदेश के संकिसा स्थित बौद्ध विहार से भंते शिलानंद और अमरदीप को आमंत्रित कर उन्हीं की मौजूदगी में विधिविधान से भूमि पूजन कराया। यहां शिक्षण संस्थान और धर्मार्थ सेंटर का निर्माण कराया जाएगा।

अरोग्य स्वास्थ्य मेला में 29 मरीजों ने कराई जांच

संवाददाता भरथना,इटावा

अमृत विचार। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाहरपुर में भरथना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा अमित दीक्षित की देखरेख में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। चिकित्सकों की टीम ने पजीकृत 29 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें उचित सलाह देकर पूरा इलाज उपलब्ध कराया।

डा जितेंद्र बाजपेई ने बताया अरोग्य स्वास्थ्य मेला में चिकनगुनिया रोग से पीड़ित एक भी मरीज नही पहुंचा। मेला में वायरल बुखार और जुकाम खांसी और खुजली रोग से पीड़ित करीब ढाई दर्जन मरीज स्वास्थ्य की जांच कराने पहुंचे। मरीज मानिक चन्द 50 वर्ष निवासी ग्राम कटहरा,मोहित 18 वर्ष निवासी ग्राम नगला मुलू मल्होसी साम्हों, शिवकुमार 20 वर्ष निवासी ग्राम सरैया भरथना, नैतिक 9 वर्ष निवासी ग्राम ढकपुरा बाहरपुरा आदि मरीजों ने बताया कि भाजपा सरकार की योजना आम लोगों के लिए काफी लाभप्रद है।

बंदी के दिन भी गरीब मरीज अपना सरकारी अस्पताल में निशुल्क इलाज करा सकते हैं। फर्मासिस्ट धीरज कुमार ने स्वास्थ्य मेला में मरीजों को भरपूर सहयोग प्रदान किया।

मिट्टी की जांच से किसानों को होगा फायदा

संवाददाता इकदिल, इटावा

प्रयोगशाला की शुरुआत पर पूजन करते मुनीष तिवारी। अमृत विचार

अमृत विचार। क्षेत्र के गांव नगला भग्गी स्थित श्री एचकेएसडी इंटर कालेज में अभिकल्पना डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन की ओर से किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन विधि विधान के साथ हुआ। प्रयोगशाला में किसानों की मिट्टी का परीक्षण किया जाएगा।

संस्था के संस्थापक मुनीष तिवारी ने बताया कि फसलों की अधिक पैदावार लेने के लिए उर्वरकों का संतुलित मात्रा में प्रयोग आवश्यक है। मिट्टी की जांच से ही पता चलता है कि मिट्टी को कौन से पोषक तत्वों की जरूरत है।

संतुलित मात्रा मे पोषक तत्वों को डालने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति में बढ़ोत्तरी होती है। इस कारण से किसानों को अपने खेत की मिट्टी का परीक्षण कराना जरूरी है।

प्रयोगशाला में किसान सुबह आठ बजे से तीन बजे तक मिट्टी के नमूने जमा कर सकते है। जांच के बाद उसी दिन इसकी रिपोर्ट भी उन्हें उपलब्ध करा दी जाएगी।

इस मौके पर राघवेंद्र तिवारी,राम कुमार त्रिपाठी प्रेम नारायण तिवारी, उमा पांडे, अमित उपाध्याय,सुनील गुप्ता, फैजल ओम प्रकाश शाक्य के अलावा क्षेत्र के तमाम किसान मौजूद रहे।

आयोजन

5 राउंड में वन्यजीवों के सम्बन्ध में लिखित एवं फोटो आधारित प्रश्न किए गए

सफारी में नेचर क्विज में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

इटावा लॉयन सफारी का गेट भी आकर्षण का केन्द्र बना। अमृत विचार

अमृत विचार। सफारी पार्क में वन्य प्राणि सप्ताह के छटवें दिन नेचर क्विज का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूलों के 48 छात्र, छात्राओं ने प्रतिभाग किया। क्विज प्रतियोगिता के प्रारम्भिक राउण्ड में 24 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें विजेता 6 टीमों को दूसरे राउंड के लिए चयनित किया गया। चयनित टीमों के मध्य 5 राउंड में वन्यजीवों के सम्बन्ध में लिखित एवं फोटो आधारित प्रश्न किए गए। टीमों के मध्य काफी कड़ा मुकाबला रहा।

इस मौके पर सफारी पार्क के उप निदेशक डा विनय कुमार सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेष श्रीवास्तव, बॉयोलाजिस्ट बीएन सिंह, वन्यजीव चिकित्सा विषेशज्ञ आरके सिंह, शशांक पटेल, अशोक शाक्य उपस्थित रहे।

इसके साथ ही पं दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान, मथुरा के 70 छात्र-छात्राओं को सफारी पार्क का अध्ययन भ्रमण कराया गया। जिसमें उनका खासा उत्साह दिखा।

जिसमें उनके द्वारा सफारी पार्क के पशु चिकित्सालय की समस्त व्यवस्थाओं को देखा गया। इसी तरह अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाई स्कूल के छात्र छात्राओं का एक दिवसीय टूर इटावा सफारी पार्क पहुंचा। स्कूल के प्रधानाचार्य शाहनवाज अतहर ने इन्हे रवाना किया। सोमवार को सफारी में फैंसी ड्रेस शो होगा।

बब्बर शेर शिंबा-सुल्तान का मना जन्मदिन

इटावा। 2016 में इटावा सफारी पार्क में जन्में प्रथम बब्बर शेर शिम्बा और सुल्तान का जन्मदिन मनाया गया। कीपर्स व सफारी स्टाफ ने इन दोनो बब्बर शेरों का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। यह दोनों बब्बर शेर आज आठ वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है। यह दोनो इटावा सफारी पार्क में जन्म लेने वाले पहले शेर हैं।

कचौरा घाट यमुना पुल से किशोर ने लगाई छलांग

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- पुलिस ने घंटों कराई खोजबीन, पता नहीं चला

अमृत विचार। रविवार की दोपहर में दो जिले बॉर्डर पर स्थित कचौरा घाट यमुना नदी पुल से एक 15 वर्षीय किशोर ने पुल पर पहुंच कर अचानक नदी में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।

बताते चलें कि यमुना नदी में कूदे किशोर कौन व कहां का रहने वाला है, अभी इसके बारे में पता नही चल सका। प्रत्यक्षदर्शी के बताए अनुसार पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन अब तक उसका पता नहीं चल सका है। यमुना नदी पर बताए गए घटनास्थल पर दो जिलों के बॉर्डर पर बलरई व चित्राहाट थानों के सीमा के मध्य पड़ता है, जिससे थाना बलरई और चित्राहट दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंची हुई है। इस बारे में बलरई थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया है कि घटना बलरई थाना क्षेत्र में नहीं घटी फिर भी लापता किशोर की हमारी पुलिस भी खोजबीन करने में जुटी है। चित्रहाट थाना प्रभारी रुद्र प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि 5 घंटे से खोजबीन कर रहे हैं। वहाँ मौजूद प्रत्यक्ष दर्शी ने बताया है कि यमुना नदी में कूदने वाला किशोर इटावा जिले की तरफ स्थिति गांव कीरत पुर की तरफ से पैदल आया था और तेज बहाव वाले स्थान पर यमुना नदी में कूद गया है। आगरा जिले के गांव करनपुरा थाना खेड़ा राठौर के रहने वाले रिंकू यादव ने बताया कि यमुना नदी में कूदने वाला नाबालिग किशोर है।

कार्यालय नगर पंचायत
इकदिल (इटावा)

नोटिस

अन्तर्गत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्री कृष्ण पुत्र श्री स्व0 लल्लू उर्फ लाला राम, निवासी–ग्राम महाराजपुर, तहसील–इटावा जनपद इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ हलफनामा/ उपजिलाधिकारी के द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में नाम **लल्लू उर्फ लाला राम पुत्र टीकाराम निवासी–ग्राम महाराजपुर इकदिल तहसील इटावा जनपद इटावा** मृत्यु दिनाँक– 08/11/2002 प्रस्तुत किया गया है। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

कार्यालय नगर पंचायत
इकदिल (इटावा)

नोटिस

अन्तर्गत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्री शास्वत बाजपेई पुत्र श्री सुनील बाजपेई निवासी– मो0 सड़क बाजार तहसील इटावा जनपद इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ हलफनामा/ उपजिलाधिकारी के द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में नाम **राम नाथ पुत्र बद्री प्रसाद निवासी– मो0 सड़क बाजार तहसील इटावा जनपद इटावा** मृत्यु **दिनाँक– 29/5/1982** प्रस्तुत किया गया है। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

अमृत विचार
www.amritvichar.com

दुष्कर्म के आरोपी की पुलिस से हुई मुठभेड़

4 अक्टूबर को 6 साल की बच्ची से किया था दुष्कर्म, आरोपी के पैर में लगी गोली, अस्पताल में हुआ भर्ती

कार्यालय संवाददाता, औरैया

मुठभेड़ स्थल पर जांच-पड़ताल करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

घायल अभियुक्त से पूछताछ करते एसपी अभिजीत आर शंकर।

अमृत विचार। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 6 साल की बच्ची के साथ बीते 4 अक्टूबर को एक युवक ने दुष्कर्म किया था। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिये सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही थी और आरोपी को पकड़ने के लिये एसपी ने 3 टीमों का गठन किया था।

रविवार सुबह करीब पांच बजे करमपुर मूढ़ी गांव के मोड़ पर चेकिंग के दौरान एसओजी और कोतवाली पुलिस की आरोपी से मुठभेड़ हो गई, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके पर एसपी अभिषेक आर शंकर भी पहुंचे और घटनस्थल का मौका मुआयना करने के बाद अस्पताल पहुंचकर आरोपी से पूछताछ भी की। वहीं एसपी ने बताया कि तमाम सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद

- **पुलिस ने सीसीटीवी की फुटेज खंगाल कर की पहचान**
- **आरोपी को पकड़ने के लिये गठित की थीं 3 टीमें**

आरोपी की पहचान कर ली गई थी तभी से पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई थी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की 6 साल की बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। तभी एक युवक उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। बच्ची की मां ने बताया कि जब एक युवक उसे घर छोड़ने आया तो उसकी पुत्री के रक्तश्राव हो रहा था। इस पर उसने आस-पास के लोगों को जानकारी दी और कोतवाली पुलिस को भी सूचना दी। पुलिसे ने पीड़िता का उपचार कराने के लिये उसे उस्पताल में भर्ती कराया। एसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें गठित की थी। रविवार सुबह आरोपी से एसओजी टीम व कोतवाली टीम से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। जिससे एक गोली आरोपी के पैर में लगी, जिसे पुलिस ने जिला अस्पताल भर्ती कराया है।

मौके पर पहुंचे एसपी अभिषेक आर शंकर ने बताया की कई सीसीटीवी फुटेज चेक करके आरोपी की शिनाख्त कर ली गई थी। रविवार की सुबह आरोपी झाड़ियों में छुपाए कपड़े व तमंचा लेने आया था उसी समय पुलिस ने घेर लिया ओर उसको सरेंडर करने को कहा लेकिन आरोपी युवक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। बचाव में पुलिस ने भी फायरिंग की जिससे आरोपी के पैर में लगी उसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

आरोपी ने अपना नाम मुंटन कुमार पुत्र कमलेश्वर निवासी बिहार बताया है। वहीं पुलिस का कहना है कि उपचार के बाद आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

रोड पर खड़े भारी वाहनों से रहता है हादसों का अंदेशा

फफूंद,औरैया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश हैं कि सड़क के किनारे वाहनों को खड़ा न होने दिया जाए। इस आदेश का असर कस्बा तो दूर पूरे जनपद में नहीं दिख रहा है। हाईवे हो या कस्बा सभी जगह सड़क के किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों को देखा जा सकता है। ये वाहन आए दिन सड़क हादसे का कारण भी बनते हैं। वहीं फफूंद कस्बे के दिबियापुर रोड जो सबसे व्यस्तम रोड माना जाता है। दुकानदार रोड पर गिट्टी, मौरंग , सीमेंट का कारोबार कर रहे हैं, जिससे ट्रक व ट्रैक्टरों से एक लाइन रोड घेरे रहते हैं, जब कि दो लाइन रोड है। यही भारी वाहनों से हमेशा हादसों की आशंका बनी रहती है।

सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहन।

घायलों को एसपी ने एस्कॉर्ट की गाड़ी से भेजा अस्पताल

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- **टक्कर मारने वाला अज्ञात वाहन चालक गाड़ी लेकर हुआ फरार**

अमृत विचार। दिबियापुर औरैया मार्ग पर नहर पुल के आगे बाइक सवार को कोई तेज रफ्तार अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। बाइक सवार दोनों घायल सड़क पर गिरकर तड़प रहे थे। लोगों की भीड़ लग गई लेकिन एंबुलेंस नही आई थी। उसी समय एसपी अभिषेक आर शंकर वहां से गुजरे तो घायलों को तड़पता देख अपनी एस्कॉर्ट की गाड़ी से जिला अस्पताल भिजवाया।

औरैया मूढी पन्हर निवासी सुरेंद्र अपने रिश्तेदार रमेश के साथ औरैया से दिबियापुर की तरफ़ जा रहे थे। दिबियापुर रोड स्थित नहर के पुल के पास पहुंचते ही हादसा हो गया। कोई तेज रफ्तार कार बाइक में टक्कर मारकर फरार हो गई। टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर लोगों को भीड़ लग गई । कुछ लोगों ने एंबुलेंस को फोन किया लेकिन एंबुलेंस सही समय पर नहीं पहुंच सकी। उसी समय वही से निकल रहे औरैया पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने घायलों को तड़पता देखा तो उन्होंने तत्काल अपनी गाड़ी रुकवाई और अपनी एस्कॉर्ट गाड़ी से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों व्यक्तियों का उपचार किया जा रहा।

दुर्घटना में घायलों को एस्कॉर्ट गाड़ी से लेकर जाते पुलिसकर्मी।

वैन के नीचे फंसकर साइकिल सवार बालक 20 मीटर घिसटा

संवाददाता, फफूंद, औरैया

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक गांव में तेज रफ्तार वैन ने साइकिल सवार बालक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बालक मय साइकिल के वैन के नीचे फंसकर बीस मीटर तक घसीटता चला गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

शनिवार की देर शाम फफूंद से बाजार करके अतुल दोहरे (14) निवासी चिरैयापुर अपने गांव जा रहा था जैसे ही जगजीवनपुर बंबा के पास पहुंचा ही था कि तभी औरैया की तरफ से आ रही तेज रफ्तार वैन ने उसे जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे बालक वैन की नीचे फंस कर करीब बीस मीटर तक मय साइकिल के घसीटता चला गया, जिससे बालक गंभीर रूप से

- **गंभीर रूप से घायल बालक अस्पताल में भर्ती**

घायल हो गया। मौके पर मौजूद 112 नंबर के कांस्टेबल रंजीत सिंह व चालक होमगार्ड सौरभ कुमार ने बालक को गंभीर देखकर सरकारी गाड़ी से दिबियापुर सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना स्थल से ओमनी वैन और उसका चालक उदयपाल सिंह विधूना निवासी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

महिला ने फंदा लगाकर दी थी जान

अयाना,औरैया। थाना क्षेत्र के कोठीदासपुर निवासी प्रीति बंजारा 25 की रविवार शाम को पोस्टमार्टम रिपोर्ट थाने पहुंची। जिसमें हैंगिंग से मौत होना पाया गया। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने ससुरालियों पर पीटकर मारने के बाद फंदे से लटकाने का आरोप लगाया था।

शनिवार दोपहर बाद प्रीति का शव घर के कमरे में पंखे पर दुपट्टे के फंदे पर लटकता मिला था। जानकारी पर आए मैनपुरी के करहल थाना क्षेत्र के रानीपुर भाई सुनील व मां यशोदा ने ससुरालीजन पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया था। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर व जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

निजी कृषि वाहन का कराना होगा व्यावसायिक पंजीकरण

संवाददाता ककोर, औरैया

अमृत विचार। जिले में अब परिवहन विभाग की निगाहें निजी कृषि कार्य हेतु लिखे ट्रैक्टरों पर पड़ गई है। यदि आप निजी कृषि कार्य ट्रैक्टर से व्यावसायिक कार्य कर रहे है और यदि आपका ट्रैक्टर व्यावसायिक नहीं है तो आपको जुर्माना भारी जुर्माना भरना पड़ेगा। यह जानकारी संभागीय परिवहन अधिकारी ने दी है।

उन्होंने बताया कि अगर किसान अपने निजी कृषि कार्य के लिए लेते है तो उसपर सरकार का कोई प्रतिबंध नहीं है, लेकिन यदि निजी कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर से आप व्यवसायिक कार्य करते हैं। तो आपको अपने ट्रैक्टर का व्यावसायिक पंजीकरण कराना

- **वरना ट्रैक्टर का होगा चालान और देना होगा भारी जुर्माना**
- **माह सितंबर का दिया चालान करने का ब्योरा**

जानकारी देते एआरटीओ सुधीश तिवारी

होगा। अगर आपका ट्रैक्टर किसी दूसरे का सीमेंट मौरंग, बालू ,मिट्टी,ईंट आदि माल की ढुलाई करते हुए पाया जाता है तो परिवहन विभाग द्वारा उस ट्रैक्टर का चालान किया जाएगा। इसी क्रम में संभागीय परिवहन अधिकारी सुधीश तिवारी ने मुहिम को तेज करते हुए माल ढुलाई करने वाले ट्रैक्टरों के चालान करना शुरू कर दिया है। पिछले माह सितंबर में 570 ट्रैक्टर मौरंग लोड किए पकड़े गए तथा 100 से अधिक ट्रैक्टर पर ईंट लदी हुई पाई गई। वहीं ओवर लोड से 65 ट्रक का भी चालान किया गया वहीं 1800 छोटी गाड़ियों का भी पूरे कागजात न होने पर चालान कर दिया। इस अभियान से परिवहन विभाग द्वारा राजस्व वसूली करते हुए 50 लाख रुपये बताई गई। वहीं पिछले साल की तुलना में यह 20 लाख अधिक रही। जिले में इस समय दौड़ रहे ई रिक्शा पर भी बिना नंबर होने के कारण अब चालान के साथ सीज करने का प्रावधान किया जा रहा है जिले में भारी संख्या में ई-रिक्शा बिना नंबर प्लेट के फर्राटा भर रहे हैं।

सार-संक्षेप

प्रतीक चिह्नों के साथ खड़े सम्मानित हुए लोग।

दिव्यांगों व गरीबों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दिलायेगी समिति

संवाददाता बिधूना औरैया अमृत विचार। रविवार को संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल में समाज सेवा समिति की बैठक में जहां संगठन को सभी वार्डों में विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया। वहीं समिति के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा में सराहनीय योगदान देने पर समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्निहोत्री एवं प्रबंधक अजय अग्निहोत्री द्वारा समाज सेवा समिति के सभी सदस्यों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्निहोत्री एवं प्रबंधक अजय अग्निहोत्री द्वारा इस अवसर पर समिति के माध्यम से गरीब, असहाय ,दिव्यांगजनों,मजलूमों के बच्चों को नि :शुल्क शिक्षा ग्रहण कराने का संकल्प लिया गया। उन्होंने कहा समिति का उद्देश्य समाज में व्याप्त समस्यायों को दूर करने के साथ समाज को जागरूक करना भी है। उन्होंने कहा नगर के प्रत्येक वार्ड में समाजसेवा समिति के कम से कम 5 सदस्य बनाए जायेंगे। इस अवसर पर समिति द्वारा दो पक्षों के बीच साउंड को लेकर हुए एक विवाद को सुलह समझौते के आधार पर निपटाया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष रमेशचन्द्र अग्निहोत्री, प्रबंधकअजय अग्निहोत्री, अखिलेश त्रिवेदी रामपाल सिंह चौहान एडवोकेट,दिलीप कुमार, इन्द्रावती, अनिरुद, अशीष शुक्ला, सुनील कुमार ,दीपक तिवारी अनुज कुमार शुक्ला ,अंकुर दीक्षित अरविन्द शरण ,अमित सेंगर, सौरभ अग्निहोत्री ,अजीत सेगर , आदि मौजूद रहे।

ध्वज वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते संत वमौजूद श्रद्धालु।

108 कुंडीय महायज्ञ का ध्वज वितरण कार्यक्रम संपंन

बिधूना औरैया। श्री वन खंडेश्वर महादेव मंदिर बेला रोड बाई पास बिधूना पर 3 नवंबर से 12 नवम्बर तक आयोजित होने वाले 108 कुंडीय मां पीतांबरा मृत्युंजय महायज्ञ के परिप्रेक्ष्य में द्वितीय अनुष्ठान कलश एवं ध्वज वितरण कार्यक्रम में रविवार को, जहां हजारों सनातन धर्मावलंबियों ने सम्मिलित होकर कलश एवं ध्वज प्राप्त किये वहीं यज्ञ स्थल को तैयार करने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस अवसर पर संत गोविन्द गिरी , यज्ञाचार्य विष्णु भारद्वाज, महंत विज्ञानानंद पुरी देवघट धाम, महंत बालाजी अवधेश पाठक, महंत कृपा दास, महेंद्र सुरेश दास, महंत राघव दास, महंत गुरुचरण दास, महंत कृपाराम, महंत शिवराज गिरी दास आदि साधु संतों के अलावा कार्यक्रम से जुड़े कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु मौजूद रहे । जनपद में आयोजित इस विशाल यज्ञ को लेकर नगर एवं जनपद व आसपास के जनपद के लोगों में भारी उत्साह का माहौल है।

जन्मीं कन्याओं का मनाया जन्मोत्सव

कार्यालय संवाददाता,औरैया

अमृत विचार। मिशन शक्ति फेज-05 के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा तथा जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देशानुसार रविवार को 100 शैया अस्पताल चिचौली में जन्मी 10 बालिकाओं का केक काटकर तथा उनकी माताओं को एक-एक बेबी किट व फल की टोकरी देकर हर्षोल्लास के साथ कन्या जन्मोत्सव मनाया गया।

महिलाओं को फल की टोकरी देते अधिकारी।

अपर जिला अधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी माताओं एवं अन्य लोगों को शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी । अपर पुलिस अधीक्षक ने 1090, 181, 102, 108, 1098, 1076 एवं 112 आपातकालीन टोलफ्री नंबरों की जानकारी प्रदान की, जिससे समस्त महिलायें उक्त नम्बरों का समय पर प्रयोग कर सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया ।

इसके बाद अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में लैंगिक समानता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महिलाओं द्वारा लैंगिक समानता एवं भेदभाव के विषय पर उनके द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गये एंव अपर जिलाधिकारी द्वारा लैंगिक समानता के विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

इस अवसर पर अपर चिकित्साधिकारी डॉ. शिशिरपुरी, सीएमएस 100 शैय्या चिकित्सालय चिचौली, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं महिला कल्याण एवं बाल विकास अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस ने देसी शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार

अछल्दा। सुभानपुर अड्डा पर उपनिरीक्षक जीतमल को रविवार को मुखबिर की सूचना मिली की एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही मौक पर पहुंची पुलिस ने एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में खड़ा देखा। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 23 क्वार्टर देसी शराब के बरामद किए। देशी शराब बरामद होते ही पुलिस ने उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया। और उससे कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राजू उर्फ अखिलेश पुत्र राजेंद्र कुमार और पता अजीतमल थाना क्षेत्र के बखरिया गांव बताया है। वहीं पुलिस का कहना हे कि इस तरह से अपराधियों के पकड़ने का सिलसिला आगे भी चलता रहेगा।

जल्द बनेगी दिबियापुर बस स्टैंड की 1.5 किमी सड़क

संवाददाता ककोर, औरैया

शासन को भेजा गया 65 लाख रुपये का एस्टीमेट

दिबियापुर के बस स्टैंड के जर्जर मार्ग को बेहतरीन करने के लिए लोक निर्माण विभाग में 65 लाख रुपये का एस्टीमेट भेज दिया गया है। जल्द ही इस सड़क का निर्माण का शुरू होगा और दिबियापुर के इंदिरा नगर वैदिक महाविद्यालय जमुहा घेरा रोड के साथ कैजरी सीगनपुर के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

अमृत विचार। दिबियापुर के बस स्टैंड पर आवागमन के लिए नगरवासियों को जल्द ही बड़ी खुशखबरी मिलने वाली है। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता ने बताया कि दिबियापुर बस स्टैंड को जाने वाली सड़क बनाने के लिए वन विभाग से बातचीत असफल होने के बाद लोक निर्माण विभाग ने अपनी जगह में सड़क बनाने का निर्णय लिया। जबकि वन विभाग से बातचीत का सिलसिला लगभग एक साल से चल रहा था । वहीं वन विभाग और लोक निर्माण विभाग में सड़क को लेकर कोई भी सहमति नहीं बन सकी अंत में वन विभाग ने अपनी जमीन को देने से साफ मना कर दिया। उसके बाद लोक निर्माण विभाग ने अपनी जगह पर 3 मी चौड़ी और 10 इंच मोटी सीसी सड़क बनाने का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है जल्द ही 65 लाख रुपये की लागत से सीसी निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके एस्टीमेट को भेजे हुए लगभग एक माह से अधिक हो चुका है। सड़क की लंबाई डेढ़ किलोमीटर रहेगी।

शारदीय नवरात्र का चौथा दिन — श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज रहे हैं देवी मंदिर और पंडाल, सुबह से लेकर देररात तक भक्तों की लगी रहती है भीड़

कूष्मांडा देवी की पूजा कर मांगी परिवार की सुख और समृद्धि

संवाददाता फफूंद औरैया

अमृत विचार। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन रविवार को देवी मंदिरों और घरों में ब्रह्मांड की रचना करने वाली देवी भगवती के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा देवी की आराधना कर भक्तों ने समृद्धि की कामना की।

जैतपुर स्थित सुप्रसिद्ध माता मंगला काली के मंदिर में भोर होते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। भक्तों ने विधि विधान से मां भगवती की पूजा अर्चना की। इस दौरान मां के जयकारे से माहौल गूंजता रहा। इसी क्रम में कस्बे के मुहल्ला चमनगंज में शिव शक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में चमनगंज नई बस्ती दिबियापुर रोड पर माता का दरबार व भव्य झांकी सजाई गई। दरबार की आरती पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि अनुराग शुक्ला ने की। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष श्री कांत शर्मा,राजेंद्र पाल,लक्ष्य दीप राजपूत,शिव महेंद्र सिह,राजवीर राठौर,प्रदीप कुशवाह,सजीव राजपूत,मयंक सविता,संतोष आदि मौजूद रहे।

माता की आरती करते मुख्य अतिथि अमृत विचार

मातारानी के पांडाल में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़। अमृत विचार

दुर्गा महोत्सव में महाआरती में उमड़ी भक्तों की भीड़

कंचौसी, औरैया। कंचौसी नगर में चल रहे जय मां वैष्णो समिति की ओर से आयोजित शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन बीते शनिवार को रात्रि 8 बजे के बाद महाआरती शुरू हुई तो महिला श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी और श्रद्धालुओं ने जय मां अंबे के जयकारों के साथ पूजा आरती की दुर्गा महोत्सव में प्रतिदिन देवी पूजन और संगीतमय महाआरती, दुर्गा सप्तशती पाठ, भजन संध्या का आयोजन होता है। कार्यक्रम अध्यक्ष अनुपम गुप्ता ने बताया कि दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर समिति के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इस अवसर पर ताराचंद्र पोरवाल, अनूप पोरवाल, विनोद परमार, मनीष पोरवाल, पारुल दुबे सहित समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

देवी जागरण में भक्ति गीतों पर रात भर झूमे श्रद्धालु

अछल्दा,औरैया। नेविलगंज में शनिवार रात आयोजित देवी जागरण में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। इस दौरान जागरण पार्टी के कलाकारों की ओर से सुनाये गए एक से बढ़कर एक देवी गीतों व भव्य झांकियों को देखने के लिए रात भर श्रद्धालु जमे रहे। सुबह तारा रानी की कथा व प्रसाद वितरण के साथ देवी जागरण का समापन हुआ। जगरात की शुरुआत गायक सोनू साई के गाये गणेश वंदना गजानन आ जाओ से हुई। इसके बाद दिव्यांशी, प्रिया दुबे देवी गीत- निमिया की डाल मईया, हम तेरे द्वार आए हैं मां.., चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है.., मइया का चोला लाल-लाल..आदि गीतों से समां बांध दिया। इस दौरान कलाकारों ने शिव, दुर्गा, काली, लड्डूगोपाल समेत अन्य देवी-देवताओं की झांकी प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

रामलीला देखने को मौजूद दर्शक। अमृत विचार

अहिल्या उद्धार की लीला देखने डटे रहे दर्शक

संवाददाता फफूंद(औरैया)

अमृत विचार। कस्बे में चल रहे दशहरा महोत्सव में रामलीला मंचन के तीसरे दिन रामलीला कलाकारों ने ताड़का वध, अहिल्या उद्धार की लीला का मनोहारी मंचन प्रस्तुत किया जिसे देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ भोर तक डटी रही ।

कस्बे में चल रहे दशहरा महोत्सव के तीसरे दिन रामलीला के मंचन में गुरु विश्वामित्र मारीच द्वारा हवन यज्ञ में बाधाएं उत्पन्न करने से परेशान होकर राजा दशरथ से श्रीराम व लक्ष्मण जी को उन्हें सौंपने की बात करते हैं, जिसके बाद राजा दशरथ उन्हें विश्वामित्र के साथ भेज देते हैं। गुरु के आश्रम जाते समय ताड़का वध की लीला का सजीव मंचन प्रस्तुत किया गया। साथ ही सुबाहू व मारीच के वध की लीला का भी भावपूर्ण मंचन कलाकारों ने प्रस्तुत किया। इसके उपरांत प्रभु श्री राम द्वारा अहिल्या उद्धार की लीला का मार्मिक मंचन का दर्शकों ने आनन्द लिया।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार 2 युवकों की मौत

हादसे में एक युवक हुआ गंभीर रूप से घायल, भर्ती

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। हादसा हुसेनगंज थाना क्षेत्र के कैथ पुरवा गांव के पास हुआ।

मृतकों की पहचान रामपुर महेवा निवासी नागेश उर्फ बचान (18) और रघुवर (19) के रूप में हुई है। वहीं घायल सज्जन (17) की स्थिति भी गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के सूचना पर दोनों मृतक के परिजन मौके पर पहंच गए हैं। घायल युवक सज्जन की बहन मोना ने बताया कि तीनों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर गांव रामपुर से हुसेनगंज किसी काम से जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने

- हुसेनगंज थाने के कैथ पुरवा के पास हुआ हादसा

बताया कि बाइक सवार तीन लोगों को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर भाग गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दो युवकों की पहले ही मौत हो चुकी थी। तीसरे घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। परिजनों से तहरीर मिलने के बाद आगे की कारवाई की जाएगी।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

फतेहपुर। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के मवई कुटी हथगाम रोड पर रात में ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के लाल का पुरवा मजरे मवई गांव निवासी स्व. राधेश्याम का पुत्र गुलाब सिंह अपनी ससुराल गया था। देर रात लौटते समय जब वह मवई कुटी के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दूषित पानी पीने से 10 बच्चे हो गए बीमार

संवाददाता फतेहपुर

- 3 बच्चों की हालत गंभीर जिला अस्पताल में भर्ती
- कांशीराम कालोनी में नहीं हो रही साफ-सफाई

अमृत विचार। कांशीराम कालोनी में साफ-सफाई न होने से गंदगी के कारण जहां मच्छरों की भरमार हो गई। वहीं दूषित पानी पीने से करीब 10 बच्चे बीमार हो गए हैं। जिनको परिजनों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जिसमें तीन बच्चों की हालत नाजुक बनी हुई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी में आधा दर्जन से ज्यादा बच्चे बीमार हो गए। जिनको परिवार के लोगों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बच्चों की हालत गंभीर देखकर डॉक्टर भर्ती कर इलाज में जुटे हुए हैं। कांशीराम कालोनी के रहने वाले सुनील कुमार ने बताया कि साफ-सफाई नहीं होने से बारिश के कारण कालोनी में गंदगी का अंबार लगा है।

जिससे मच्छर पनप रहे हैं। दूसरी ओर दूषित पानी पीने से हम सब बीमार पड़ गए। लगातार नगर पालिका के अधिकारी और सभासद से कहा गया। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई । जिस कारण से बच्चे बीमार हो गए। वहीं कालोनी के रहने वाले जय सिंह ने बताया कि जब बारिश का समय था। तब नगर पालिका अस्ती वार्ड के सभासद से साफ-सफाई की मांग की गई थी। लेकिन उन्होंने भी कोई सुनवाई नहीं की। इससे गंदगी फैली हुई है।

जिला अस्पताल में गंदगी और दूषित पानी पीने से डायरिया के कारण आदित्य पुत्र जय सिंह, कैफ पुत्र जरीन, अहमद राजा पुत्र तहसीम, आतिफ रजा पुत्र तहसीम, माही पुत्री सुनील कुमार सहित करीब दस बच्चे है। जिनका इलाज चल रहा है।

मंदिर और पंडालों में गूंजे माता के जयकारे

संवाददाता, अमौली

अमृत विचार। शारदीय नवरात्र में भक्तगण जगत जननी माता मां दुर्गा की आराधना में पूरी श्रद्धा भक्ति से लीन है। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में इस विशेष मौके पर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जिले के सभी देवी के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। घरों व मंदिरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ कर लोग मां का ध्यान कर रहे हैं। भगवती को प्रसन्न करने के लिए व्रत व अनुष्ठान भी किए जा रहे हैं।

अमौली में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा आयोजित नवदश दुर्गापूजा एवं मां भगवती का भव्य श्रृंगार कार्यक्रम में देवी माहत्म्य के तहत आचार्य सुरेंद्र शास्त्री देवी के प्राकट्य से लेकर मां दुर्गा की कथा सुनाई। मां चन्द्रघंटा के बारे में बताया कि किस प्रकार महिषासुर के आतंक पीड़ित देवी एवं देवताओं ने प्रभु विष्णु, प्रभु ब्रह्मा तथा भगवान शिव से आराधना की और कहा कि हमारी पीड़ा को समाप्त करने का उपाय करिए प्रभु। इस बात से

मां कूष्मांडा के रूप में विराजमान जगत जननी की हुई पूजा। अमृत विचार

- चौथे दिन भक्तों ने की मां कूष्मांडा की पूजा

उत्पन्न क्रोध के चलते त्रिदेवों के मुख से जो ऊर्जा उत्पन्न हुई उससे एक देवी का जन्म हुआ। जिन्हें देवों के देव प्रभु महादेव ने त्रिशूल, प्रभु विष्णु ने अपना चक्र और इसी तरह समस्त देवी एवं देवताओं ने अपनी अपनी शक्तियां और अस्त्र मां के इस स्वरूप को सौंप दिए, वही देवराज इंद्र ने मां को अपनी ओर से एक घंटा अर्पित किया। इसके पश्चात मां ने महिषासुर का वध कर दिया। मां का यह रूप निर्भीकता पराक्रम एवं साहस का प्रतीक है। इनकी आराधना से भक्तों में आत्मविश्वास बढ़ता है कथा के समापन के पश्चात यजमान अखिलेश ओमर एवं अंजना ओमर के साथ हजारों के भक्त समुदाय ने मां दुर्गा तथा दरबारी देवी एवं देवताओं का पूजन अर्चन कर आरती में हिस्सा लिया। संस्था के मंत्री एवं संचालक शिक्षक उमेश त्रिवेदी ने उपस्थित आमजनमानस तथा अतिथियों का आभार जताया। इसी तरह से शहर क्षेत्र में पक्का तालाब, पटेल नगर, पत्थरकटा चौराहा, शादीपुर, रेलवे समेत पंडालों में पूजा अर्चना की।

क्षतिग्रस्त शादीपुर मार्ग। अमृत विचार

शहर की सड़कें गड्ढों में तब्दील ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। गड्डों की भरमार के साथ शहर की जर्जर सड़कें रहागीरों के लिए मुसीबत बन गई हैं। अधिकांश मार्ग खस्ता हाल होने के चलते रहागीर आए दिन गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। जगह-जगह बड़े -बड़े गड्ढे व ऊखड़ी पड़ी सड़क अपनी बदहाली पर आंसु बहा रही है। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

शहर की शादीपुर से पटेल नगर के बीच हैवी गडढ़े दुर्घटना का सबब बन रहे हैं। इसी तरह से वीआईपी रोड जगह-जगह उखड़ी होने के बाद भी जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे

- बारिश के बाद सड़कों की नहीं कराई जा रही पैचिंग

हैं। अभी तक बारिश का बहाना करके टाल मटोल किया जा रहा था अब बजट आने की आस में मामला अटका हुआ है। लापरवाही के चलते वाशिंदों में आक्रोश पनप रहा है। स्थानीय रामगोपाल, सुरेश चन्द्र, संतोष सविता समेत अन्य ने बताया कि मार्ग अपनी जर्जर हालत बयां कर रहा हैं। जगह-जगह गड्डों की भरमार है। जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं जर्जर मार्ग पर गिरकर राहगीर चोटिल होते ही रहते हैं। हादसों का भी डर बना रहता है।

पटाखा फैक्ट्रियों में छापेमारी कर मानक जांचे

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र में पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से पिता-पुत्र की मौत के बाद, एसपी धवल जयसवाल ने पूरे क्षेत्र में पटाखा फैक्ट्रियों की औचक जांच के निर्देश दिए हैं। इस कार्रवाई के तहत एएसपी विजय शंकर मिश्रा और सीओ अरुण राय को सभी फैक्ट्रियों का निरीक्षण करने को कहा गया है।

सीओ अरुण राय के नेतृत्व में थाना प्रभारी अरविंद कुमार और हसवा चौकी इंचार्ज सुमित देव पांडे ने औरई, भागूपुर, आमापुर, बिलंदा और हसवा के पटाखा फैक्टी मालिकों के यहां छापेमारी की। पुलिस के पहुंचते ही पैक्ट्री मालिकों में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान लाइसेंस, अग्नि शमन उपकरण और अन्य सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई। सीओ अरुण राय ने अधूरे सुरक्षा मानकों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, फैक्ट्री मालिकों से नाबालिग बच्चों से किसी भी प्रकार का कार्य न कराने को कहा।

हादसे को दावत : गिट्टी डालकर छोड़ी सड़क, चलना हुआ दूभर

संवाददाता, किशनपुर

अमृत विचार। विजयीपुर से गाजीपुर मार्ग पर इस समय सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें नियमों को ताक पर रख काम किया जा रहा है। नियम के मुताबिक काम न होने से राहगीरों के लिए बडी समस्या बनी हुई है।

सड़क निर्माण पर संस्था द्वारा गिट्टी बिछाने का काम किया जा रहा है। जिसमें मानक को दरकिनार कर गिट्टी बिछाई जा रही है। बगैर पानी के डाली जा रही सूखी गिट्टी राहगीरों के लिए आफत बनी हुई है। सूखी गिट्टी पड़ने के वजह से बाइक सवार व ई-रिक्शा चालक भारी समस्या में हैं। मुख्य मार्ग होने की वजह से इस मार्ग पर लगातार आवागमन होता रहता है।

ऐसे में विभागीय लापरवाही हादसे को दावत देती नजर आ रही है। सड़क से उड़ते गिट्टी के कड व धूल लोगों को नुकसान पहुंचा रही हैं। यह वही मार्ग हैं जिनको बनवाने

विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग पर डाली गई गिट्टी। अमृत विचार

- नियमों को ताक पर रख किया जा रहा निर्माण कार्य

के लिए लगातार 11 दिन तक नरैनी चौराहे पर सत्याग्रह किया गया था। सत्याग्रह के दौरान बुंदेलखंड राष्ट समिति के अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय व सड़क संघर्ष समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने लडाई लड़ी थी। तक जाकर सड़क का निर्माण कराने का आश्वासन मिला था। लेकिन सड़क निर्माण कार्य में विभागीय लापरवाही जारी है और मानक को दरकिनार कर काम कराया जा रहा। कछुए की रफ्तार से चल रहे निर्माण कार्य की रफ्तार अभी भी तेज नहीं हो पाई है। करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़क पर भी भ्रष्टाचारियों ने जेब गर्म करने की कवायत शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

जुएं की फड़ पर छापेमारी, 12 जुआरी गिरफ्तार

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र में चल रही जुएं की फड़ में पुलिस ने छापामारी कर 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। वहीं दो जुआरी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 39,210 रुपये बरामद किए है। पुलिस में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी और उनकी टीम ने थाना क्षेत्र के बहोईपुर बगहा सेमौरी में चल रही जुए की फड़ में छापेमारी कर हार जीत की बाजी लगा रहे शिवचन्द्र निवासी बरकतपुर थाना खागा, नरोत्तम सिंह निवासी अल्लीपुर थाना सुल्तानपुर घोष, प्रेमचन्द्र सिंह निवासी बुदवन थाना खागा, प्रदीप कुमार निवासी नौसेरा थाना सिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद, पप्पू उर्फ वीरेन्द्र निवासी सुल्तानपुर घोष, नामेंद्र निवासी अल्लीपुर, गोविन्द प्रसाद निवासी सेमौरी, बाबू उर्फ रामकृपाल निवासी बुदवन, मोनू निवासी बुदवन थाना खागा, अमर सिंह निवासी निबियापर मजरे सेमौरी, राजू सिंह निवासी बदलुआपुर, लालमुनि उर्फ नागेन्द्र निवासी नई बस्ती चौड़ाखेर खागा को गिरफ्तार किया। वहीं दो आरोपी विनोद सेमोरी, रामधनी निवासी बरकतपुर मौके से भाग गए। थानाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि माल फड़ 30520 रूपये, 52 ताश के पत्ते, जामा तलाशी 8690 रूपये बरामद हुए है। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से हुए की फल संचालित होने की शिकायतें मिल रही थी। जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है।

बहनोई से परिवार को जान माल का खतरा

जाफरगंज। थाना क्षेत्र के घेरा मजरे मदुरी गांव निवासी रोहित दीक्षित ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि बहन रोमी की शादी डांडा सहिमल पुर में हुई थी। जिसका कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। जिसमें सुलह का दबाव बना रहे है। खुन्नस के चलते 30 सितंबर को पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। थाना प्रभारी शैलेस सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

संत का दूसरे दिन भी अनशन जारी

मौदहा (हमीरपुर)। जमीन में अवैध कब्जा व खेत में खड़ी फसल को कटवा लेने के मामले में पीड़ित का दूसरे दिन भी अनशन जारी रहा। बता दे की तहसील में संपन्न हुए जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर पहुंचे जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए बिहुनी खुर्द निवासी राम जानकी मंदिर के संत ने गुहार लगाते हुए बताया कि वह मुस्करा के गाटा नंबर 649 का रकबा 1.76 हेकटेयर का संक्रमणीय भूमिधर काबिज व दाखिल है।

बड़ी नहर में मिला अज्ञात महिला का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। ललौली पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर थाना क्षेत्र से गुजरी बड़ी नहर से एक अधेड़ उम्र की महिला का शव बरामद किया है। जिसका अज्ञात में पंचानामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे स्थित राजकीय डिग्री कालेज के सामने से गुजरी निचली गंगा बड़ी नहर में लोगो ने करीब 50 वर्षीय एक महिला का शव उतराते हुए देखा जिसकी खबर जंगल मे आग की तरह फैल गई। घटनास्थल पर शव देखने वालों की भीड़ जुट गई। क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगो ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर

- ग्रामीणों की सूचना पर ललौली पुलिस पहुंची
- शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही पुलिस

पहुंची पुलिस ने शव को ग्रामीणों की मदद से नदी से बाहर निकलवा उसकी शिनाख्त का काफी प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नही हो पाई। पुलिस ने शव का अज्ञात में पंचानामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव करीब पांच से छह दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। जो कि पूरी तरह सड़ चुका था। मृतका हरे रंग का ब्लाउज, प्याजी कलर का पेटीकोट, दोनो हाथो में ग्लब्स, लाल पीली चूड़ियां, नाक में कील, पैरों में तोड़िया, बिछिया गले मे मोती की माला व हाथ की उंगलियों ने छल्ला पहने हुए थी जिसके बाएं हाथ में फूल व चिड़िया का टैटू गुदा हुआ था। ग्रामीणों ने मृतका की अज्ञात हत्यारो द्वारा हत्याकर साक्ष्य को छिपाने व शव को ठिकाने लगाने के लिए कहीं दूर के स्थान पर नहर में फेंके जाने की आशंका जाहिर की है। पुलिस शव की शिनाख्त व मामले की जांच पड़ताल में जुटी है जिसने जांच, शिनाख्त व पीएम रिपोर्ट आने के बाद घटना के सही तथ्यों की जानकारी होने व उसी के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही किये जाने की बात कही है। मामले में दतौली चौकी प्रभारी विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि महिला के शव के पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

झाड़ियों से निकले अजगर ने बकरी को जकड़ा, मौत

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। तालाब किनारे झाड़ियों में एक अजगर ने बकरी को जकड़ लिया। जिसका निवाला बनाने लगा, बकरी की आवाज सुनकर आस-पास मौजूद लोगों की नजर पड़ी, अजगर ने एक बकरी को जकड़ा हुआ था। किसी तरह ग्रामीणों ने अजगर से बकरी को छुड़ाया, तब तक बकरी की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

चांदपुर थाना कषेत्र के मदरी गांव के बाहर तालाब के किनारे झाड़ियों में दस फुट के एक अजगर ने बकरी को जकड़ लिया। उसको अपना निवाला बना रहा था। बकरी के चिल्लाने की लगातार आवाज सुनकर तालाब के पास मौजूद राज किशोर, राज कुमार और सुमित की नजर पड़ी तो अजगर के द्वारा बकरी को जकड़े हुए देखकर गांव के लोगों को जानकारी दी। तालाब किनारे अजगर मिलने के जानकारी पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। गांव के लोगों ने वन विभाग को सूचना दिया। किसी तरह अजगर के चंगुल से बकरी को छुड़ाया। तब तक बकरी की मौत हो चुकी थी। गांव के सुमित ने बताया कि तालाब के पास बकरी को चरा रहा था। तभी बार बार बकरी के चिल्लाने की आवाज पर जब देखा तो अजगर ने बकरी को जकड़े हुए था। जब तक अजगर से बकरी को छुड़ाया गया। बकरी की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़कर सुरक्षित जगह छोड़ा।

बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष पर रंगदारी की रिपोर्ट दर्ज

फतेहपुर। होटल संचालक से रंगदारी मांगने और न देने पर गाली गलौज, धमकी देने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बजरंग सेना के जिलाध्यक्ष चन्दन सिंह राणा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

शहर के शादीपुर स्थित नंदी होटल संचालक शिवम मिश्रा ने बताया कि चार अप्रैल 2024 को बजरंग सेना के जिलाध्यक्ष ने गुर्गे भेजकर होटल संचालित करने के एवज में 40 हजार रुपया रंगदारी मांगी। रुपया न देने पर गाली गलौज और होटल बंद कराने की धमकी दी। बताया कि आरोपी होटल की फर्जी शिकायते कर उसे परेशान करता था।

रिलायंस टावर में चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

संवाददाता फतेहपुर

- उपकरण समेत 3 आरोपी पकड़े गए

अमृत विचार। थरियांव पुलिस ने थाना क्षेत्र में लगे एक रिलायंस कम्पनी के टावर में अज्ञात चोरों द्वारा अंजाम दी गई। चोरी की वारदात का महज 24 घण्टे में खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस टीम ने चोरी किये गए टावर के उपकरणों को भी बरामद किया है।

कुछ दिनों पूर्व थाना क्षेत्र के एक स्थान में लगे रिलायंस कम्पनी में अज्ञात चोरों ने रात में धावा बोल टावर मं लगे सोलर पैनल समेत बैट्री व अन्य उपकरणों को पार कर दिया था। टावर कर्मियों की दी गई लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल व चोरों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान टीम को मुख़बिर ने कुछ सन्दिग्ध चोरों के नाम बताए। जिनमे राहुल दुबे निवासी रघुनाथपुर थाना थरियांव, सन्दीप कुमार पासवान निवासी भिटौरा रोड कसेरूवा कोतवाली सदर, सोनू पासवान निवासी महमदपुर थाना राधानगर थे। जिनको शक के आधार पर जब पुलिस ने गिरफ्त में लेकर उनसे कड़ाई से पूछताछ शुरू की तो अभियुक्तो ने टावर चोरी की वारदात को कुबूल किया। जिनकी निशानदेही पर पुलिस टीम ने एक अदद सोलर पैनल व 12 मीटर पावर केबल बरामद किया है।

सिर्फ फर्ज निभाएंगे — कहा, लकड़ी से नहीं, इलेक्ट्रिक मशीन से दाह संस्कार करेंगे

पुलिस के कहने पर पिता को कंधा देने आए बेटे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मां की हत्या करने वाले पिता को कंधा देने की इच्छा नहीं थी। पुलिस के बार-बार कहने पर पोस्टमार्टम चले आए। वारिस होते हुए लावारिस में अंतिम संस्कार न हो, इसलिए फर्ज निभाएंगे। लकड़ी व रीति रिवाज नहीं देखना है। इलेक्ट्रिक मशीन से दाह करूंगा। यह कहकर गुजैनी थानाक्षेत्र के पिपौरी गांव निवासी प्रहलाद सैनी के दोनों बेटे सतेंद्र व सुरेंद्र पोस्टमार्टम हाउस में फफक पड़े। कहा पिता को जमीन बेचने की इस कदर सनक चढ़ी थी कि विरोध करने पर मां को मौत के घाट उतार दिया।

बर्रा के पिपौरी गांव अर्शा नगर नई बस्ती निवासी प्रहलाद सैनी के बेटे सुरेंद्र ने बताया कि पिता 52 वर्षीय मां शशि के रहते थे। इसी मकान में उनका भाई सतेंद्र भी अपनी पत्नी पूजा व दो बच्चों के साथ रहता है। जबकि वह पत्नी खुशबू व तीन बच्चों के साथ दामोदरनगर में रहते हैं। सुरेंद्र के अनुसार पिता प्रहलाद

सत्येंद्र और सुरेंद्र।

परिवार के अन्य सदस्यों को नहीं लाए

सतेंद्र व सुरेंद्र पोस्टमार्टम हाउस पर अपनी पत्नियों और बच्चों को नहीं लाए। पोस्टमार्टम हाउस पर पुलिस ने इसका एक बार जिक्र किया तो दोनों बोले कि यहीं से अर्थी सीधे घाट ले जाएंगे। परिजनों को चेहरा भी नहीं दिखाना है। सतेंद्र ने कहा कि पिता को सिर्फ अपनी चिंता थी। कहते थे कि प्लाट बेचकर बुढ़ापा आराम से कट जाएगा। सतेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने पिता के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

- पत्नी की हत्या के बाद हैलट में इलाज के दौरान पति की भी हुई मौत

के पास कोई कमाई का जरिया नहीं था, इसलिए प्लाट बेचना चाहते थे। मां विरोध करती और कहती कि दोनों बेटों को ही प्रापर्टी देंगी। प्लाट को लेकर ही बीते बुधवार सुबह भी उनके बीच झगड़ा हुआ और पिता ने कुल्हाड़ी से मां शशि की हत्या कर दी। इसके बाद ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर रूप से घायल पिता को पुलिस ने हैलट में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान पिता की भी शनिवार रात मौत हो गई। सतेंद्र व सुरेंद्र और उनकी पत्नियों ने प्रहलाद को घर में न घुसने देने की बात कही थी। पुलिस ने जब प्रहलाद की मौत की खबर दोनों बेटों को दी तो उन्होंने कंधा देने से भी मना कर दिया। इस पर पुलिस के काफी समझाने पर दोनों बेटे कंधा देने को राजी हुए।

रोटरी क्लब में युवाओं को जोड़ने पर दिया जोर

कानपुर। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 की सदस्यता संगोष्ठी रविवार को जीटी रोड स्थित एक होटल में आयोजित हुई। गोष्ठी में क्लब के पदाधिकारियों की ओर से युवाओं को अधिक संख्या में क्लब में जोड़े जाने की सुझाव दिए। लोगों के क्लब की सदस्यता छोड़े जाने पर भी चिंता जताई गई। समारोह मे विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

गोष्ठी की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी मंडलाध्यक्ष रो नीरव निमेष अग्रवाल ने की। उन्होंने सभी सदस्यों से क्लब में युवाओं को जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा रोट्रेक्ट और इंटरेक्ट क्लब खोलने का भी सुझाव दिया।

छात्रों का गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पनकी पुलिस के हत्थे सात अंतरराज्यीय ठग चढ़े हैं जो सभी पढ़े-लिखे छात्र हैं। इस गिरोह के सदस्य ठाठ से हवाई यात्रा करते हैं, महंगे होटलों में रुकते हैं और शौक पूरे करते हैं। गिरोह के ठग कभी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को धमकाते तो कभी नौकरी का झांसा देकर वाइस चेंजर एप के जरिये आवाज बदलकर जाल में फंसाते। ठग किराये के खातों में रुपये डलवाते थे। किराये का खाता किसी गरीब का खुलवाते और उसे किराये के तौर पर दो-तीन हजार रुपये देते। ठगों ने जब अपने कारनामे खोले तो पुलिस भी भौंचक रह गई। ठगों के पास से विभिन्न बैंकों के 46 एटीएम कार्ड, मोबाइल, लैपटॉप, आधार कार्ड, चेक, पासबुक व रुपये बरामद हुए हैं।

- कोई बीएससी कृषि का, कोई बीफार्मा तो कोई बीबीए का है छात्र
- वाइस चेंजर एप के जरिये आवाज बदलकर जाल में फंसाते थे लोगों को

ऑनलाइन साइबर ठगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने पुलिस के साथ सर्विलांस सेल को सक्रिय किया था। सर्विलांस सेल व मुखबिर से पनकी पुलिस को ठगों की लोकेशन एटूजेड तिराहा के पास मिली। इस पर पनकी, बिठूर और कल्याणपुर थाने की फोर्स पहुंची और सात ठगों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास 46 एटीएम कार्ड, सात मोबाइल, एक लैपटॉप, एक टेबलेट, छह आधार कार्ड, 21 चेक बुक, पांच पासबुक और 22,500 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में सातों ने साइबर ठगी की बात स्वीकारी। डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवक साइबर ठगी के एक्सपर्ट हैं। इनमें नारामऊ मंधना निवासी मनीष कुमार, आवास विकास-एक निवासी दीपेंद्र सिंह गौर, पुराना शिवली रोड कल्याणपुर निवासी सुमित सिंह, अरौल के रौंगाव निवासी रोहित यादव उर्फ युवी, फ्रेंडस कॉलोनी भरथना रोड इटावा निवासी पवन कुमार, कश्यपनगर बंबा रोड कल्याणपुर निवासी रोहन सिंह सेंगर और कानपुर देहात रसूलाबाद के जिताई का पुरवा निवासी अभय प्रताप सिंह हैं। डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए ठग पुलिस अधिकारी बनकर भी लोगों को डराते व धमकाते थे। वाइस चेंजर एप के जरिये आवाज बदलकर परिचितों से सहायता मांगते, नौकरी लगवाने व अन्य प्रलोभन देते थे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

क्षिप्रं विजानाति चिरं श्रृणोति विज्ञाय चार्थं भते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य ॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं, लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं । किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते है, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते ।

संपादकीय

जयशंकर का पाकिस्तान दौरा

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में शामिल होने जा रहे विदेश मंत्री एस. जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर लगी है। पिछले नौ वर्षों में किसी भारतीय मंत्री की यह पहली यात्रा होगी। पिछली बार 2015 में सुषमा स्वराज ने पाकिस्तान का दौरा किया था।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उम्मीद है कि विदेश मंत्री एससीओ के इतर भी बात करेंगे कि कैसे दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधरें, कैसे दोनों देशों के बीच नफरत घटे और मोहब्बत बढ़े? विदेश मंत्री पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं वे किसी बातचीत के लिए नहीं बल्कि उनके लिए एससीओ शिखर सम्मेलन की मजबूरी के कारण पाकिस्तान जाना जरूरी है। पाकिस्तान में भी जयशंकर के दौरे को सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही उम्मीद की जा रही है कि इस यात्रा से दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव कम करने में मदद मिल सकती है। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी ने कहा कि दोनों देशों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि पश्चिमी एशिया में भारी तनाव के समय पाकिस्तान और भारत को तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता था। इस यात्रा के पीछे दुनिया की निगाहें होने की वजह बताई जा रही है कि पश्चिमी एशिया में इजराइल, गाजा और लेबनान के लोगों को निशाना बना रहा है। ऐसे में दोनों देशों का रुख क्या रहता है। यह एक महत्वपूर्ण क्षण है, जिसमें क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सोच-समझकर कदम उठाने की जरूरत है। साथ ही जिम्मेदारी और समझदारी से काम करने की जरूरत है। यात्रा पूरी तरह से कूटनीतिक है, लेकिन दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण इतिहास भी कूटनीतिकों का ध्यान खींच रहा है। दरअसल 15-16 अक्टूबर को पाकिस्तान में होने वाली चीन और रूस द्वारा स्थापित अंतर-सरकारी संगठन एससीओ की बैठक क्षेत्रीय स्थिरता और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हो रही है, जिसमें चीन, रूस और मध्य एशियाई देशों के साथ कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। भारत और पाकिस्तान के बीच जिस प्रकार के रिश्ते हैं, उससे यह उम्मीद कम ही है कि कोई द्विपक्षीय बातचीत भी होगी। पिछली बार जब भारत ने एससीओ की मेजबानी की थी तो उसमें पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भाग लेने आए थे, लेकिन दोनों देशों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई थी। फिर भी सम्मेलन में जयशंकर की उपस्थिति से भारत की इस क्षेत्रीय मंच में भूमिका और प्रभाव को बल मिलेगा। कुल मिलाकर सम्मेलन में भारत की भागीदारी पाकिस्तान के साथ ऐतिहासिक रूप से तनावपूर्ण संबंधों के बावजूद क्षेत्रीय शक्तियों के साथ उसके चल रहे कूटनीतिक जुड़ाव को दर्शाती है।

हिंदू धर्म की केंद्रीय विडंबना



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईएएस

ऐसा नहीं कि डॉ. आंबेडकर को ऋग्वेद के सृष्टिविषयक अन्य सूक्तों का तथा पुरुष सूक्त की भाषाई भिन्नता का इल्म नहीं था। दरअसल ब्राह्मणों में इस सूक्त की अतिशय लोकप्रियता थी जो दैनिक पूजा में इसके नियमित पाठ तथा हर मांगलिक अवसर पर इस लालित्यपूर्ण सूक्त के सस्वर गायन की परंपरा (जो अब तक चली आई है) में व्यक्त होती थी।

सनातन के सिद्धांत किसी बाध्यकारी इलहाम के बजाय वेदों के ज्ञानकांड तथा उपनिषदों एवं वैदिक षड्दर्शन पर आधारित होने के कारण अतिशय उदार, बहुलतावादी और समावेशी हैं। वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा इसी मिट्टी की उपज है। ऋग्वेद के प्रथम मंडल के 164वें सूक्त की 46 वीं ऋचा का पूर्वार्द्ध है- आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतोऽदब्धासो अपरितासउद्भिदः। (कल्याणकारी, अदम्य, अपराजेय और उत्कर्षकारी शुभ विचार सब ओर से हमारे पास आएं) षड्दर्शन में कपिल का निरीश्वर सांख्य और जैमिनि का ईश्वर-निरपेक्ष पूर्वमीमांसा दर्शन भी सम्मिलित हैं।

विचारणीय यह है कि सामाजिक जीवन में वर्णव्यवस्था की संकीर्ण, विभाजक और सोपानबद्ध व्यवस्था का बीजारोपण कैसे हुआ। पश्चिमी इतिहाकारों द्वारा प्रतिपादित और (संभवतः द्वंद्वात्मक वर्गसंघर्ष के राजनीतिक परिप्रेक्ष्य के अनुरूप होने से) वाम इतिहासकारों द्वारा पुष्टीकृत वर्ण और जाति के उदय के सम्बंध में 'आर्यों' को एक भिन्न नस्ल का मानने और बाहर से आकर आक्रमण करने का सिद्धांत अद्यतन शोधों से अमान्य सिद्ध हो चुका है। रोमिला थापर जैसी शीर्षस्थ वाम इतिहासकर ने नई शोधों के आलोक में स्वीकार किया है कि आर्य कोई नस्ल नहीं थी, एक भाषायी समूह मात्र था और वर्ण एवं जाति-विभाजन बाहर से आक्रमणकारी के रूप में आए आर्यों के कारण नहीं हुआ। रोमिला थापर ने लिखा है-"यह (आर्य आक्रमण का) दृष्टिकोण भारतीय इतिहास की उपनिवेशवादी व्याख्याओं के लिए उपयोगी था, क्योंकि आर्य-विजय और अंग्रेजों की विजय के बीच सादृश्य दिखाया गया...कुछ लोगों ने, जो इतिहासकार नहीं थे, आर्यों को मूल निवासी मानना इसलिए पसंद किया कि श्रेष्ठतर मानी जाने वाली सभ्यता के लिए भारतीय मूल का दावा किया जा सके। दिलचस्प बात यह है कि इसके ठीक विपरीत आक्रमण का सिद्धांत निचली जातियों के दावे की एक बड़ी दलील बन गया। उनका मानना था कि ब्राह्मण लोग बाहरी आक्रमणकारी और अत्याचारी थे और उन्होंने देश के मूल निवासी निचली जातियों और क़बीलाई लोगों के अधिकार हड़प लिये। इस दृष्टिकोण से देश के मूल निवासियों ने आर्य-पूर्व सभ्यता के रूप में सिंधु सभ्यता से समर्थन प्राप्त करने की कोशिश की। इसलिए आर्य-सिद्धांत पिछली दो शताब्दियों के दौरान भारतीय राष्ट्र-राज्य के विकास में पहचान और दर्जे से संबंधित अनेक विवादों के केंद्र में रहा है...

पंजाब के ब्राह्मणों व पंजाब के चमारों में क्या नस्ली अंतर है? मद्रास के ब्राह्मण और मद्रास के अछूत में क्या नस्ली अंतर है? पंजाब का ब्राह्मण नस्ली तौर पर उसी वंश का है जिसका पंजाब का चमार है; मद्रास का ब्राह्मण उसी नस्ल का है जिसका मद्रास का अछूत है।

प्राच्यविद्या के प्रसिद्ध विद्वान हेनरी टॉमस कोलब्रुक के अनुसार पुरुष सूक्त भाषा, छंद व शिल्प की दृष्टि से ऋग्वेद के अन्य सूक्तों से सर्वथा भिन्न है। प्रो. मैक्स मूलर के अनुसार भी पुरुष सूक्त की भाषा की संरचना और शब्द योजना से स्पष्ट है कि यह ऋग्वेद के बहुत बाद की रचना है। उदाहरण के लिए इसमें वसंत, ग्रीष्म और शरद ऋतुओं का इसी क्रम में उल्लेख हुआ है जब कि ग्रीष्म शब्द ऋग्वेद के किसी अन्य सूक्त में नहीं मिलता और वसंत शब्द तो आरम्भिक वैदिक साहित्य--ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद(त्रयी)- के शब्दभंडार में अन्यत्र कहीं नहीं मिलता।

ऐसा नहीं कि डॉ. आंबेडकर को ऋग्वेद के सृष्टिविषयक अन्य सूक्तों का तथा पुरुष सूक्त की भाषाई भिन्नता का इल्म नहीं था। दरअसल ब्राह्मणों में इस सूक्त की अतिशय लोकप्रियता थी जो दैनिक पूजा में इसके नियमित पाठ तथा हर मांगलिक अवसर पर इस लालित्यपूर्ण सूक्त के सस्वर गायन की परंपरा (जो अब तक चली आई है) में व्यक्त होती थी। इसमें निहित विराट पुरुष के मुख से ब्राह्मणों की उत्पत्ति का रूपक उनकी आत्मश्लाघा की प्रवृत्ति का पोषण करती थी। ब्राह्मणों में इसकी असाधारण लोकप्रियता के चलते जाति-व्यवस्था की उत्पत्ति की खोज में इसकी अवहेलना नहीं की जा सकती थी। बावजूद इसके इस सूक्त की उपर्युक्त ऋचा में वर्णित वर्णव्यवस्था की उत्पत्ति ऋग्वेदकालीन समाज का आईना नहीं कही जा सकती। उसमें केवल पेशों का अस्तित्व था जो तब तक आनुवंशिक नहीं हुए थे, न ही ऊंच-नीच की भावना का उदय हुआ था। आर्य शब्द किसी नस्ल या नस्ली समूह के अर्थ में न तो वैदिक संस्कृत में कहीं प्रयुक्त हुआ है, न लौकिक संस्कृत में। इसका सबसे अधिक प्रयोग श्रेष्ठ के अर्थ में हुआ है। पत्नी अपने पति को आर्यपुत्र कहती है तो इसका तत्पर्य यह नहीं कि वह अनार्य की पुत्री है। यही बात आर्या पर भी लागू होती है। मृच्छकटिकम् में वसंतसेना गणिका होने के बावजूद अपनी प्रतिष्ठा के चलते (खलनायक को छोड़कर) अन्य सभी के द्वारा आर्या कही जाती है। आर्य और आर्या का प्रयोग लगभग उसी तरह होता था जैसे आजकल सर और मैडम का होता है। तो आर्य और आर्या का जन्म से या किसी नस्ल से कोई संबंध नहीं है, न कभी था। आज यातायात और सूचना-संचार की सुविधाओं के बावजूद देश के भिन्न-भिन्न भागों के लोगों में रहन-सहन और सभ्यता-संस्कृति के विभिन्न घटकों में एकरूपता नहीं है। आज भी जंगलों में रहने वाले वनवासी हैं, भिन्न-भिन्न इलाक़ों में रहनेवाले भिन्न-भिन्न रहन-सहन और विश्वासों की जनजातियां हैं, साथ ही मुख्यधारा के नगरवासी और ग्रामवासी हैं, उनमें भी सभी क्षेत्रों में परस्पर सांस्कृतिक एकरूपता नहीं है। आज भी तमिलनाडु, बंगाल, उत्तर प्रदेश-बिहार, राजस्थान और पंजाब के गांवो के रहन-सहन, वेश-भूषा, उत्सवों, त्योहारों में स्पष्ट भिन्नता है! गांवों का असर स्थानीय क़स्बों और छोटे शहरों में भी देखा जा सकता है। वर्ण और जाति की उत्पत्ति के पीछे तथाकथित आर्यों के बाहर से आने के नस्ली सिद्धांत को ख़ारिज करते हुए स्वयं डॉ. आंबेडकर ने अपने आलेख 'जाति का उन्मूलन' (1936 में आयोजित आर्य समाज के जाति-पांति तोड़क मंडल के अधिवेशन में प्रस्तावित भाषण का प्रारूप जो टल गया) में जो कहा था, आज तक मील का पत्थर बना हुआ है-"वस्तुतः भारत की विभिन्न नस्लों के रक्त और संस्कृति में परस्पर घुलने-मिलने के बहुत बाद जाति-व्यवस्था अस्तित्व में आई। यह मानना कि जातियों का अंतर दरअसल नस्लों का अंतर है और विभिन्न जातियां इतनी सारी नस्लें हैं, तथ्य की घोर विकृति होगी। पंजाब के ब्राह्मणों और मद्रास के ब्राह्मणों में कौन सी नस्ली साम्यता है? बंगाल के अछूतों और मद्रास के अछूतों में कौन सी नस्ली साम्यता है? और पंजाब के ब्राह्मणों व पंजाब के चमारों में क्या नस्ली अंतर है? मद्रास के ब्राह्मण और मद्रास के अछूत में क्या नस्ली अंतर है? पंजाब का ब्राह्मण नस्ली तौर पर उसी वंश का है जिसका पंजाब का चमार है; मद्रास का ब्राह्मण उसी नस्ल का है जिसका मद्रास का अछूत है। जाति-व्यवस्था नस्ली विभाजन को रेखांकित नहीं करती।

मनुष्य का जैसा स्वभाव है, क्या यह संभव है कि विस्थापित होने के बाद उसमें और उसकी आने वाली पीढ़ियों में गृहदेश की स्मृतियां धुल-पुंछकर एकदम साफ़ हो जाएं? विपन्नता की बेहद विषम स्थिति में भारत से लोग गिरिमिटिया मज़दूर बनाकर फ़िजी, मॉरिशस, दक्षिण अफ्रीका, ट्रिनिडाड-टोबैगो, गायना, सुरीनाम, जमैका जैसे दूरस्थ इलाक़ों में 19वीं शती में गन्ने की खेती के लिए ले जाए गए थे जिनमें से अधिकांश ऐग्रीमेंट की अवधि पूरी होने पर वहीं बस गए। ये आप्रवासी भारतीय यहां की अपने इलाक़े की बोली, पहनावा, व्यंजन, लोकगीत, (आधा-अधूरा) वंश-वृक्ष, धार्मिक ग्रंथ (रामचरितमानस की प्रतियां लेकर गए थे) आज तक संजोकर रखे हुए हैं।ब्रिटिश अमेरिकन्स ने अतिशय साधनहीनता में, बहुत कठिन और असमान युद्ध लड़कर गृहदेश से स्वतंत्रता अर्जित की थी। किंतु उसकी स्मृति को जीवित रखने के लिए दर्जन भर से ऊपर अमेरिकन शहरों का नाम इंग्लैंड के शहरों पर 'न्यू' का विशेषण लगाकर रख छोड़ा है। उस पूरे क्षेत्र को जहां इंग्लैंड से आकर वे सबसे पहले बसे थे, न्यू इंग्लैंड कहते हैं। इस क्षेत्र के लोग अभी भी पुराने ब्रिटिश स्वराघात में अंग्रेजी बोलते हैं और वहां की आदतें नहीं छोड़ पाए हैं, जिसके चलते उन्हें (उपहासपूर्वक) 'बॉस्टन ब्राह्मण' कहा जाता है।

देवासुर संग्राम, समुद्र-मंथन और समुद्र से निकले एक से एक विलक्षण पदार्थ शुद्ध पारलौकिक मिथकों के घटक हैं। पीटी श्रीनिवासन ऐंगर ने अपनी गहन शोध के आधार पर सिद्ध किया है कि आर्य, दास, दस्यु किसी नस्ल के नहीं, संप्रदाय या पंथ के सूचक हैं।

प्रसंगवश

आरक्षण बढ़ाने की होड़

इन दिनों राजनीतिक दलों में जातीय आरक्षण बढ़ाने की होड़ लगी है। प्रायः सभी अपने को सवर्णेतर जातियों का हितैषी सिद्ध करने में लगे हैं। ताज़ा बयान राहुल गांधी का है, जिनका कहना है कि वे सुप्रीमकोर्ट द्वारा निर्धारित 50 प्रतिशत की आरक्षण सीमा अतिक्रमित करने के पक्षधर हैं। वे, सत्ता में आने पर, इ स सीमा को हटाने का कानून बनाएंगे और इसे संविधान की नवीं सूची में डालेंगे, ताकि सुप्रीमकोर्ट इसमें कोई हेरफेर/विचार ही न कर सके। इसके पहले नीतीश कुमार बिहार में जातीय जनगणना करा चुके हैं और उसी आधार पर आरक्षण देने के लिए प्रयासरत हैं। काफी पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मुखिया मोहन भागवत ने कह दिया था कि आरक्षण की समीक्षा होनी चाहिए, तो भूचाल आ गया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह (दोनों पिछड़े वर्ग से) ने कहा कि उनके जीते जी आरक्षण कैसे समाप्त होगा। बताते चलें कि संविधान में इसे अस्थायी व्यवस्था कहा गया है और संविधान निर्माताओं ने इसे दस वर्ष के लिए किया था। तब से अब तक यह समयावधि लगातार बढ़ाई जा रही है। इस प्रावधान पर हलका फुलका प्रहार किया है, तो केवल सुप्रीमकोर्ट ने। वहां से उपर्युक्त 50 प्रतिशत की सीमा तय की गई है और वहीं से हाल ही में कोटे के अंदर कोटा तय करने की अनुमति दी गई है। अपने इस ताजे आदेश में न्यायालय ने यह भी टिप्पणी कर दी है कि 'क्रीमी लेयर' वाले लोगों को यह लाभ मिलना ठीक नहीं; यानी आरक्षित वर्ग के जो लोग पर्याप्त संपन्न हो चुके हैं, उन्हें अब यह लाभ न दिया जाय। केंद्र सरकार कतिपय दलों की बैसाखियों पर टिकी है। इनमें एक बैसाखी चार सदस्यों वाली बिहार की लोक जनशक्ति पार्टी है, जिसके नेता दलित वर्ग के चिराग़ पासवान हैं। वे केंद्र मंत्री भी हैं। उनकी घुड़की पर मोदी झुक गए और यह सरकारी घोषणा हो गई कि इस सुप्रीम आदेश को अमली जामा नहीं पहनाया जाएगा। राहुल अपने को ब्राह्मण घोषित करते हैं। तब आरक्षण बढ़ा कर वे अपने ही वर्ग पर कुठाराघात क्यों कर रहे हैं!

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

परिवेश और आनुवंशिकता

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

माता पिता और उनकी वंश परंपरा आदमी के रूप, नाक-नक्श पर प्रत्यक्ष होती है। किसी बच्चे को तुरंत पहचान लिया जाता है यह उसका बेटा है।

मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंतःकरण। अन्तःकरण अर्थात्मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्त्व हैं एक -परिवेश है और दूसरा तत्व - आनुवंशिकता है।

मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह -यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है। अफ्रीका का आदमी, अमेरिका का आदमी या फ्रांस का आदमी एक जैसे रंग रूप देह -यष्टि के नहीं होते। चीन के आदमी का कद, रंग, उसकी आंखें, उसकी खोपड़ी, उसके हाथ पैर अलग-अलग रूप- रंग और आकृति के होते हैं। फिर समुद्र के पास रहने वाला आदमी पर्वतों के पास रहने वाले आदमी से भिन्न होता है। एक की छाती अधिक मजबूत है और दूसरे की टांगें अधिक मजबूत हैं। यह भिन्नता प्राकृतिक-भौगोलिक परिवेश के कारण होती है। देह- तत्व को प्रभावित करने वाला दूसरा प्रभावशाली तत्व उसकी आनुवंशिकता है।

माता पिता और उनकी वंश परंपरा आदमी के रूप, नाक-नक्श पर प्रत्यक्ष होती है। किसी बच्चे को तुरंत पहचान लिया जाता है यह उसका बेटा है। अनेक व्याधियां आनुवंशिक होती हैं। बहुत सी लोकोक्तियां आनुवंशिकता पर हैं अब तो आनुवंशिकी (जैनेटिक्स) का विकास हो रहा है। जिस प्रकार माता पिता और माता-पिता की वंश- परंपराओं से हमने अपना शरीर प्राप्त किया है। उसी प्रकार हमारा मन भी उसी वंश-परंपरा का दाय है! इसीलिए हमारा मन बीते हुए युगों का एपीटोम है। हमारे अर्द्धचेतन और अचेतन मन में युग युगांतर की स्मृतियां सो रही हैं। शरीर की तरह हमारा मन भी अविच्छिन्न - परंपरा का ही दाय है। जिस प्रकार शरीर पर परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है उसी प्रकार मनुष्य की मानसिक -संरचना अर्थात् मन पर भी परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है। मनुष्य की मानसिक-संरचना में आनुवंशिकी का प्रभाव बहुत स्पष्ट होता है - नानी की टेव धेवती में आयी। मूसे के जाए बिले खोदेंगे! मन पर परिवेश का प्रभाव सांस्कृतिक-तत्व के रूप में होता है। बालक का जन्म शून्य में नहीं होता, सांस्कृतिक-परिवेश में होता है। बालक उस परिवेश से ही बोली और भाषा ग्रहण करता है तथा बोली और भाषा की तरह ही सांस्कृतिक-तत्त्व ग्रहण करता रहता है।

प्रत्येक सांस्कृतिक-परिवेश की विचार-प्रणाली होती है, आचार-प्रणाली होती है, विश्वास-प्रणाली होती है, सौंदर्यचेतना होती है! प्रत्येक सांस्कृतिक-परिवेश में सैकड़ों अवधारणाएं प्रचलित होती हैं। मनुष्य के चित्त का आधार पा कर वे अवधारणाएं भौतिक-शक्ति जैसी बन जाती हैं। इसलिए बालक का मन अपने सांस्कृतिक-परिवेश से रचा-पचा होता है। इस प्रकार मनुष्य की आंतरिक और बाहरी संरचना में -परिवेश और आनुवंशिकता- दोनों तत्व निर्णायक और प्रभावकारी होते हैं। परिवेश को जीवन का निर्णायक तत्व मानने वाले विचारकों के तीन वर्ग उभरे-भौगोलिक निर्णायकवादः जो मानते थे कि भौगोलिक-परिवेश ही जीवन और संस्कृति का निर्धारक-तत्व है। भौगोलिक-परिवेश मानव-चरित्र का निर्माता है। पणिक्कर ने याद दिलाया कि सभ्यता का उदय और विकास भूमध्यसागर, नील, दजला, फरात, सिंध, गंगा और समुद्र-तट के प्रदेशों में हुआ। रेगिस्तान के लोगों में स्नान के प्रति श्रद्धा नहीं है।

सांस्कृतिक-निर्णायकवादः इस वर्ग के विचारकों का सिद्धांत है कि मानव-जीवन का निर्णायक-तत्व संस्कृति है।जीवन और प्रकृति के प्रति जो दृष्टिकोण हमें अपने सांस्कृतिक-परिवेश से प्राप्त होता है, वही निर्णायक-तत्व है। आर्थिक निर्णायकवादः आगे चल कर आर्थिक निर्णायकवाद का विकास हुआ, जिनमें सबसे सशक्त विचारक कार्ल मार्क्स थे। कार्ल मार्क्स ने कहा कि सामाजिसंबंध का निर्णय आर्थिपरिस्थिति और उत्पादप्रणाली के द्वारा होता है।आनुवंशिकता का सिद्धांतः जिस आनुवंशिकता से बालक को शरीर प्राप्त हुआ है, उसी आनुवंशिकता से उसे मन भी प्राप्त हुआ है। मन की प्रवृत्ति के रूप में जो तत्व है, वह भी वंश परंपरा से प्राप्त है। उसकी मानसिक-संरचना में अतीत-जीवन की स्मृतियों का कोश है -बीते युगों का स्मृति कोश! अनुवंशिकता के कारण ही मनुष्य के मन को युगंधर या बीते युगों की स्मृतियों का ऐपीटोम कहा जाता है। समस्त युग उसके अवचेतन में समाये हुए हैं। यह ऐपीटोम केवल इस जीवन का ही नहीं है, उस वंशानुक्रम के जीवन का है, जो अन्ततः आदि-पुरुष (माता-पिता) से जुड़ता है।

सोशल फोरम

गंगा जमुनी तहजीब है क्या

ठीक इसी तरह हमारी जीने मरने की रस्में शादी बियाह जैसी सभी बातों में आज आश्चर्यजनक समानता पाई जाति है।

...हो सकता है गुस्से में पूछा गया हो "अबे क्या है ये गंगाजमुनी?" या फिर ऐसे " भाई साहब गंगा जमुनी तहजीब किसे कहते हैं?" तो मैं दूसरा वाला ही समझ कर उत्तर दे रहा हूं

गंगा गंगोत्री से चलने के बाद ऋषिकेश हरिद्वार, फर्रुखाबाद, कानपुर, इलाहबाद, मिर्ज़ापुर, बनारस, बक्सर, बलिया पटना मुंगेर होती हुई चली जाती है जबकि यमुना यमुनोत्री से चल कर यमुनानगर, दिल्ली, आगरा, मथुरा, इटावा होती हुई इलाहाबाद तक पहुंचती है...

गंगा नदी से जुड़े अधिकतर शहर या तो हिंदू राजाओं नवाबों की रियासत थे या उनके तीर्थ तो दूसरी नदी यमुना के किनारे बड़ी बड़ी मुगल रियासतें.... यानी इन दोनों नदियों के बीच हिंदू मुस्लिम रियासतों और मान्यताओं की एक खिचड़ी सी बनी हुई थी ..... बची खुची मुस्लिम रियासतों से बहने वाली घाघरा, सरयू, गोमती, राप्ती जैसी नदियां भी गंगा में ही मिल जाया करती हैं।

इसी खिचड़ी के अंतर्गत एक जो हिंदू मुस्लिम ताना-बाना बुना गया और जिस तरह धर्म, संस्कृति, भाषाओं की दीवार टूट एक मिली जुली तहजीब का जन्म हुआ इसे ही गंगाजमुनी तहजीब का नाम दिया गया.....

सरोज मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भाषाई तहजीब के नाम पर इसमें उत्तराखंड की ज़बानों से लेकर उर्दू, फारसी, संस्कृत, ब्रज, अवधि, दिल्ली की उर्दू, आगरे की उर्दू, लखनऊ की उर्दू.... आगे चल कर बिहार की अलग हिन्दियां सब का समावेश होता चला गया.... और आज जो भाषा हमारे पास आई है जिसे हम हिंदी कहते हैं इसी गंगा जमुनी तहजीब के मंथन से प्राप्त हुई है....

ठीक इसी तरह हमारी जीने मरने कीरस्में शादी बियाह जैसी सभी बातों में आज आश्चर्यजनक समानता पाई जाति है यह भी सैंकड़ों सालों में इन्ही दोनों नदियों की देन रही है..... तो जनाब, बस इसी को बचाने का झगड़ा है....

- फेसबुक वॉल से

भारत में जातिवाद : एक दृष्टिकोण

हमारे शरीर के कुछ नाजुक हिस्से होते है, जिसपर हल्का सा प्रहार करते ही आदमी तिलमिला जाता है। वैसे ही कुछ संवेदशील मुद्दे समाज में भी होते हैं। जाति व्यवस्था भारतीय समाज की वैसी ही एक दुखती रग है। क्यों है और क्या है, इसके विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के पहले दुनिया के शेष हिस्सों में व्याप्त दास प्रथा के उद्भव, विकास और उससे उपजी मानवीय त्रासदी पर तनिक विचार कर लेना चाहिए। दासों से मेरा अभिप्राय बेचे-खरीदे जाने वाले गुलामों से है। सवाल है कि यह प्रथा किसकी देन और किनके षडयंत्र का नतीजा थी ? और भारत में यह प्रथा क्यों नहीं थी? बताते चलें कि पश्चिम के देशों में गुलामों को बच्चों के खिलौने के रूप में पिंजरों में रखा जाता था। गुलामों की त्रासदी का आलम बयान से परे है।

यह प्रथा ग्रीस में थी, रोम में थी, यहुदी और इस्लाम के उदय के पहले से अरब मुल्कों में भी थी। दुनिया के प्रायः देशों गुलामों के धंधे होते थे। परंतु न जाने कैसे-कैसे भारत में नहीं थी यह प्रथा! यहां गुलामों के खरीदे और बेचे जाने का इतिहास नहीं मिलता है। जानकर हैरानी होगी कि गुलामों को खरीदने और बेचने का काम केवल मुसलमानों और अंग्रेजों ने ही नहीं किया बल्कि अफ्रीकी देशों जहाँ से गुलाम खरीदे जाते थे, वहां के बाजरों में भी इन गुलामों की खरीद-बिक्री होती थी, जहां बिकने वाले दास भी अफ्रीका मूल के तो थे ही, क्रय करने वाले भी वहीं के लोग थे। तात्पर्य है कि कोई समाज विसंगतियों से मुक्त नहीं होता है किंतु सभी विसंगतियां सभी जगह नहीं होतीं, न उनका उद्गम सदा शास्त्र ही होता है। कुछ विसंगतियां समाज में स्वतः अवतरित हो जाती हैं। शास्त्र से पैदा होकर समाज में जाने की बजाए, समाज से शास्त्रों में भी आ जाती हैं। जहां तक समाज में ऊंच-नीच के भेद-भाव का तथा वर्गीकरण का सवाल है, तो समाजशास्त्रियों कि राय है कि समाज का वर्गीकरण एक स्वाभाविक प्रक्रिया है तथा कोई समाज इससे अछूता नहीं है। जातियां भी प्रायः दुनिया के हर मुल्क में थीं। ग्रीस में भी थीं और रोम में भी थीं और भेदभाव भी था और आज भी है। किंतु इन उद्धरणों को यहाँ प्रस्तुत करने का यह अर्थ कदापि नहीं कि भारत की जातिमूलक विसंगतियों और भेदभावों को उचित ठहराया जाए। छूआछूत अब भले नहीं हो या कम हो, किंतु भारतीय समाज व्यवस्था का यह एक अत्यंत दुखद और अपमान जनक पहलू है। इसके दुष्प्रभाव को कम कर नहीं आंका जा सकता है। कहना केवल इतना है कि जाति व्यवस्था और इसपर आधारित भेदभाव को हमारे यहां गलत तरीके से संबोधित किया गया है, जिसका मकसद न तो जातीय उत्थान है और न ही भेदभाव कम करना, बल्कि इसे बढ़ाना और समाज में दरार पैदा करना ही उद्देश्य रहा है।इस मुहिम में जहां गोरे सहबों की भूमिका सर्वोपरि रही, वहीं कतिपय भारतीय विद्वानों ने भी इस मुहिम में उनका साथ दिया। यही नहीं, जाति व्यवस्था की ही तरह तीन और भी नाजुक पहलुओं पर गोरे साहबों ने अपना हाथ साफ किया और बहुत चतुराई से इनका इस्तेमाल अपने हक में किया है। हिन्दू-मुसलमान विभाजन में 1909 का मोर्ले मिंटू रिफार्म, (मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचन मंडल) की भूमिका सर्वोपरि है। आर्य-द्रविड विभाजन को जहां रोबर्ट कार्डवेल ने एड़ी-चोटी एक कर मूर्त रूप दिया, वहीं सिख-हिन्दू विभाजन में मार्क आर्थर मैकालीफ ने अपने मिशन को अमली जामा पहनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। मैकालीफ ने बकायदा सिख धर्म अपनाकर ही अपना मुहिम शुरू किया। आज अलगाववाद और समाज में जहर घोलने के यही चार पहलू हैं, जिनका बीजारोपण अंग्रेजों ने 1857 के बाद तब किया जब समझ लिया कि इस समाज को बांटे बगैर अब और राज करना संभव नहीं है। दुर्भाग्य है कि इनकी करतूतों पर कोई चर्चा नहीं करता। कारण जो हो बौद्धिक पतन, हीन भावना या व्यक्तिगत स्थार्थ! किंतु यह सच है कि कतिपय अपवादों को छोड़कर इन घावों को कुरेदने में हमारे बौद्धिकों की भूमिका पहले भी थी और आज भी है।



रामचंद्र ओझा
रांची, झारखंड

मेट्रो सेवा की गति

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जिसकी आबादी 140 करोड़ से ज़्यादा है। भारत एक ऐसा देश है जो अब तेज़ी से शहरीकरण के साथ विकसित हो रहा है। इसी के साथ मेट्रो रेल भारत में तेज़ी से लोकप्रिय हो रही है। भारत में मेट्रो सेवा की शुरुआत 24 अक्टूबर, 1984 को कोलकाता में हुई थी। कोलकाता मेट्रो, भारत की पहली नियोजित और परिचालन रैपिड ट्रांज़िट सिस्टम है। भारत का मेट्रो नेटवर्क दुनिया का दूसरा बड़ा नेटवर्क बनने की ओर अग्रसर है जो तीन या चार साल में अमेरिकी नेटवर्क को पीछे छोड़ देगा।

देश में मेट्रो लाइन की लंबाई 973 किलोमीटर है यह 15 शहरों में है और यह लगभग 502 स्टेशनों को जोड़ती है। उनमें से कई भारत के मेट्रो शहर हैं। मेट्रो सेवा वाले शहरों की सूची में कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, जयपुर, गुरुग्राम, मुंबई, नोएडा, कोच्चि, लखनऊ, नागपुर, कानपुर, और पुणे आदि शामिल हैं। दिल्ली में भारत का सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है। इसके अलावा, भारत के 15 अन्य शहरों में 500 किलोमीटर से अधिक मेट्रो लाइनें कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

केंद्र सरकार ने 11 अगस्त, 2014 को घोषणा की थी कि वह 1 मिलियन से ज़्यादा आबादी वाले सभी शहरों में मेट्रो रेल प्रणाली लागू करेगी।

केंद्र सरकार ने अगस्त, 2017 में घोषणा की थी कि वह नई मेट्रो रेल परियोजना को तब तक वित्तीय सहायता नहीं देगी जब तक कि उसमें किसी तरह की निजी भागीदारी शामिल न हो।

मेट्रो रेल प्रणाली महिलाओं और शहरी युवा वर्ग के लिए यात्रा का सबसे पसंदीदा साधन है। कई मेट्रो रेल प्रणालियां तो महज कुछ ही वर्ष पुरानी हैं। फिर भी, देश की सभी मेट्रो प्रणालियों में दैनिक यात्रियों की संख्या पहले ही 10 मिलियन का आंकड़ा पार कर चुकी है और अगले एक या दो वर्षों में इसके 12.5 मिलियन से अधिक हो जाने की आशा है। भारत में मेट्रो यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि देखी जा रही है और जैसे-जैसे हमारी मेट्रो प्रणाली विकसित होगी, यह संख्या बढ़ती जाएगी। आशा है जल्द ही यह अन्य शहरों में भी विकसित होना शुरू हो जाएगी।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

श्रम न करने की आदत

श्रम न करने की आदत की वजह से युवा पीढ़ी नशे और गलत आदतों का शिकार हो रही है। युवा पढ़ाई के नाम पर वह सिर्फ खाना पूरी कर रहे हैं। एक दशक से पढ़ाई का स्तर बहुत ही ज्यादा गिर चुका है। पहले जो कार्य उनके पूर्वज करते आ रहे थे उसका परित्याग कर दिया है। क्योंकि उन्होंने अपने पूर्वजों से हुनर नहीं सीखा। और इसी वजह से वह बेरोजगार हैं। यह सत्य है की कोई भी देश शत प्रतिशत रोजगार प्रदान नहीं कर सकत। अगर अपनी पुरानी पीढ़ियों से इस हुनर जैसे नाई, मोची, हलवाई इत्यादि का हुनर सीख लिया होता, तो वह बेरोजगार ना होते और दूसरों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करते।

इसके विपरीत अन्य समुदाय ने इन्हीं सब हुनरों को सीख कर बहुत तरक्की कर रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। यह एक चिंता का विषय है एक करोड़ 30 लाख की आबादी वाले देश में हुनर मात्र कुछ प्रतिशत लोगों के पास ही बचा है। हम सबको आवश्यकता हैकि पढ़ाई के साथ-साथ कोई ना कोई हुनर अवश्य सीखना चाहिए। युवाओं को कोई भी हुनर सीखने के लिए प्रेरित करना चाहिए। श्रम करने की आदत छूट चुकी है और उसको एक साथ वापस नहीं ला सकते हैं। इस वजह से अवसाद में आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं। यदि हम किसी भी कार्य में पूरी तरह से निपुण है तो हम अपने परिवार का पालन पोषण बहुत अच्छी तरीके से कर सकते हैं। देश के विकास में भागीदारी बढ़ा सकते हैं।

डॉ. भरत गंगवार
बरेली

एक नजर

इस्लाम के खिलाफ बयान देने वाले महंत पर सख्त कार्रवाई हो : मायावती

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा प्रमुख मायावती ने गाजियाबाद में डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद द्वारा इस्लाम मजहब के खिलाफ की गयी नफरती बयानबाजी को लेकर केन्द्र व राज्य सरकार पर सीधा निशाना साधा है। बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि भारतीय संविधान में मिले अधिकारों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करे ताकि देश में शांति रहे तथा विकास भी बाधित न हो।

राजभवन में 5100 से अधिक कन्याओं का पूजन

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में रविवार को नवरात्रि के अवसर पर प्रेरणा संस्था के सौजन्य से 5100 से अधिक कन्याओं का पूजन किया। राज्यपाल ने आरती की और कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें भोज भी कराया। इस दौरान अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, संघ से कृष्ण मोहन, सरदार स्वर्ण सिंह कम्बोज, कौशल, प्रशांत भाटिया समेत राजभवन के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

महाकुंभ : खर्च होंगे 5600 करोड़, दुनिया करेगी सनातन संस्कृति से साक्षात्कार

प्रयागराज में मुख्यमंत्री ने कहा, सनातन परंपरा के सम्मान के लिए समर्पित है सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 5600 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट से प्रयागराज को भव्य और सुंदर बनाया जा रहा है। महाकुंभ का आयोजन सनातन धर्म के ध्वजवाहक अखाड़ों और विभिन्न संत परंपराओं के निर्देशन में उनके ही द्वारा किया जाता है। राज्य सरकार, इसमें सहयोगी है और दुनिया भर से आने वाले श्रद्धालुगण अतिथि हैं। महाकुंभ में पूरी दुनिया सनातन भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार करेगी। सनातन परंपरा के सम्मान के लिए सरकार समर्पित है।

प्रयागराज स्थित महाकुंभ मेला क्षेत्र में रविवार को संत समाज के साथ संवाद और पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि कुंभ-19 में करीब 25 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया था। लगभग 100 देशों के राजनयिक भी भागीदार थे। इसी क्रम में दिव्य, भव्य और नव्य महाकुंभ-2025 के लिए विभिन्न विभागों द्वारा युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है।

योगी ने महाकुंभ में सुरक्षा को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए सभी संतों-संन्यासियों, आचार्यों से अनुरोध किया कि अपने आश्रम में तब तक किसी को प्रवास की अनुमति न दें जब तक कि उनका विधिवत सत्यापन न कर लिया जाए। ब्रह्मलीन नरेंद्र गिरी जी महराज की स्मृति को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लेटे हुए हनुमान जी मंदिर के पास कॉरीडोर का निर्माण भी हो रहा है। उन्होंने सभी संतों से स्वच्छ महाकुंभ के अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न किया जाए।बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, नंदगोपाल नंदी, राकेश सचान, जयवीर सिंह, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, हर्षवर्धन वाजपेयी, विधान परिषद सदस्य केपी श्रीवास्तव, मुख्य सचिव मनोज सिंह समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, शीर्ष अधिकारी व साधु-संत मौजूद रहे।

प्रयागराज में स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज से भेंट करते मुख्यमंत्री योगी।

स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती से मिले मुख्यमंत्री

प्रयागराज आगमन पर मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती से भी भेंट की और महाकुंभ आयोजन की तैयारियों से अवगत कराया। लगभग 20 मिनट तक चली इस भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य से कहा कि सरकार संतों की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए सभी प्रबंध कर रही है। महाकुंभ 2025, कुंभ 2019 से भी दिव्य और भव्य होगा।

गोवंश संरक्षण में आगे आएं संत

संत समाज की ओर से गो-हत्या पर प्रतिबंध की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गोहत्या अपराध है। गोहत्या के विरुद्ध उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। राज्य सरकार 7 हजार से अधिक गोवंश आश्रय स्थल का संचालन कर रही है, जहां 14 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित है। संत समाज का सहयोग अपेक्षित है। सभी आश्रमों में गोवंश संरक्षण स्थल का विकास हो।

सनातन धर्मध्वज के रक्षक हैं योगी

सभी 13 अखाड़ों और विभिन्न संत परंपराओं के साधु-संतों, आचार्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन धर्मध्वज के रक्षक हैं, जिनके नेतृत्व में सनातन समाज गौरवान्वित हो रहा है। संतों ने कहा कि योगी पहले मुख्यमंत्री हैं, जो महाकुंभ के विषय में साधु-संतों, आचार्यों से इस तरह से सीधे संवाद कर रहे हैं और उनकी समस्याओं/सुझाओं को सुनकर लिपिबद्ध कर रहे हैं।

लग्जरी वैन से घूमिए, खाने-पीने का ख्याल रखेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

14 टूरिस्ट पैकेज का प्रस्ताव बनाया यूपीएसटीडीसी ने

50 करोड़ श्रद्धालु-पर्यटकों के आने की संभावना

अमृत विचार: प्रयागराज महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु, पर्यटकों को धार्मिक स्थलों की सैर कराने के लिए राज्य सरकार ने पूरी व्यवस्था कर रखी है। मनपसंद लग्जरी वाहन ही नहीं, खाने-पीने, गाइड व दर्शन आदि के भी इंतजाम किए गए हैं। महाकुंभ-2025 में 50 करोड़ श्रद्धालु- पर्यटकों के आने की उम्मीद है। उनके लिए उप्र. राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने 14 टूरिस्ट पैकेज का प्रस्ताव तैयार किया है।

इस बाबत पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रयाग दर्शन पैकेज के तहत प्रति व्यक्ति 3 से 4 लोगों को कार (डिजायर) से भ्रमण कराने की व्यवस्था है। इसके लिए प्रति व्यक्ति 2020 रुपए भुगतान करने होंगे। इसी तरह इनोवा गाड़ी से 5 से 6 लोगों को भ्रमण कराने की योजना है। इनोवा से घूमने इच्छुक लोगों को प्रति व्यक्ति 1640 रुपए खर्च करने होंगे। न्यूनतम 10 लोगों तक के लिए अरबानिया (फोर्स की 16 सीटर) की भी सुविधा है, जिसमें प्रति व्यक्ति 1330 रुपए व्यय करने होंगे।

इसी प्रकार संगम नगरी प्रयागराज से धर्मनगरी वाराणसी के लिए भी विशेष पैकेज का प्रबंध किया गया है। यूपीएसटीडीसी की ओर से प्रयागराज विंध्याचल-वाराणसी का खास दो दिन व एक रात का टूर पैकेज तैयार किया गया है। वहीं, वृद्धजनों के लिए भी प्रयागराज विंध्याचल-वाराणसी का खास दो दिन व एक रात का टूर पैकेज तैयार किया गया है। इसमें अन्य पैकेज की तरह कार या इनोवा से घूमने की सुविधा नहीं दी गई है। अरबानिया के माध्यम से न्यूनतम 10 यात्री भ्रमण कर पाएंगे। इसके लिए प्रति व्यक्ति 4345 रुपए का भुगतान करना होगा।

चार महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों प्रयागराज विंध्याचल वाराणसी-अयोध्या भ्रमण के लिए विशेष 3 दिन 2 रात का टूर पैकेज तैयार किया है। पैकेज के तहत डिजायर कार से 3 से 4 लोगों को भ्रमण के लिए प्रति व्यक्ति 8480 रुपए भुगतान करने होंगे। प्रयागराज-अयोध्या के लिए भी टूर पैकेज तैयार किया है। इस एक दिन के टूर पैकेज के लिए कार से सफर करने वालों को प्रति व्यक्ति 2560 रुपए भुगतान करने होंगे। इसी तरह, इनोवा से 5 से 6 लोग 2030 रुपए प्रति व्यक्ति लिया जाना है।

लोगो में महाकुंभ का ध्येय वाक्य 'सर्वसिद्धिप्रद: कुंभ:

अमृत विचार, लखनऊ : महाकुंभ 2025 के लोगो में ध्येय वाक्य 'सर्वसिद्धिप्रद : कुंभ : (सभी प्रकार की सिद्धि प्रदान करने वाला कुंभ) है। महाकुम्भ में देश भर से सभी संप्रदायों के साधु-संत बड़ी संख्या में शामिल होते हैं, जिन्हें लोगो में एक साधु द्वारा महाकुम्भ के लिए शंखनाद करते दिखाया गया है। वहीं दो साधुओं को प्रणाम की मुद्रा में दर्शाया गया है। इसके अलावा संगमनगरी के किनारे स्थित सभी धर्मिक स्थलों और सनातन परंपरा से संबंधित सभी परंपराएं शामिल की गई हैं। लोगो में शामिल अमृत कलश के मुख को भगवान विष्णु, गर्दन को रूद्र,आधार को ब्रम्हा, बीच के भाग को समस्त देवियों और अंदर के जल को संपूर्ण सागर का प्रतीक माना जाता है।

संपत्ति का ब्योरा देने के लिए कुछ और समय मांग रहे कर्मी

अमृत विचार, लखनऊः इस दिवाली पर सेलरी न आने की आंशका से परेशान सरकारी कर्मचारियों ने अपने-अपने विभागाध्यक्षों से संपत्ति का ब्योरा देने के लिए कुछ समय और मांगा है।

दरअसल, राज्य सरकार ने बार-बार आदेश के बाद भी संपत्ति का ब्योरा न देने वाले 32,624 कर्मियों का सितम्बर माह का वेतन रोक दिया है। विभागीय लेखाधिकारियों को भी सख़्त हिदायत दी गई है कि जब तक संपत्तियों का ब्योरा नहीं दे देते इन कर्मियों का वेतन जारी न किया जाए।

कर्मचारियों की कुल संख्या 82, 5967 है। इनमें से 30 सितंबर तक 79, 3343 कर्मचारियों ने ही आय का ब्योरा दिया। शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, सभी विभागों को संपत्ति का ब्योरा न देने वाले कर्मचारियों का सितंबर का वेतन रोकने का आदेश पहले ही दे दिया गया था। इन विभागों से निर्देशों के अनुपालन की रिपोर्ट भी मांगी जा रही है।

भाजपा सरकार में नहीं हो सकता निष्पक्ष चुनाव : राकेश टिकैत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ महापंचायत में बकाया गन्ना व सर्किल रेट बढ़ाकर किसानों को मुआवजा देने का उठाया मुद्दा

अमृत विचार: भाजपा सरकार में कोई भी चुनाव निष्पक्ष नहीं हो सकता है। यह आरोप रविवार को ईको गार्डन में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने चौ. महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती पर आयोजित महापंचायत में लगाए।

हाल में हुए गन्ना समितियों के चुनाव का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि सत्तापक्ष के प्रत्याशियों को लाभ पहुंचाने के लिए चुनाव में हर हथकंडे अपनाए गए। विरोधियों के पर्चे खरिज कर दिए। इसलिए जो आगे चुनाव होने हैं वह भी निष्पक्ष नहीं होंगे। इसके विरोध में सभी जिलों में किसान एकजुट होकर महापंचायत करें। इसके अलावा सरकार गन्ना किसानों का करीब 1.95 करोड़ भुगतान नहीं कर पाई है। जिलों पर फसलों के लिए उर्वरक की आपूर्ति नहीं है। किसानों को फसल के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि, विकास प्राधिकरण व आवास विकास द्वारा जमीन अधिग्रहण का मुआवजा कम सर्किल रेट पर दिया जा रहा है। सर्किल रेट 2014 से नहीं बढ़ाया गया है। सरकार रेट बढ़ाकर नये सिरे से दरें निर्धारित करके किसानों को मुआवजा दे। लखनऊ में कई आवासीय योजनाओं के लिए जमीन ली गई, जिनका भुगतान अब तक मुआवजा किसानों को नहीं मिला है। अमौसी एयरपोर्ट के पास अधिग्रहित की गई जमीन का भी किसानों को मुआवजा दिया जाए। महापंचायत में राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह लंबरदार व प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजपाल शर्मा, प्रदेश सचिव राम प्रकाश सिंह एडवोकेट, जिलाध्यक्ष आलोक वर्मा शामिल रहे।

अमिताभ ठाकुर ने की टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व आपीएस अमिताभ ठाकुर ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से उनके ऑफिस अकाउंट से 5 अक्टूबर को समय 4:07 सायं पर किए गए अनुचित, आपत्तिजनक और अशालीन टिप्पणी के संबंध में कार्रवाई की मांग की है।

ऊर्जा मंत्री को रविवार को भेजे अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि इस पोस्ट में अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। यह अकाउंट स्वयं को उनका ऑफिस अकाउंट बताता है और उनके द्वारा भी अपने सभी पोस्ट इनको टैग किए जाते हैं। अमिताभ ठाकुर ने इस पोस्ट के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर व आवश्यक विधिक कार्यवाही करने और भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होने के निर्देश देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि अगर 24 घंटे में कार्रवाई नहीं होती है तो आजाद अधिकार सेना अग्रिम आवश्यक कार्रवाई करेगी।

फार्मेसी कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया ठप, लाखों छात्र अधर में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पीआईसी नियमों के अनुसार प्रति वर्ष जारी करता है मान्यता

▸▸ इस वर्ष अब तक किसी फार्मेसी कॉलेज को मान्यता नहीं मिली

अमृत विचार: फार्मेसी कॉलेजों में सत्र 2024-25 में अब तक प्रवेश प्रक्रिया ही शुरू नहीं हुई है। फार्मेसी कॉलेज में प्रवेश के लिए इंतजार कर रहे लाखों छात्र काउंसिलिंग का इंतजार कर रहे हैं।

प्राविधिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत प्रदेश भर में संचालित कॉलेजों को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) मान्यता प्रदान करता है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि पीसीआई हर साल नए और पुराने सभी संस्थाओं को मान्यता को रिव्यू करता है और उसे दोबारा से प्रवेश की अनुमति देता है। इस वर्ष अब तक पीसीआई ने प्रदेश के किसी भी फार्मेसी कॉलेज को मान्यता नहीं दी है। प्राविधिक शिक्षा परिषद की ओर दो बार पीसीआई को पत्र भेजा जा चुका है। ऐसी स्थिति में जब तक प्रदेश के सभी फार्मेसी कॉलेज की मान्यता प्रक्रिया पीसीआई से पूरी नहीं हो जाती तब तक दाखिले शुरू नहीं किए जा सकते। हालांकि पॉलीटेक्निक कॉलेजों में संचालित अन्य पाठ्यक्रमों में पांच से छह बार काउंसिलिंग हो चुकी है।

सभी शिक्षण संस्थानों का सत्र पटरी पर लाने के लिए मई 2025 तक परीक्षाएं पूरी कराने का लक्ष्य रखा गया था। सरकार की तरफ से स्पष्ट निर्देश था कि शैक्षिक संस्थान अपनी प्रक्रिया समय से पूरी कर लें। इसे देखते हुए प्राविधिक शिक्षा परिषद ने सभी संस्थानों को 14 अगस्त से सत्र आरंभ करने का निर्देश दिया था।

एक लाख अधिक छात्रों को है इंतजार

प्राविधिक शिक्षा परिषद से कुल 2056 फार्मेसी कॉलेजों को प्रदेशभर में मान्यता मिली हुई। 1670 फार्मेसी कॉलेज पुराने हैं जबकि 386 फार्मेसी कॉलेज नए है। इन सभी फार्मेसी कॉलेज में कुल 136136 सीटें हैं। फार्मेसी कॉलेज की 136136 सीटों के सापेक्ष प्रवेश के लिए इसबार कुल 150930 छात्रों ने आवेदन किया था। जबकि प्रवेश परीक्षा में कुल 112709 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया था।

आईएएस अफसर बन महिला आयोग की सदस्य से मांगी पर्सनल डिटेल

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य के मोबाइल पर कॉल कर व्हाट्सएप पर पर्सनल डिटेल मांगी गई। फोन करने वाले ने कभी डीएम उन्नाव तो कभी प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री के नाम पर झांसा दिया। साजिश की आशंका को भांप पीड़िता ने कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. प्रियंका मौर्या कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी सेक्टर-बी में रहती हैं। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि 9 सितंबर को डा. प्रियंका के मोबाइल पर एक कॉल आई। खुद को डीएम उन्नाव बताते हुए कॉल करने वाले ने व्हाट्सएप पर पर्सनल डिटेल भेजने को कहा। 30 सितंबर को उनके पास एक और अनजान नंबर से फोन आया। इस बार फोन करने वाले ने स्वयं को मुख्यमंत्री का प्रमुख सचिव बताया और कहा कि वह अपनी सारी डिटेल्स व्हाट्सएप के माध्यम से करें। कुछ देर बाद मुख्य सचिव का पीए बताकर कहा कि मुख्यमंत्री आपको बड़ी जिम्मेदारी देना चाहते हैं। इसलिए अपनी सारी डिटेल तत्काल भेज दें। परेशान होकर डा. प्रियंका ने कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मोबाइल एप से होगा गरीबों का चिह्नीकरण और सत्यापन

गरीबी मुक्ति अभियान : मुख्यमंत्री ने दिया डिजिटल तकनीक अपनाने का निर्देश, पोर्टल और एप पर अपलोड होंगे आंकड़े

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : अगले एक वर्ष में प्रदेश को देश का पहला गरीबी मुक्त राज्य बनाने के संकल्प को तय समय में पूरा करने के लिए ले चुके मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को डिजिटल तकनीक अपनाने का निर्देश दिया है। इससे न सिर्फ निर्धनतम परिवारों का चिन्हीकरण और स्थलीय सत्यापन होगा, बल्कि विभागों से संचालित योजनाओं के तहत दिए जाने वाले लाभ की जानकारी भी अपडेट रहेगी। साथ ही जिले स्तर से लेकर शासन स्तर तक मॉनीटरिंग भी आसान होगी।

अभियान के तहत http://zero-poverty.in नोडल पोर्टल की तरह कार्य करेगा, जबकि सभी विभागों के लिए पोर्टल में उनके विभाग या इकाई के नाम प्रीफिक्स में उल्लेख होगा, जैसे बेसिक एजुकेशन विभाग के लिए पोर्टल (सब डोमेन) का नाम http://basic-education.zero-poverty.in होगा। सभी विभागों की सूची पोर्टल के मेन्यू में दिखाई देगी, इसलिए किसी भी विभाग के पोर्टल के नाम पर भ्रम नहीं होगा।

मॉप-अप एप

मॉप-अप मोबाइल एप का प्रयोग निर्धनतम परिवारों की पहचान करने के लिए किया जाना है। ग्राम स्तरीय कर्मचारी तथा ग्राम स्तरीय 5 सदस्यीय समिति के सदस्य/पदाधिकारी इस एप का उपयोग करेंगे। इस एप की मदद से ग्राम स्तरीय कर्मचारियों की टीम 30 दिन के अंदर अपने ग्राम पंचायत में निवास कर रहे सभी (10-25) निर्धनतम परिवारों की पहचान कर सकेगी। रिकॉर्ड समिति को एप के डैशबोर्ड में दिखाई देगा। वे स्थलीय सत्यापन कर एप पर ही अभिमत व्यक्त करेंगे।

रिश्ता एप

आजीविका मिशन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित रिश्ता मोबाइल एप पर बीसी सखी की सभी प्रक्रियाएं व प्रगति संबंधी गतिविधि व टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म पर बैंकिंग ट्रांजेक्शन के विवरण/रिपोर्ट मिलेगी। ग्राम्य विकास विभाग व शासन को इस एप से चिह्नित परिवारों को डीबीटी की राशि व भुगतान से जुड़ी बैंकिंग सेवाओं की सूचना मिलेगी होगी। डीबीटी भुगतान की लाभार्थियों तक पहुंच की सूचना बीसी सखी रियल टाइम पर पोर्टल के कंसोल पर उपलब्ध होगी।

सीएम हेल्पलाइन से मिलेंगे अलर्ट और नोटिफिकेशन

सभी संभावित निर्धनतम परिवारों के अलावा सभी ग्राम स्तरीय कर्मचारियों तथा ग्राम स्तरीय समिति के सदस्यों का डेटाबेस पोर्टल पर उपलब्ध होगा। ऐसे सभी पंजीकृत यूजर्स को सीएम हेल्पलाइन द्वारा न सिर्फ वेब आधारित कॉल किया जाना संभव होगा, बल्कि मॉप-अप मोबाइल एप के माध्यम से उन्हें आवश्यकतानुसार अलर्ट, नोटिफिकेशन तथा अपडेट के संदेश भी भेजा जाना संभव होगा। मॉप-अप मोबाइल एप पर वॉइस मैसेज की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के किसी सुदूर स्थान से भी कोई अपनी बात शासन तक पहुंचा सके।

वर्ग पहेली-214

बाएं से दाएं

2.1. शुचि या शुद्ध होने की अवस्था

4.1. मुंह

5.1. एक ही चीज़ खाकर रहने का व्रत या प्रतिज्ञा 2. दिन या रात में एक ही बार भोजन करने का व्रत या नियम।

7.1. कच्चेपन की गंध 2. किसी फल अथवा अन्य खाद्य-पदार्थ के कच्ची अवस्था में रहने पर निकलने वाली गंध अथवा महक।

ऊपर से नीचे

1. देवदार का वृक्ष।

3. पक्षियों का शिकार करने वाला व्यक्ति, बहेलिया।

4.1. शेर या बाघ का गरजन, गर्जना 2. रोते समय ज़ोर से चिल्लाने का शब्द, चीत्कार, आर्तनाद 3. डांट।

5. एक से अधिक, अनेक।

6.1. किसी रोग या रक्तविकार के कारण चेहरे या शरीर पर पड़ने वाले हलके काले धब्बे या दाग 2. काली छाया, परछाईं 3. झलक, आभा 4. अंधकार 5. छल, धोखा 6. प्रतिध्वनि। (मु.)-देना : इधर-उधर की बातें कह कर धोखा देना।

1	■	■	2	3	
	■	■	■		■
	■	■	4		
■	5				■
■		■		■	6
■		■	■	■	
■	7				■

वर्ग पहेली -213 का हल

1 पु	ता	ई	■	■	2 ब
■	■	■	3 गि	लो	य
4 अ	ड़	ब	ल	■	ना
■	■	■	ह	■	■
5 स	ह	च	री	■	6 फ़ा
मि	■	■	■	■	र
7 ध	म	ध	म	■	स

सुडोकू-127

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				2			7	
1					8			
6	4						3	
			9			4		
8								1
	5	3			1			
	7						2	8
			4		5	9		
	9			6				

सुडोकू - 126 का हल

2	7	5	9	6	3	8	4	1
6	1	8	4	7	5	9	3	2
4	9	3	8	2	1	5	6	7
8	5	2	1	9	4	3	7	6
9	6	7	3	8	2	4	1	5
1	3	4	6	5	7	2	9	8
7	8	1	2	4	9	6	5	3
5	4	6	7	3	8	1	2	9
3	2	9	5	1	6	7	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 अक्टूबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 09 .47 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 8 अक्टूबर 02 .25 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष आज आपके मन में असहाय लोगों के प्रति करुणा और उदारता की भावना उत्पन्न होगी। ऐसा करने के बाद आपके मन में अलग ही खुशी की भावना का संचार और नई आशाओं का संचार होगा। पिता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता रहेगी।

वृष आज सुख-सुविधाओं के संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोग अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। आप पूरा मन लगाकर अपना काम करेंगे। अवांछित खर्चों को कम करने में आपको सहायता मिलेगी। परिवार में आपसी सामंजस्य और सौहार्द्र बढ़ेगा।

मिथुन आज अभिनय के क्षेत्र से जुड़े लोगों को जनता का भरपूर प्यार मिलेगा। व्यापारिक यात्रा की योजना बन सकती है। आपको ऐसे काम भी करने पड़ सकते हैं,जिसे आप नहीं करना चाहते हैं। गठिया रोगियों को तापांतर होने के कारण कुछ जकड़न जैसी महसूस हो सकती है।

कर्क आज करियर को लेकर आप काफी संतुष्ट रहेंगे। लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल होंगे। आपकी बौद्धिक क्षमता की प्रशंसा होगी। निर्माण कार्यों में उत्कृष्ट प्रगति होने की संभावना है। आपकी मानसिक स्थिति भी कमजोर हो सकती है।

सिंह आज उच्च शिक्षा ले रहे लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। जान-पहचान के लोगों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। सुख के संसाधनों का भरपूर आनंद उठाएंगे। खोया हुआ सम्मान आपको वापस मिलेगा। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से आपको अपमान झेलना पड़ सकता है।

कन्या आज अपने काम से काम रखना आपके लिए हितकारी होगा। कठिन संघर्ष के बाद आपको सफलता मिलेगी। व्यापार को बढ़ाने वाले योग बन रहे हैं। आप समाज के लोगों के प्रति सेवा भाव रखेंगे। सोमवार और मंगलवार विशेष रूप से शुभ दिन सिद्ध होंगे।

तुला आज आप काम पर फोकस करेंगे। सार्वजनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का संपर्क क्षेत्र व्यापक होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान मजबूत होने वाली है। मेहनत के सफल परिणाम आपको मिलेंगे। जीवनसाथी आपकी काफी देखभाल करेगा।

वृश्चिक आज व्यवसाय में आप बड़ा निवेश कर सकते हैं। लोग आपकी वाणी से काफी प्रसन्न रहेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए सप्ताह बहुत ही अच्छा है। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। बॉस के साथ आपके संबंध मधुर होंगे।

धनु आज कार्यक्षेत्र में काफी अच्छी स्थितियां रहेगी। जीवनसाथी का भावुक स्नेह आपको भीतर से प्रसन्न करेगा। पारिवारिक जीवन काफी खुशहाल रहेगा। तकनीक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए सप्ताह बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

मकर आज स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। जॉब में लक्ष्यों को आसानी से पूर्ण कर लेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से काफी स्वस्थ रहेंगे। अनुभवी व्यक्तियों की सलाह से आपको काफी अच्छी सलाह मिल सकती है। धैर्य और विवेक से काम लेना हितकर होगा।

कुंभ आज कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। ऐसा भी संभव है की आपकी आय में वृद्धि हो। नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। प्रियजनों के साथ अपने अनुभवों को साझा करेंगे। आपके मन में किसी कारणवश असन्तोष उत्पन्न हो सकता है।

मीन आज कार्यक्षेत्र में आपके निर्णयों की प्रशंसा होगी। साझेदारी के कार्यों में लाभ प्राप्त होगा। आपके मन में नए विचार आएंगे। नौकरीपेशा लोगों के संपर्क का दायरा बड़ा हो सकता है। परिजनों के व्यवहार से असंतुष्ट हो सकते हैं। तनाव को अपने ऊपर न हावी होने दें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
जीवन युद्ध — सुबह : 10 .50
तकदीर का तमाशा — रात : 07 .08

&pictures
रोबोट — सुबह : 10 .48
कृष — रात : 08 .00

SONY PIX
स्पाइडर मैन — सुबह : 10 .52
2012 — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
क्रैक — सुबह : 11 .09
आरआरआर — रात : 08 .00

ZEE ACTION
सौगंध — सुबह : 10 .45
राधे — रात : 07 .30

आज की सुपरहिट फिल्म


जी सिनेमा पर रात :08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टीचर-चंपू तुम बताओ।
अकबर ने कब तक शासन किया था?
चंपू-सर जी, पेज नंबर 12 से लेकर पेज नंबर 22 तक।
फिर क्या, टीचर ने चंपू का कूट-कूटकर उस पर अपना शासन किया।

एक बार टीचर ने स्टूडेंट से पूछा चलो तुम बताओ।
एक साल में कितनी रात्रि होती है?
स्टूडेंट ने कहा-10 रात्रि
टीचर 10 कैसे?
स्टूडेंट साल भर की 9 नवरात्रि और एक शिवरात्रि।
स्टूडेंट का जवाब सुनते ही टीचर शॉक हो गई।

एक नजर

चार लोगों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के परसी डेरा गांव में ट्यूबवेल में हार जीत की बाजी लगा कर जुआ खेल रहे चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बाद में निजी मुचलके में सभी को रिहा कर दिया। परसी डेरा गांव में गांव के बाहर बने ट्यूबवेल में कुछ लोग हार जीत की बाजी लगा कर जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना मुखबिर ने थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर चार लोगों को पकड़ा। जिनके पास से मौके से 1450 रुपये व जामा तलाशी में 650 रुपये बरामद हुए। इनमें जनक सिंह पुत्र गरीबदास निवासी चकोठी, रामकेश पुत्र दिबिया निवासी लल्ली का डेरा, राम गोपाल पुत्र बुधुवा व महावीर पुत्र बुधुवा निवासीगण परसी डेरा शामिल है। पुलिस ने चारों आरोपियों को थाने से निजी मुचलके में रिहा कर दिया।

कोतवाली नगर पुलिस ने जिलाबदर को दबोचा

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस ने बड़ा गांव निवासी जिला बदर को गिरफ्तार किया है। कोतवाल अनूप सिंह ने बताया कि बड़ागांव निवासी आशीष सिंह को कुछेछा चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। इसे 23 जुलाई को गुंडा नियंत्रण अधिनियम में न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद की सीमा से 6 माह के लिए निष्कासित किया था, लेकिन वह आदेशों की अहवेलना कर गांव व आसपास ही रह रहा था।

पंडाल में लाइट ठीक कर रहे युवक की करंट से मौत

घटनास्थल के पास खेल रहे बच्चों ने घटना की जानकारी तत्काल कमेटी व गांव के लोगों को दी

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

कपिल।

अमृत विचार। जरिया थाना क्षेत्र के बरगवां गांव में पंडाल की लाइन ठीक करते समय 24 वर्षीय युवक करंट की चपेट में आकर नीचे गिर गया। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

बरगवां गांव में शारदीय नवरात्र के पर्व पर सांठिया कुंआ के पास पंडाल सजाकर मां दुर्गा की मूर्ति रखी गई है। विद्युत खंभे से पंडाल के लिए लाइट जुड़ी है। शनिवार की देर शाम गांव के लखन अहिरवार का बड़ा बेटा कपिल (24) पंडाल में लाइट का तार सुधार रहा था। उसी दौरान अचानक करंट लगने से नीचे गिर पड़ा। वहीं पास में खेल रहे बच्चों ने घटना की जानकारी कमेटी व गांव के लोगों को दी। ग्रामीण आनन फानन में उसे सीएचसी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक अविवाहित था। लखन ने बताया कि मृतक दिल्ली में मजदूरी करता था। मृतक अपने पीछे माता पिता व छोटे भाई अजय व बहन रचना को रोते बिलखते छोड़ गया है।

थानाध्यक्ष जरिया भरत कुमार ने बताया कि पंडाल में माइक सही करते समय करंट लगा है। उरई मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराया है। अभी परिजनों द्वारा तहरीर नहीं आई है।

सीएचसी में लगी कपिल के परिजनों व ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

डीसीएम में फंसे चालक को हाइड्रा की मदद से निकालती पुलिस। अमृत विचार

डीसीएम लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकराई, चालक केबिन में फंसा

- पुलिस ने हाइड्रा की सहायता से चालक को निकाल कर पीएचसी में भर्ती कराया

सुमेरपुर (हमीरपुर)। शनिवार की रात करीब 12:00 बजे नेशनल हाईवे पर 132 केवी पावर हाउस के सामने धर्म कांटा की तरफ लकड़ी भरी ट्रैक्टर ट्राली को अचानक मोड़ने से पीछे से आ रही डीसीएम की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में डीसीएम चालक केबिन में फंसकर घायल हो गया। जिसको पुलिस ने हाइड्रा की सहायता से निकाल कर पीएचसी में भर्ती कराया।

फतेहपुर जनपद के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी रामप्रसाद डीसीएम लेकर मौदहा की तरफ जा रहा था।

रात करीब 12:00 बजे हाईवे में बड़े पावर हाउस के सामने आगे लकड़ी लादकर जा रहा ट्रैक्टर ट्राली अचानक मुड़ने लगा। तभी डीसीएम ट्राली में टकरा गई। इस घटना में लकड़ी से लदी ट्राली हाईवे पर पलट गई और डीसीएम की केबिन क्षतिग्रस्त होने से चालक अंदर फंस गया। वहीं ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला।

घटना की सूचना पाकर फैक्टरी एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज शिव सहाय सरोज मौके पर पहुंचे और हाइड्रा की मदद से चालक को केबिन से बाहर निकाल कर कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- मां ने लगाया दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या का आरोप

अमृत विचार। मझगवां थाने के टोला रावत गांव में एक नवविवाहिता ने घर के अंदर फांसी लगा ली। परिजनों ने जब तक उसे देखा महिला की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं मायके पक्ष के लोगों ने दहेज की मांग पूरी न करने पर पति सहित अन्य ससुरालीजनों पर पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार टोलारावत गांव की निवासी वेदिका (19) पत्नी प्रिंस ने शनिवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अपने मकान में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। महोबा जनपद के अजनर थाना क्षेत्र के महुआबांध गांव निवासी मृतक की मां वीरवती ने बताया कि उसने अपनी पुत्री वेदिका की शादी 6 माह पहले टोला रावत गांव निवासी प्रिंस पुत्र बलराम के साथ की थी। आरोप लगाते हुए बताया कि ससुरालीजन दहेज की मांग कर रहे थे। आरोप लगाया कि मांग पूरी न होने पर उसकी पुत्री की हत्या कर दी। मझगवां थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

संदिग्ध अवस्था में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

राठ (हमीरपुर)। मुस्करा थाने के पहाड़ी भिटारी गांव में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते खेत में लगे आंवले के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगा ली। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार पहाड़ी भिटारी गांव निवासी मातादीन कुशवाहा (28) पुत्र छेदीलाल ने अपने खेत में लगे आंवले के पेड़ पर रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जब मातादीन के परिजनों ने उसे फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। परिजनों ने बताया कि मातादीन अपने चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। मातादीन की शादी नहीं हुई थी। मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार के भरण पोषण करता था। अचानक हुई इस घटना से मृतक युवक के परिवार में कोहराम मचा हुआ था। मुस्करा थानाध्यक्ष ने बताया शव का पोस्टमार्टम करा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा कि युवक की मौत कैसे हुई।

जांच के बाद केपीटीएल ने सेफ्टी टीम को किया निलंबित

फॉलोअप

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

अमृत विचार। बीते शुक्रवार को सुबह कस्बे के प्लेटफार्म संख्या तीन में रेलवे की कार्यदायी संस्था के लापरवाही से दुर्घटनाग्रस्त होते बची मेमू ट्रेन के मामले में केपीटीएल ने अपनी सेफ्टी टीम को निलंबित कर दिया है। वहीं मामले की जांच कर रही जीआरपी ने कहा कि विवेचना जारी है। कार्यदायी संस्था के लोगों को चिन्हित कर लिया गया है। जल्द ही इनको नामजद करके गिरफ्तारी की जाएगी।

बीते शुक्रवार को कानपुर से मानिकपुर जा रही मेमू ट्रेन सुबह 8:30 बजे कस्बे के प्लेटफार्म संख्या तीन की लाइन में लकड़ी के बड़े-बड़े बोटे पाए जाने पर चालक की सतर्कता से ट्रेन डिरेल होते बची थी। घटना के बाद से ही रेल पथ निरीक्षक उपेंद्र कुमार स्टेशन के निर्माण में लगी संस्था केपीटीएल को दोषी ठहरा रहे थे। बाद में इन्होंने जीआरपी बांदा में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद केपीटीएल ने अपनी सेफ्टी टीम को निलंबित कर दिया है। थानाध्यक्ष जीआरपी नवेंद्र शेखर अग्निहोत्री ने बताया कि जांच में स्पष्ट हो गया है कि यह घटना केपीटीएल के कर्मियों की लापरवाही है। ड्राइवर की सूझबूझ से दुर्घटना होते बची है।

नवरात्र के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। नवरात्र के चौथे दिन मंदिरों में मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप कुष्मांडा देवी की पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें लग गई। दिन भर मंदिरों व देवी पंडालों में मां दुर्गा के गीतों व भजनों से माहौल को भक्तिमय बना रहा।

नवरात्र के चौथे दिन सुबह से शहर के चौरा देवी मंदिर, गौरा देवी में श्रद्धालुओं की लाइनें लग गई। मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कुष्मांडा देवी की पूजा अर्चना की। मां कुष्मांडा का स्वरूप बेहद आकर्षक और अलौकिक है। अष्टभुजा देवी कुष्मांडा को नीला रंग बेहद प्रिय है। मान्यता है कि नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की उपासना के लिए नीले रंग के वस्त्र पहनने से देवी प्रसन्न होती हैं। इस रंग के कपड़े शुभ माने जाते हैं। इसके साथ ही व्रत रखने वाले श्रद्धालु अपने घरों में माता की चौकियां स्थापित कर सुबह-शाम मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। वहीं पंडालों में भी सुबह शाम होने वाली आरती में भारी भीड़ उमड़ रही है। साथ ही रात में भजन कीर्तन व रात्रि जागरण के कार्यक्रम के आयोजन हो रहे है। वहीं सुंदर झांकियां भी सजाई जाती है। रविवार को रमेड़ी मोहल्ले में भाजपा किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष प्रेम नारायण द्विवेदी के घर में कन्या भोज का आयोजन हुआ। वहीं कांशीराम कॉलोनी में आरती का आयोजन हुआ। आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष मुकेश राज, सीमा वर्मा, रोहित शर्मा, अनंत तिवारी, दुर्गेश तिवारी, अनिल निषाद, हिमांशु, विकास धुरिया, रोहित सोनकर, सपना निषाद, माही तिवारी, हिमांशी आदि मौजूद रहे।

कन्या भोज में कन्याओं को भोजन कराती महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

- देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में सुबह से भक्तों की लाइनें लगीं

सार-संक्षेप

प्रतिभागी छात्रों के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षक। अमृत विचार

वैदिक गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में दिखी बौद्धिक क्षमता

मौदहा (हमीरपुर)। संकुल स्तरीय ज्ञान विज्ञान व वैदिक गणित प्रश्नमंच प्रतियोगिता सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज राठ में संपन्न हुई थी। जिसमें विद्या भारती द्वारा संचालित सभी सरस्वती शिशु मंदिर एवं सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यालय द्वारा चयनित छात्र छात्राओं ने सहभाग किया। उक्त प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मौदहा के 19 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 15 छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें सांस्कृतिक प्रश्न मंच बाल वर्ग व किशोर वर्ग का प्रथम स्थान, विज्ञान प्रश्न मंच किशोर वर्ग का प्रथम स्थान, प्रयोग में बाल वर्ग व किशोर वर्ग में प्रथम स्थान एवं प्रदर्श में किशोर का प्रथम स्थान रहा। विद्यालय के प्रबंधक कुंजमोहन सिंह व प्रधानाचार्य भारत सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं प्रतियोगिता की तैयारी कराने वाले आचार्य बंधुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

छात्रों की बस को हरी झंडी दिखाते वन क्षेत्राधिकारी अजय कुमार वर्मा।

वन्य जीवों से रूबरू होने को छात्र-छात्राओं का दल रवाना

सुमेरपुर (हमीरपुर)। वन्य जीव सप्ताह के अंतर्गत छात्र छात्राओं को वन्य जीवों से रूबरू कराने के उद्देश्य से वन क्षेत्राधिकारी ने कस्बे के शिवानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं के दल को हरी झंडी दिखाकर कानपुर के चिड़ियाघर के लिए रवाना किया। वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत वन विभाग की पहल पर रविवार को कस्बे शिवानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं के एक दल को वन्य जीवों से रूबरू कराने के उद्देश्य से कानपुर के लिए रवाना किया गया। इस दल को वन क्षेत्राधिकारी अजय कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रमाशंकर यादव, प्रेम शंकर, शंभू दयाल, पीयूष यादव, तान्या, प्रीति, हेमा, आकांक्षा आदि मौजूद रहे।

प्रमाण पत्र के साथ छात्राएं व मौजूद शिक्षक।

क्विज में अतरार स्कूल की नेहा टॉप-10 में चयनित

हमीरपुर। विकासखंड सुमेरपुर में आयोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान-2024 ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता परीक्षा में अतरार विद्यालय की नेहा देवी कक्षा आठ ने टॉप टेन में छठवें स्थान पर नाम अंकित करा अपना नाम रोशन कर सभी शिक्षकों को गौरवान्वित किया है। विभाग की ओर से प्रमाण पत्र, पुरस्कार व नकद राशि 1000 रुपये भी प्रदान किए गए। अतरार ग्राम के कंपोजिट विद्यालय की कक्षा आठ की नेहा देवी, स्नेहा देवी एवं इशिका देवी ने परीक्षा में प्रतिभाग कर नाम रोशन किया। विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों में खुशी का माहौल व्याप्त है। ग्राम वासियों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक (प्रभारी) शैलेंद्र कुमार एवं डॉ. राघवेंद्र सिंह, राम सिंह, सुधीर कुमार सिंह, डॉ. पारुल, ओमकारनाथ, विमलेश को शुभकामनाएं देकर आभार जताया।

बंदर की लाठी से पीटकर हत्या करने में दो पर मुकदमा दर्ज

कुरारा (हमीरपुर)। कस्बे के लालमन पुलिया के पास शनिवार की शाम दो मुस्लिम युवकों द्वारा बंदर की लाठी डंडों से पीट कर मार देने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता की तहरीर पर पुलिस ने धारा 302 व 325 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा है। कस्बे के बजरंग दल के कार्यकर्ता अर्पित चौरसिया ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शनिवार की शाम करीब 5:30 बजे लालमन की पुलिया के पास राजा पुत्र गोपे उर्फ कनपुरिया लाला व गुलाम रसूल फली की दुकान लगाए थे। दोनों लोगों ने मिलकर जानबूझकर बंदर की लाठी डंडों से हत्या कर दी।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (र) की नगर कार्यकारिणी का हुआ गठन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (र) के जिलाध्यक्ष ने जिला नगर कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें नगर कमेटी के पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने जल्द ही हमीरपुर में भगवान परशुराम की प्रतिमा बनवाने की घोषणा की।

रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (र) के कार्यालय में जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा की अगुवाई में बैठक संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष ने अपने पदाधिकारियों के साथ नगर कमेटी की घोषणा भी किया। जिसमें नगर अध्यक्ष मोहित द्विवेदी व महामंत्री आशीष दीक्षित चुने गए। संरक्षक अजीत त्रिपाठी बनाए गए। इसी प्रकार नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशंक द्विवेदी, उपाध्यक्ष जिनेश दीक्षित, नगर संगठन मंत्री प्रवीण जोशी, मंत्री शिवम बाजपेई सर्वसम्मति से बनाए गए। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने हमीरपुर में जल्द ही भगवान परशुराम की प्रतिमा बनवाने की घोषणा भी की। जिसकी सभी ने प्रशंसा कर भगवान परशुराम के घोष लगाए। वहीं नगर अध्यक्ष मोहित द्विवेदी ने कहा कि हमे अपने समाज को एक कर संगठित करना है। जिला महासचिव योगेश मिश्रा, जिला संयोजक ब्रजेश शुक्ला, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र प्रताप शुक्ला, जिला सह. महासचिव गिरीश तिवारी व नरेंद्र द्विवेदी, जिला सचिव आशीष द्विवेदी, जिला सह. संयोजक आशीष बादल, विनय दुबे, आशू मिश्रा रहे।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

सीएचसी परिसर में जलभराव से फैल सकतीं बीमारियां

राठ (हमीरपुर)। सीएचसी में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से अस्पताल परिसर में जलभराव है। जलभराव से विभिन्न प्रकार की जानलेवा बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। इमरजेंसी वार्ड की दीवाल किनारे जलभराव होने से उसमें मच्छर पैदा हो रहे हैं। इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों को मच्छरों से जूझना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि बीते एक सप्ताह पहले जमकर बारिश हुई थी। जिससे अस्पताल परिसर में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते अब तक जल निकासी की कोई भी व्यवस्था नहीं कराई गई है। शनिवार को अमृत विचार की टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया तो इमरजेंसी वार्ड की दीवाल किनारे और उसके आसपास बड़ी तादाद में जलभराव देखने को मिला।

बाइक चोर गिरोह के पांच चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- पुलिस ने चार बाइक सहित अवैध असलहा व कारतूस भी किया बरामद

अमृत विचार। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने डकैती की साजिश रच रहे पांच चोरों को चार महंगी बाइक व तीन अवैध असलहा सहित गिरफ्तार कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि दो चोर मौके से भागने में सफल रहे।

बताते चलें कि जनपद में लगातार हो रही बाइक चोरी के मुकदमों में इजाफा हो रहा था। जिसे लगाम लगाने के मकसद से पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मुखबिर की सूचना पर डकैती की साजिश रच रहे पांच लोगों को पढ़ोरी रोड अंडर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया है।

जिसमें रागौल निवासी मुफीद अहमद, कुछेछा निवासी दीपक निषाद, कुरारा निवासी हेमू, संदीप, गोपाल शामिल है। जबकि अंधेरे का फायदा उठाते हुए कुरारा निवासी संजय वर्मा तथा कलौलीतीर निवासी आलोक यादव भाग खड़े हुए। मौके से स्प्लेंडर प्रो, बजाज सीटी 100, एनफील्ड बुलेट, पैशन प्रो गाड़ी सहित अवैध असलहा व कारतूस बरामद किया है। इन सभी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 310 (4) 317 (2) 317 (4) और 3/25 फार्म एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि सभी अभियुक्त मिलकर किसी अप्रिय घटना करने की योजना बना रहे थे। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दो भागने में सफल रहे। सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। फरार शातिरों की तलाश के लिए पुलिस टीम सक्रिय है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार करने का दावा पुलिस ने किया है।

काव्य-पाठ

कवि एवं साहित्यकार मंजुल मयंक की स्मृति में हुआ काव्य गोष्ठी का आयोजन

दीप बनकर जिंदगी जिसकी जली है, उसको अंधेरा...

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। बुंदेलखंड अभिव्यक्ति साहित्य संस्था के तत्वावधान में गणेश प्रसाद खरे (मंजुल मयंक) की पुष्प स्मृति पर शिक्षक रैन बसेरा प्रांगण में स्थापित उनकी प्रतिमा पर संस्था के लोगों ने दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया। इसके बाद गुरुकुलम पब्लिक स्कूल में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन नारायण प्रसाद रसिक की अध्यक्षता में किया गया।

काव्य गोष्ठी में राम प्रसाद दीक्षित ने अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए पढ़ा कि मयंक चिरनवीना है, मयंक प्रेममीन हैं। वहीं प्रेमपाल द्विवेदी ने पढ़ा गीत उतारें जन मानस के दर्द निहारे। नारायण प्रसाद रसिक ने पढ़ा दीप बनकर जिंदगी जिसकी जली है, उसको अंधेरा चीरकर ऊषा मिली है। कैलाश प्रसाद सोनी ने पढ़ा हमीर देव की यह नगरी है, धन्य यहां की ललित कला। हरीराम गुप्त निरपेक्ष ने पढ़ा पूरे पूरे तुम्हारे हुए जब से हम। आचार्य देवनारायण सोनी ने न्याय का साथ दिया होता, अन्याय जीवित न होता मार्मिक रचना प्रस्तुत की। अवधेश साहू बेचैन ने आइये आइये मित्र जन आइये। देशराज रचनाकार ने तेरी जर्जर काया में भी हमने गीत सुने पढ़ा। इसके अलावा डा.देवीदीन अविनाशी, दिनेश चंद्र आर्य, पंकज कुमार 'अनुराग', कमल किशोर 'कमल', नीतिराज सिंह, मोहम्मद सलीम, ज्ञानेन्द्र द्विवेदी आदि ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। संस्था के अध्यक्ष प्रेमपाल द्विवेदी ने संस्था के संस्थापक नारायण प्रसाद 'रसिक', आचार्य दिनेशचंद्र आर्य एवं देवनारायण सोनी को स्मृति चिन्ह व लेखनी देकर सम्मानित किया। वहीं अन्य सभी साहित्यकार व कवियों को लेखनी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दया शंकर द्विवेदी, रामप्रसाद दीक्षित, प्रेम पाल डिवेडी, अवधेश साह, सताना मिश्रा, विनोद कुमार, दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे। संचालन कैलाश प्रसाद सोनी ने किया।

सरस काव्य गोष्ठी में अपनी रचना प्रस्तुत करते कवि। अमृत विचार

सामान का अधिक दाम लेने पर दो पक्षों में चलीं लाठियां

सुमेरपुर (हमीरपुर)। क्षेत्र के ग्राम अतरैया में शनिवार की रात दो पक्षों के मध्य किराने की दुकान में अधिक मूल्य लेने के विवाद में जमकर मारपीट हुई दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर सौंपी है। थाना क्षेत्र के आतरैया गांव निवासी शैलेंद्र पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह गांव निवासी झूरी पाल की दुकान में सामान लेने गया था। महंगा सामान देने पर एतराज किया इस पर झूरी पाल ने अपने पुत्र शिव मोहन, हरिमोहन, राम मोहन के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी।

एक भवन में स्कूल और आंगनबाड़ी, शिक्षा बदहाल

आकांक्षी ब्लाक रामनगर में व्यवस्थाओं का बुरा हाल

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

अमृत विचार। आकांक्षी ब्लाक रामनगर में एकाध स्कूल की हालत बदतर नहीं। अधिकांश भवन ऐसे हैं, जिनको निष्प्रयोज्य घोषित किए जाने के बाद इनकी कक्षाओं को दूसरे स्कूल या दूसरे भवनों में शिफ्ट कर दिया गया है। इससे पठनपाठन बुरी तरह से प्रभावित है।

ऐसा ही एक विद्यालय क्षेत्र के ग्राम पंचायत घुरेहटा के मजरा अमरपुर का कंपोजिट विद्यालय का सामने आया है। भवन क्षतिग्रस्त हुआ तो शिक्षकों ने विभाग को सूचित किया। जिम्मेदारों ने भी गंभीरता दिखा भवन में बच्चों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया और शिक्षण कार्य बंद कर दिया। परिसर स्थित प्राथमिक विद्यालय के भवन में कक्षा संचालन के निर्देश दिए गए। प्रधानाध्यापक संतोष सिंह ने बताया कि कुल पांच शिक्षक नियुक्त हैं। बाउंड्री गांव वालों के कारण नहीं बन पा रही है, जिससे असुरक्षा है। सहायक अध्यापक राधेश्याम सिंह पटेल तूफानी ने बताया कि सफाई कर्मचारी कभी यहां नहीं आता।

विद्यालय का निष्प्रयोज्य घोषित भवन। अमृत विचार

7 कमरों में चल रहा केंद्र और स्कूल

कंपोजिट विद्यालय अमरपुर में कुल सात कमरे हैं। इसमें एक में आंगनबाड़ी केंद्र के नामांकित 61 नौनिहाल अपना भविष्य संवार रहे हैं। एक कमरे में विद्यालय का पुस्तकालय व स्कूल की अन्य सामग्री अभिलेख आदि रखे जाते हैं। बचे पांच कमरों में कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक के नामांकित 105 बच्चे पढ़ रहे हैं। भवन की वजह से शिक्षण कार्य भी प्रभावित हो रहा है।

ध्वस्तीकरण पर लगी रोक

विभागीय अधिकारी बताते हैं कि अभिलेखीय जांच पर सामने आया कि भवन का निर्माण हुए अभी 15 वर्ष से कम ही हुए। ऐसे में इसे निष्प्रयोज्य तो घोषित कर दिया गया लेकिन ध्वस्तीकरण पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। संबंधित निर्माणकर्ता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

मार्ग पर अतिक्रमण, गेट पर गोबर

विद्यालय आनेजाने वाले मार्ग पर अतिक्रमण है। ऊपर से विद्यालय के सामने मुख्य गेट के बगल पर तो गोबर का ढेर है। मच्छर संचारी रोग अभियान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बच्चों और शिक्षकों को संक्रामक बीमारियों का खतरा है।

विद्यालय जाने वाले रास्ते का हाल। अमृत विचार

विद्यालय के पास पड़ा गोबर का ढेर। अमृत विचार

क्या कहते हैं जिम्मेदार

बीईओ एनपी सिंह ने बताया शिक्षकों की सूचना पर विभागीय स्तर से 2021 में जांच की गई तो भवन जर्जर मिला। इसे निष्प्रयोज्य घोषित किया। पाया गया कि भवन की अवधि 15 वर्ष से कम मिली है जिसके कारण ध्वस्तीकरण के आदेश पर रोक है। निर्माणकर्ता को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

फार्मासिस्ट की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

अमृत विचार। सड़क हादसे में बांदा जिले में तैनात फार्मासिस्ट की मौत हो गई। वह छुट्टी में अपने पैतृक गांव आ रहे थे कि किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

छोटेलाल।

जानकारी के अनुसार, मूल रूप से थाना कोतवाली कर्वी अंतर्गत कसहाई निवासी छोटेलाल सिंह (52) पुत्र स्व. दुर्गा सिंह बांदा जिले के बिसंडा थानांतर्गत न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डभनी में फार्मासिस्ट थे। पत्नी मीना और पंद्रह वर्षीया बिटिया मानसी कसहाई में ही रहती हैं। छोटेलाल छुट्टी पर परिवार के पास कसहाई आया करते थे। रविवार को भी बाइक से बिसंडा से कसहाई आ रहे थे। अपराह्न करीब दो बजे किसी ने पुलिस को सूचना दी कि एक व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और कुचारम तिराहे नहर के पास अचेत अवस्था में पड़ा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पीआरवी ने फार्मासिस्ट छोटेलाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, कुछ देर इलाज के दौरान मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि किसी वाहन की टक्कर से फार्मासिस्ट दुर्घटना का शिकार हुए। प्रभारी निरीक्षक प्रभुनाथ यादव, सब इंस्पेक्टर सुरेश सिंह मौके पर पहुंचे और छोटेलाल के पास मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी गई। पत्नी, बेटी और परिजन भागे भागे अस्पताल पहुंचे। वहां शव देखकर बिलखने लगे तो माहौल गमगीन हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। छोटेलाल तीन भाइयों में दूसरे नंबर के थे।

अस्पताल में बिलखती बेटी, पत्नी और परिजन। अमृत विचार

सांप के डसने से युवक की मौत

चित्रकूट। कोतवाली थानांतर्गत डेलौरा गांव में युवक को सर्प ने डस लिया। जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। अमित (20) पुत्र हरिमोहन को खेत में किसी सांप ने डस लिया। साथ में मौजूद पिता को पता चला तो उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां कुछ देर चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। अविवाहित अमित दो भाइयों में छोटा था।

बिजली के खंभे तोड़ कर पलट गया टैंकर

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। कर्वी-राजापुर मार्ग पर चकजाफर गांव के पास टैंकर मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे बिजली के दो खंभे क्षतिग्रस्त हो गए और कई गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। घटना रविवार सुबह लगभग चार बजे की है। बताया जाता है कि कर्वी से टैंकर राजापुर की ओर जा रहा था। चकजाफर गांव के तालाब के सामने चालक ने इससे नियंत्रण खो दिया और यह 33 केवी लाइन के खंभों को क्षतिग्रस्त करता हुआ पलट गया। चालक-परिचालक के चिल्लाने पर आसपास के लोगों ने इनको टैंकर से निकाला। इससे पहाड़ी उप केंद्र के लगभग चार फीडर पहाड़ी कस्बा, बाबूपुर, सिंहपुर, पचोखर से जुड़े लगभग डेढ़ सौ गांव-मजरों पचोखर, सिकरी, देवल, चौरा, कहेटा, ओरा, दरसेड़ा, बाबूपुर, साईंपुर, ओबरी, पटिया, सकरौली, ममसी आदि की आपूर्ति ठप हो गई। जानकारी होने पर अवर अभियंता महेश मौर्य ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य चालू कराया।

पलटा टैंकर।

डॉ. आरके गौड़ को गांधी सम्मान

चित्रकूट। आयुष्मान बानप्रस्थ विश्वविद्यालय सामाजिक संस्था द्वारा गो सेवा, जीव और मानवता सेवा के क्षेत्र में सराहनीय सेवा कार्य के लिए डॉक्टर आरके गौड़ हड्डी रोग विशेषज्ञ को रविवार को बेड़ी पुलिया स्थित गोशाला में गांधी सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर समाजसेवी अभिमन्यु ने बताया कि डॉक्टर आरके गौड़ वर्ष 2005 से बेडी पुलिया सर्वोदय सेवा आश्रम में प्रत्येक रविवार को चिकित्सा सेवाएं दे रहे हैं। यहां दिनभर की जो कमाई होती है उससे वह यहां पर गौशाला संचालित कर रहे हैं।

लगभग डेढ़ हजार गाये हैं जिन्हें चारा, भूषा आदि की सारी व्यवस्था डॉक्टर आरके गौड़ द्वारा की जाती है । इस गौशाला में निराश्रित गोवंश की सेवा हो रही है। डॉ. गौड़ बांदा से आते हैं तो गायों के लिए पूडी लाते हैं और उनकी सेवा करते हैं।

किसानों को चूना लगा रहीं बीमा कंपनियां

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● भाकपा के जिला सचिव ने लगाया आरोप

अमृत विचार। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला काउंसिल की बैठक में जिला सचिव अमित यादव एडवोकेट ने आरोप लगाया कि बीमा कंपनियां बुंदेलखंड के किसानों को चूना लगाने में जुटी हैं।

राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में अमित ने कहा कि अतिवृष्टि से तिल, उर्द, ज्वार, बाजरा, लोबिया व मूंगफली आदि की फसल बर्बाद हो गईं। धान फसल भी प्रभावित हुई। फसल बीमा कंपनियां बुंदेलखंड में किसानों से वसूली करके मालामाल हो रही है। हर फसल में बीमा कंपनियां अरबों रुपये वसूल रहीं। क्लेम के नाम पर कुछ लाख रुपये देकर लापता हो जाती हैं। कंपनियों के साथ सरकार भी किसानों के हितों को अनदेखा करती हैं, जिसे पार्टी सहन नहीं करेगी। सरकार से अपील की कि 25 हजार रुपये प्रति एकड़ किसानों को फसल की क्षतिपूर्ति दी जाए। उन्होंने कहा कि जानकारी मिली है कि सांसद ने हाईमास्ट लाइट के लिए सांसद निधि का प्रस्ताव दिया, जो पूरी तरह से बेबुनियाद है। जर्जर लाइनों तथा अच्छी क्वालिटी के फीडर न होने से किसानों को बिजली मिलने में दिक्कत हो रही है। सांसद को निधि का पैसा मेंटेनेंस में खर्च करना चाहिए क्योंकि यह धन उनका निजी धन नहीं है। आशा की कि वह पार्टी का सुझाव स्वीकार करेंगी। बैठक में चंद्रपाल पाल, संदीप पांडेय, रामू, रविकरन, सुशील सिंह, दिनेश, राजधर विश्वकर्मा, शिवबरन, रामचंद्र आदि मौजूद रहे।

जिला काउंसिल की बैठक में बोलते अमित यादव। अमृत विचार

सार-संक्षेप

सम्मानित हुए शिक्षक साकेत बिहारी

रामनगर (चित्रकूट)। चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट, बड़ौत (बागपत) के तत्वाधान में हुई शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय कटैयाखादर के शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ल को सर्वपल्ली राधाकृष्णन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

वाहनचालकों को जागरूक किया

चित्रकूट। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत प्रवर्तन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी ने रविवार को मुख्य मार्गों एवं चौराहों पर विशेष अभियान चलाकर प्रवर्तन कार्रवाई की। चालकों को जागरूक किया।

सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के आवेदन मांगे

चित्रकूट। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सुनहरी लाल ने बताया कि ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 30 अक्टूबर तक है। अन्य पिछड़े वर्ग के 12वीं पास बेरोजगार अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

अवैध शराब बरामद

चित्रकूट। विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत रविवार को आबकारी विभाग ने कोतवाली कर्वी अंतर्गत ग्राम कपसेठी में दबिश दी। दबिश के दौरान कच्ची शराब बरामद की गई। नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की गई ।

नि:शुल्क नेत्र परीक्षण का अभियान चलेगा

मऊ (चित्रकूट)। ब्लॉक मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायतों में नि :शुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण अभियान चलाया जाएगा। जानकारी भारतीय नव निर्माण संस्थान के परियोजना प्रबंधक सृजन त्रिपाठी ने दी।

लंबित काम पूरे करने पर किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई ने रविवार को जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के अष्टावक्र सभागार में हुए शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी और सम्मान समारोह में कई अधिकारियों को लंबे समय से लंबित मामलों पर कार्रवाई करने आदि को लेकर सम्मानित किया।

जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने कहा कि लंबे समय से शिक्षकों का उत्पीड़न किया जा रहा था। वर्तमान बीएसए ने आख्या प्राप्त होने के बाद लगभग 500 शिक्षकों को वर्षों से लम्बित दंडात्मक कार्रवाई को जीरो टालरेंस व्यवस्था के अनुसार बहाल कर दिया। बीएसए बीके शर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था स्थापित करना है। जो शिक्षक लापरवाही करेंगे और सुधार नहीं करेंगे, गरीब बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड करेंगे, उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई होगी। स्वागत जिला मंत्री नारायण सिंह ने व आभार वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गर्ग ने किया। कार्यक्रम में वित्त एवं लेखाधिकारी वेद प्रकाश सिंह, खंड शिक्षाधिकारी रामनगर एनपी सिंह, मऊ केडी पांडेय, मानिकपुर मिथलेश कुमार, पहाड़ी राजेश गुप्ता और कर्वी अतुल दत्त तिवारी, आराधना सिंह, शहनाज बानो, शकुंतला वर्मा, वंदना यादव, खुशबू जायसवाल, शिवानी गुप्ता, सोनाक्षी पांडेय स्नेह लता, अतुल द्विवेदी, अमित पांडेय, वीरभान सिंह, अमित यादव, व्यासनारायण, राम भूषण पांडेय, शिवभूषण त्रिपाठी, शारदेंदु शुक्ला, अनंत प्रकाश त्रिपाठी, अभिषेक पांडेय मनीष शुक्ला, मनोज शुक्ला, सुशील कुमार, देव यादव, बिहारी लाल, अशोक तिवारी, विराग शुक्ला के साथ महिला मोर्चा व संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने सहयोग किया। संचालन साकेत बिहारी शुक्ला व अरुण श्रीवास्तव ने किया।

कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी और शिक्षक। अमृत विचार

डिजीटल अरेस्ट जैसी पुलिस तंत्र में कोई व्यवस्था नहीं

चित्रकूट कार्यालय

अमृत विचार। पुलिस तंत्र में डिजीटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। अगर कोई इस तरह की बात करता है तो ध्यान न दें और पुलिस को सूचित करें। जिले की साइबर सेल ने इस तरह की एडवाइजरी जारी की है।

साइबर सेल के अनुसार, अवांछित कालों से बचें और केवल +91 नंबरों के काल्स रिसीव करें। अनजान नंबरों के वीडियो काल न उठाएं। किसी को व्यक्तिगत जानकारी या संवेदनशील डेटा न दें। अनजान कालर्स से सीमित बात करें। व्हाट्सएप पर भी जाने-पहचाने लोगों को भी भुगतान न करें। बिना चालान या मांग पत्र के किसी सरकारी या ग़ैर सरकारी व्यक्ति को पैसा न दें। साइबर सेल का यह भी कहना है कि कोई अपराध टेलीफोन पर पैसे दे देने से नहीं समाप्त होता है।

यह करें

- कालर को बिना अपने पुलिस स्टेशन का नाम बताए केस दर्ज कराने को कहें।
- कालर से कहें कि एक घंटे बाद फिर से काल करें।
- तत्काल कार्रवाई की मांग वाले काल्स से सावधान रहें।
- कॉलर की पहचान सुनिश्चित करें।

यह न करें

- अनजान कालर्स के निर्देशों का पालन न करें।
- अनजान संपर्कों द्वारा भेजे गए लिंक्स या ऐप्स न इंस्टॉल करें।
- संदिग्ध व्यवहार वाले नंबरों पर काल न करें।
- कमजोर या आसानी से समझ आने वाला पासवर्ड न बनाएं।

सरकारी जमीन चिह्नित करने के निर्देश

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने राजस्व वादों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में आगाह किया कि वादों के निस्तारण में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्र, चारागाह, आरआरसी सेंटर आदि के निर्माण के लिए शासकीय भूमि का चिह्नांकन कर संबंधित विभागों को उपलब्ध कराएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन गांवों में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण तथा आरआरसी सेंटर निर्माण के लिए जमीन चिह्नित की जानी है, सूची उप जिलाधिकारियों को उपलब्ध कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ सौरभ यादव आदि मौजूद थे।

वारंगल में जेआरएफ चुने गए संकल्प त्रिपाठी

संवाददाता,मऊ (चित्रकूट)

अमृत विचार। नगर पंचायत निवासी युवा संकल्प त्रिपाठी को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान वारंगल में जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलो) चुना गया है। दिनेश तिवारी के पुत्र संकल्प ने इसी वर्ष कानपुर के एक प्रौद्योगिकी संस्थान से केमिकल ब्रांच में बीटेक किया है। उन्होंने बताया कि वह रिसर्च के माध्यम से देश की सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रोफेसर के मार्गदर्शन में एथाइल एसिटेट के उत्पादन के लिए रेजिन आधारित उत्प्रेरक का मूल्यांकन : प्रदर्शन वृद्धि के लिए अवसरों की जांच विषयक शोध करेंगे। सरल एवं खुशमिजाज संकल्प की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा मऊ में हंडिया बाबा स्कूल एंड कॉलेज से हुई है, जहां वह हाईस्कूल में टॉपर थे। इंटर की पढ़ाई नवोदय विद्यालय मानिकपुर से की। उपलब्धि का श्रेय उन्होंने मऊ क्षेत्र की ग्राम देवी मां आनंदी माता और अपने माता पिता को दिया है। कहा कि युवा यदि लगन एवं निष्ठा के साथ पढ़ाई करें तो निश्चित तौर पर उन्हें सफलता मिलेगी। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता बार एसोसिएशन मऊ के पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार अवधनरेश त्रिपाठी, पवन रस्तोगी, अमित पांडेय, विष्णु देव त्रिपाठी, समाजवादी पार्टी के यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव अजय राज त्रिपाठी, नरेंद्र खरे, मंडल महामंत्री भाजपा राहुल श्रीवास्तव, श्री भागवत मंडल संस्कृत विद्यालय मऊ के प्रधानाचार्य आनंद राज त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

व्यवस्था | सीवर ट्रीटमेंट से आश्रमों, होटलों की गंदगी पहुंचेगी एसटीपी

मंदाकिनी को मिल जाएगी प्रदूषण से राहत

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। सब कुछ ठीक रहा तो अगले दो महीने में मंदाकिनी को मध्य प्रदेश क्षेत्र से होने वाले प्रदूषण से बड़ी राहत मिलेगी। कई बड़े नालों का पानी नदी में न जाएगा और साथ ही मठ -मंदिरों, आश्रमों और होटलों की गंदगी अब सीवर प्लांट के जरिए नदी से दूर फेंकी सकेगी।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि 32 करोड़ की लागत से मध्यप्रदेश क्षेत्र में सीवर ट्रीटमेंट का काम चल रहा है। इसे वैसे तो अक्टूबर में पूरा हो जाना था लेकिन अब दिसंबर तक उम्मीद है। बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में 50 किमी पाइप लाइन बिछाने और पांच हजार कनेक्शन जोड़ने का लक्ष्य था। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, अब तक 40 किमी से ज्यादा की लाइन बिछ गई है और 100 कनेक्शन जोड़ दिए गए हैं। अगले दो-तीन महीने में सीवर ट्रीटमेंट का काम पूरा हो जाएगा और मंदाकिनी को बड़े प्रदूषण से राहत मिलेगी। बताया कि स्फटिक शिला से भरतघाट तक नदी किनारे अलग से पाइपलाइन बिछाई गई है कि नदी किनारे बने मठ- मंदिर और आश्रमों की गंदगी सीधे नदी में न जाए। इसके अलावा आरोग्यधाम से लेकर भरतघाट तक गिरने वाले कई नाले भी अब नदी में नहीं गिरेंगे। सरयू नाले में गिरने वाली गंदगी भी अब दिसंबर के बाद नहीं गिरेगी। नयागांव क्षेत्र की गंदगी भी सीवर के जरिए क्योटरा स्थित एसटीपी पहुंचेगी। अजीत ने आशा जताई कि युद्ध स्तर पर जारी सीवर ट्रीटमेंट काम पूरा हो जाने पर नदी को लगभग 60 प्रतिशत प्रदूषण से राहत मिलेगी।

तीर्थक्षेत्र के मप्र. इलाके में बन रहा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट। अमृत विचार

उदासीन है एमपी प्रशासन

सीतापुर (चित्रकूट)। दीपावली पर अमावस्या मेले में हर साल तीर्थक्षेत्र में लाखों श्रद्धालु आते हैं। पर फिलहाल इनकी सुविधाओं को लेकर मध्यप्रदेश प्रशासन उदासीन नजर आ रहा है। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं और सुविधाएं नगण्य हैं। अजीत सिंह ने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा धर्मनगरी से सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। मेले में करीबन 50 लाख श्रद्धालु आएंगे। तीर्थ क्षेत्र का बड़ा हिस्सा मध्यप्रदेश में आता है पर कोई खास इंतजाम नहीं नजर आ रहे। हनुमानधारा बाईपास, सिरसा वन से लेकर मप्र बस अड्डे तक सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। सतना मुख्यालय से लगभग 75 किमी दूर होने पर प्रशासन तीर्थ को लेकर कोई विशेष रुचि नहीं दिखाता।

मारपीट और गाली-गलौज का आरोप, सीओ ने नकारा

संवाददाता,मऊ (चित्रकूट)

अमृत विचार। कस्बे की नवदुर्गा समिति के संचालकों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर सीओ जयकरन सिंह पर गालीगलौज करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। नव युवा दुर्गा समिति शिवपुर रोड के सदस्यों ने बताया कि चार अक्टूबर को शाम की आरती के समय पांडाल में सीओ पहुंचे और लाइनमैन से गालीगलौज और मारपीट करते हुए हार्न साउंड बंद करने को कहा। इनका आरोप है कि सीओ ने धमकी दी कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो मुकदमा लिखकर जेल भेज दूंगा। डीएम से पूरे मामले पर कार्रवाई करने की गुहार की है। पत्र में जय अंबे जय दुर्गे पूजा समिति, जय मां गायत्री पूजा समिति, नवदुर्गा पूजा समिति के भी नाम हैं। उधर, इस संबंध में सीओ का कहना है कि मारपीट और गालीगलौज के आरोप गलत हैं।

ग्राम प्रधान पर लगाया आरोप

चित्रकूट। कालूपुर पाही निवासी मो. हकीम ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर प्रधान और प्रधानपति पर स्टे के बाद भी निर्माण कार्य कराने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि वह मौजा कोलगदहिया में संक्रमणीय भूमिधर है। प्रधान द्वारा उसकी जमीन पर जबर्दस्ती निर्माण कार्य कराया जा रहा था।

अलग-अलग मामलों में चार गिरफ्तार

चित्रकूट। एसआई राहुल कुमार पांडेय ने पॉक्सो एक्ट में वांछित राजन कुमार पुत्र सालिगराम निवासी इंद्रानगर मजरा मझरा पश्चिम थाना संपूर्ण नगर (खीरी) को गिरफ्तार किया। सरधुआ एसओ आशुतोष तिवारी ने वारंटी महेश प्रसाद पुत्र कोदूराम अनुरागी निवासी कालूपुर, चिरौंजी और श्रीकेशन पुत्र जीवनलाल निवासी सरधुआ को पकड़ा।

पीस कमेटी की बैठक

चित्रकूट। उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व एसडीओ बिजली विभाग ने रविवार को त्यौहारों को शांति और सौहार्द से मनाने को लेकर संयोजकों/आयोजकों के साथ बैठक की। समस्याओं को सुनकर निस्तारण का आश्वासन दिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत गडौली, विकास खंड- पहाड़ी, चित्रकूट

निविदा सूचना

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत गडौली में राज्य वित्त 15वित्त योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी 'नोट'कुल लागत जीएसटी सहित है।

दिनांक 7/10/2024से 10/10/2024 तक

क्र0	कार्य	लागत (रू0)	धरोहर राशि	निविदा राशि
01	श्यामलाल के घर से जयसिंह के घर तक इंटरलाकिंग खडंजा निर्माण	422500	8450	500

ग्राम प्रधान | ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत गडौली विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

ट्रैक्टर ट्राली पलटने से महिला श्रमिक की मौत

18 मजदूर हुए घायल कई की हालत गंभीर, खेत से मूंगफली उखाड़कर रात में लौटते समय हुआ हादसा

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। श्रीनगर बेलाताल मार्ग में गाम चितइयन के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर मय ट्राली के पलट गया। ट्रैक्टर पलटने एक महिला मजदूर की मौत हो गई जबकि 18 अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने नाजुक हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उनका तत्काल इलाज शुरू किया। भारी संख्या में मजदूरों के घायल होने से कई प्रशासनिक अधिकारी भी अस्पताल पहुंच गए और घायलों का अपनी मौजूदगी में उपचार शुरू कराया, जहां पर 11 लोगों की हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया।

कस्बा श्रीनगर के मोहल्ला मनोहरगंज और भैरोगंज से करीब डेढ दर्जन मजदूर थाना श्रीनगर के ग्राम ननौरा में खेत में लगी मूंगफली उखाड़ने गए थे। सभी मजदूरों ने कई खेतों से मूंगफली उखाड़ने का ठेका ले रखा था, जिससे मजदूर देर शाम तक खेतों में काम करते रहे।

एंबुलेंस से घायलों को लेकर जाते चिकित्सक।

मौके पर लगी भीड़ व मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

दुर्घटना में ये श्रमिक हुए घायल

ग्राम ननौरा में मूंगफली उखाड़ने का श्रीनगर के श्रमिकों ने ठेका लिया था। शनिवार की रात को मूंगफली उखाड़कर ट्रैक्टर से अपने गांव श्रीनगर वापस आते समय तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से हीरा, पुष्पा, नीलम, मोहिनी, राजाबाई, तीजा, हीराबाई, रेखा, इंद्रावती, पूजा, संगीता, ओमवती, कला, स्वामीदीन, रमेश, निशा, उमा सहित 18 श्रमिक शामिल है, जिसमें से 11 का उपचार मेडिकल कालेज झांसी में चल रहा है।

शनिवार की रात को करीब 8 बजे ग्राम ननौरा से एक ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर सभी मजदूर वापस श्रीनगर के लिए लौट रहे थे तभी चितइयन गांव के पास ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया, जिससे कई श्रमिक ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दब गए और वहां पर चीख पुकार मच गई। गांव के नजदीक घटना होने के कारण श्रमिकों की चीख पुकार सुनकर गांव के लोग दौड़ पड़े और ट्राली के नीचे दबे श्रमिकों को बाहर निकाला, जिसमें से श्रीनगर निवासी महिला मजदूर विमला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को नाजुक हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। करीब 18 लोगों के घायल होने की खबर मिलते ही अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश, उपजिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, सीओ सदर दीपक दुबे पुलिस फोर्स के साथ जिला अस्पताल पहुंच गए।

प्रशासनिक अधिकारियों को देख डाक्टरों की टीम घायलों का उपचार करने में जुट गई। अधिकारियों की मौजूदगी में घायलों का उपचार किया गया, जिसमें से 11 घायलों की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया।

जिला अस्पताल में व्यवस्थाएं गड़बड़ मिलने पर सांसद ने जताई नाराजगी

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- सांसद ने मुख्य चिकित्साधीक्षक से अस्पताल की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा
- कहा, बाहर से दवाएं लिखने की मिली हैं शिकायतें, इस पर लगायें लगाम

अमृत विचार। महोबा हमीरपुर तिंदवारी संसदीय क्षेत्र के सपा सांसद ने रविवार को जिला अस्पताल महोबा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान वार्डों में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना, लेकिन वार्ड में डॉक्टर के न आने और वार्ड ब्वाय के गायब होने पर सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने नाराजगी जताते हुए मुख्य चिकित्साधीक्षक को चेतावनी दी कि अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार लाएं और अगली बार फिर अस्पताल का निरीक्षण करने आएंगे यदि व्यवस्थाओं में बदलाव न मिला तो सीएमएस के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा पढ़ी की जाएगी।

सांसद बनने के बाद पहली दफा जिला अस्पताल का निरीक्षण करने आए सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने जिला अस्पताल में सफाई व्यवस्था न पाए जाने और वार्ड ब्वाय के गायब रहने पर नाराजगी जताई। सांसद ने वार्डों में भर्ती मरीजों से जाकर उनका हालचाल पूछा, इसके बाद श्रीनगर के पास ट्रैक्टर ट्राली पलटने से घायल हुए मजदूरों का भी वार्ड में जाकर हाल चाल लिया। घायलों से दवाओं के बारे में पूछने पर बताया गया कि दवाएं इंजेक्शन अस्पताल से मिल रहे हैं लेकिन वार्ड में सफाई नहीं होती है।

मरीज का हालचाल पूछते सांसद अजेंद्र सिंह लोधी। अमृत विचार

सांसद ने निरीक्षण के समय मौजूद मुख्य चिकित्साधीक्षक को अस्पताल में साफ सफाई और बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल के डाक्टरों द्वारा बाहर की दवाएं लिखने की काफी शिकायतें मिल रही हैं। सांसद ने इस पर भी नाराजगी जताई।

सफाई के लिये प्रधानाध्यापक को दोषी न ठहराने की उठाई मांग

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश की मासिक बैठक सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए इनका निस्तारण कराए जाने को लेकर बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन देने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। साथ ही विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान सफाई न मिलने पर निरीक्षणकर्ताओं द्वारा प्रधानाध्यापक को जिम्मेदार ठहराने पर नाराजगी भी जताई गई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष ने कहा कि बोर्ड परीक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं एवं मेला प्रदर्शनी आदि में कुछ शिक्षकों की ही ड्यूटी लगाई जाती जिससे अन्य शिक्षकों को

बैठक में मौजूद शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी व शिक्षक। अमृत विचार

- शिक्षकों ने अपनी समस्याओं के लिये बीएसए को ज्ञापन देने का लिया निर्णय

इस ड्यूटी से मिलने वाले लाभ से वंचित होना पड़ता है।बैठक मे महासंघ ने निर्णय लिया कि वह बीएसएस को ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराएंगे। विद्यालयों में सफाई न मिलने पर इसके लिए प्रधानाध्यापक को जिम्मेदार न ठहराने जाने की मांग की जाएगी। बैठक में सुनील यादव, जितेंद्र कुमार राठौर, सीएल प्रजापति, महेंद्र कुशवाहा, संजीव पटैरिया, अनिल कुमार, दशरथ कुमार, जफर खान, गोपालकृष्ण शुक्ला, गीता वर्मा, मायाराम गुप्ता, राकेश बघेल सहित तमाम शिक्षक व पदाधिकारी शामिल रहे।

वरिष्ठ नागरिक पेशनर सेवा संस्थान की बैठक कल

महोबा। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर गांव गांव में कार्यक्रम चलाने के लिए पेंशनरों की ग्राम स्तरीय कमेटियों का गठन किए जाने और उनके कार्यों का दायित्व सौंपने के लिए 8 अक्टूबर 2024 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर भवन में बैठक आयोजित की गई है।उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आने को कहा है। उक्त जानकारी वरिष्ठ नागरिक पेंशन सेवा संस्थान के महामंत्री बीके तिवारी ने देते हुए बताया कि गांव-गांव में पर्यावरण संरक्षण के तहत ग्राम स्तर पर कमेटी का गठन किए जाने को लेकर बैठक की जा रही है। उन्होंने पेंशनरों से बैठक में सम्मलित होने की अपील की है।

शहर में चलाया गया सफाई अभियान

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। नवरात्र पर्व पर शहर को स्वच्छ बनाए रखने और सड़कों पर नंगे पैर मंदिरों जाते समय भक्तों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े, इसको लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा प्रतिदिन सुबह और रात को सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों ने शहर की मुख्य सड़कें, बाजार, मंदिरों व दुर्गा पंडालों के आसपास की सड़कों में झाड़ू लगाकर कूड़ा एकत्र किया और ट्रैक्टर व कूड़ा वाहन से डिस्पोज होने के लिए शहर के बाहर तक पहुंचाया गया।

नवरात्र पर्व को लेकर हुई बैठक में जिलाधिकारी ने जिले की साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे, जिसके तहत अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार व नगर पालिकाध्यक्ष संतोष चौरसिया के नेतृत्व में शहर में सफाई अभियान चलाया गया। मैन बाजार, तहसील

साफ-सफाई करते पालिका के सफाई कर्मी। अमृत विचार

- शहर के प्रमुख मार्गों के अलावा मंदिरों व देवी पंडालों के आसपास भी की गई सफाई

चौराहा, गांधीनगर, कोतवाली रोड के अलावा उन जगहों की भी सफाई की गई जहां दुर्गा प्रतिमाओं के पंडाल स्थापित किए गए हैं।

नगर के बड़ी चंद्रिका माता मंदिर, छोटी चंद्रिका माता मंदिर, शारदा देवी मंदिर, विंधवासिनी मंदिर के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे नौ दिन तक नियमित रूप से सुबह शाम मंदिरों में पूजा अर्चना, जल अर्पित और आरती करने जाते हैं, जिससे सड़कों पर भक्तों का आना-जाना लगा रहता। देवी भक्तों को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए नगर पालिका द्वारा नगर क्षेत्र में सफाई कराई जा रही है। वहीं सड़कों में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था के लिए रोड पर लगे पोल की खराब लाइटों को अलग किया गया और उनके स्थान पर नई एलईडी को लगाया जा रहा है।

पत्रकारों ने अधिकारियों पर सहयोग न करने का लगाया आरोप

कुलपहाड़ महोबा। अमृत विचार। नगर के एक पैलेस में यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक विराग पचौरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया।

बैठक में जनपद से आए वरिष्ठ पत्रकारों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को रखकर उनके निराकरण पर चर्चा करते हुए संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र मिश्रा ने कहा कि नवयुवक पत्रकारों को यदि प्रशिक्षण दिया जाए । प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा ने अधिकारियों द्वारा मीडिया को आंकड़े देने में हीला हवाली करने की बात कही। उपजा के जिला अध्यक्ष महेन्द्र द्विवेदी ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त कर कहा कि आज हमारे संगठन के सक्रिय होने पर लोग जुड़ रहे हैं। उन्होंने मयंक मिश्रा को संगठन का महामंत्री बनाए जाने की घोषणा की।

3 माह से कोटेदारों को नहीं मिल रहा वितरण का लाभांश

जैतपुर महोबा। विकासखंड जैतपुर क्षेत्र के कोटेदारों का 3 माह से खाद्यान्न वितरण का लाभांश न दिए जाने से कोटेदारों में नाराजगी व्याप्त है। दशहरा और दीपावली त्योहार के करीब होने के बाद भी कोटेदारों को लाभांश नहीं दिया जा रहा है।

कोटेदारों का कहना है कि परिवार आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है। कोटेदारों ने आरोप लगाया कि कई बार अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी कोटेदारों को लाभांश नहीं दिया गया। विकासखंड पनवाड़ी और जैतपुर के आधा सैकड़ा से ज्यादा कोटेदारों का राशन वितरण करने वाला लाभांश तीन माह से नहीं मिला है। कोटेदारों द्वारा कई बार लिखा पढ़ी करने के बाद कोई ध्यान न दिए जाने से कोटेदारों में आक्रोश पनप रहा है। कोटेदारों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही तीन माह का बकाया लाभांश नहीं दिया गया तो कोटेदार शांत नहीं बैठेगें।

जैतपुर के कोटेदार प्रताप कुशवाहा, गोवर्धन की नर्गिस, महुआबांध की सर्वेश कुमारी, बुधौरा के सीताराम, बडेराखुर्द के टुटियां, पुरवा जैतपुर के अमरचंद्र, ननवारा के खेमचंद्र व पनवाड़ी ब्लाक की उर्मिला तिवारी, महोबकंठ की अनीता, सलैया खालसा की सुनीता, अंडवारा की रजनी आदि कोटेदारों ने बताया कि उनको तीन माह से वितरण का लाभांश नहीं मिला है।

महोबा की प्रतिज्ञा त्रिवेदी हुई सम्मानित

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट, बड़ौत द्वारा एक शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन भगवती कॉलेज ऑफ फार्मेसी कोताना रोड बड़ौत में किया गया। कार्यक्रम में महोबा की प्रतिज्ञा त्रिवेदी सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय बरीपुरा कंपोजिट विद्यालय महोबा को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए स्मृति चिह्न और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में भारत के 22 राज्यों से उत्कृष्ट शिक्षकों को “सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन

बड़ौत में कार्यक्रम में सम्मानित होतीं शिक्षिका प्रतिज्ञा त्रिवेदी।

सम्मान” से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय सांसद बागपत डॉक्टर राजकुमार सांगवान, विशिष्ट अतिथि श्री अश्विनी तोमर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बड़ौत आदि सभ्रांत लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मनीष तोमर सचिव चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट ने बताया कि ट्रस्ट के माध्यम से पिछले तीन वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा है। मुख्य अतिथि माननीय सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान ने अपने स्कूल के दिनों को याद करते

- बागपत में आयोजित हुए सम्मान समारोह में 22 राज्यों के उत्कृष्ट शिक्षकों का हुआ सम्मान

हुए “शिक्षक हैं राष्ट्र निर्माता कल के भाग्य विधाता” वाक्य के साथ सम्बोधित करते हुए सभी सम्मानित शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। अश्वनी तोमर अध्यक्ष नगरपालिका परिषद बड़ौत ने भी शिक्षकों को राष्ट्र के निर्माण की नींव बताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम संचालन अरुण मालिक ने किया। कार्यक्रम व्यवस्था में विकास मलिक जिलाध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ बागपत, रामपाल सिंह, लाल बहादुर मौर्य, अमित कुमार मौर्य, जितेन्द्र कुमार, प्रवीण कुमार आदि का सहयोग रहा।

डांडिया नृत्य करतीं युवतियां व महिलाएं। अमृत विचार

गरबा और डांडिया नृत्य देख मंत्र मुग्ध हुए लोग

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। मां चंद्रिका उत्सव समिति द्वारा शनिवार की शाम गरबा डांडिया कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज परिसर में आयोजित किया गया, जहां पर करीब 321 महिलाओं, युवतियों और बच्चियों ने भाग लेकर बेहतरीन डांडिया से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

चंद्रिका माता की आरती करतीं महिलाएं।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज परिसर में नवरात्र पर्व पर हुए गरबा डांडिया कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि जिला सेवा योजना अधिकारी अंकांक्षा बाजपेई, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ममता रमेश यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिलासा सौरभ तिवारी, महिला थाना प्रभारी महोबा सुषमा चौधरी, प्रधानाचार्य जूनियर हाईस्कूल कुम्हडौरा सरोज यादव के अलावा तमाम महिलाओं ने मां चंद्रिका माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित की गई। साथ ही मां की आरती की गई। शनिवार की देर शाम शहर की 321 महिलाओं ने अलग अलग समूह बनाकर मां भक्ति में लीन होकर गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। गरबा डांडिया कार्यक्रम में महिलाओं और युवतियों

- नवरात्र पर्व पर रंग बिरंगी पोशाक पहनकर 321 महिलाओं ने ग्रुप बनाकर किया नृत्य

ने तमाम फिल्मी गीतों पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया। इस भक्ति मय कार्यक्रम को देखने क लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी रही।

मां चंद्रिका उत्सव समिति की महिलाओं ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र चतुर्वेदी ने किया। इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली मां चंद्रिका उत्सव समिति की इंदिरा पुरवार अंजलि पचौरी दीपाली श्रोतीय छाया तिवारी रजनी सक्सेना किरण नायक निधि पूजा परिवार सुधा सिंह अर्चना शुक्ला सोनाली चौरसिया विनीता गोयल रेखा जाटव रुचि रिछारिया अंजू गुप्ता शामिल रही।

शारदीय नवरात्र का चौथा दिन

शहर में सजाए गए आकर्षित दुर्गा पंडालों में पहुंच रहे श्रद्धालु, सुबह से लेकर शाम तक जयकारों से गूंजते रहते हैं मंदिर

माता कूष्मांडा की आराधना को उमड़ा भक्तों का सैलाब

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन भक्तों और श्रद्धालुओं ने माता कूष्मांडा देवी की पूजा आराधना कर माता से सुख समृद्धि का वरदान मांगा। शहर के प्राचीन देवी मंदिरों में जहां सुबह से शाम भक्त नंगे पैर पहुंचकर माता के दर्शन करने के साथ पूजा अर्चना कर भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं, वहीं शहर में तमाम समितियों द्वारा कई स्थानों पर एक से बढ़कर एक पंडाल सजाकर मां दुर्गा के नौ स्वरुपों को विराजमान किया गया है, जहां पर होने वाली आरती और पूजा पाठ के समय भी देवी भक्तों का तांता लगा रहता है। पंडालों और मंदिरों में पहुंचने वाले भक्त मां की आराधना करते हुए अपने और अपने परिवार की खुशहाली की प्रार्थना कर रहे हैं।

शहर में पंडाल पर रखी गईं मां दुर्गा प्रतिमाएं व मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

- माता की पूजा -अर्चना कर लोग मांग रहे सुख,समृद्धि और निरोग रहने का आशीर्वाद

शहर के मोहल्ला भटीपुरा में नवदुर्गा समिति द्वारा विगत 40 साल से मां वैष्णों का पंडाल तैयार कर दरबार सजाया जा रहा है। इस पंडाल में सात फीट ऊंची दुर्गा की प्रतिमा विराजमान कर पूजा अर्चना और आरती की जा रही है, जहां पर आसपास के भक्तों की खासी भीड़ उमड़ रही है। मोहल्ला नैकानापुरा में महाकाली सेवा समिति द्वारा 10 फीट ऊंची मां काली प्रतिमा पंडाल में विराजमान की गई। समिति द्वारा 34 वर्ष से नवरात्र के मौके पर पंडाल का निर्माण कर दुर्गा के स्वरूप को रखा जा रहा है। इसी तरह शहर के आल्हा चौक पर समिति द्वारा इस बार कुछ अलग करते हुए मां का पंडाल सजाया गया। इस नवरात्र के मौके पर बर्फनुमा गुफा की तरह पंडाल को सजाया गया और मां दुर्गा को विराजमान किया गया साथ ही गणेश, कार्तिक, रिद्धि, सिद्धि की प्रतिमाओं को भी देवी पंडाल में सजाया गया है। वहीं ऊदल चौक में मां चंद्रिका नवयुवक समिति द्वारा सात फीट ऊंची प्रतिमा जलपरी के साथ विराजमान है।

यह प्रतिमाएं भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं जिससे भक्तों के साथ साथ यहां से गुजरने वाले लोग भी देवी के रूप को देखकर भक्ति में डूबे नजर आते हैं। शहर के परमानंद, शुक्लानापुरा, नर्सिंग कुटि, कस्बाथाई सहित तमाम मोहल्लों में भक्तों ने मां का दरबार सजाया हैं।

मां कूष्मांडा की मंद मुस्कान से अंधकार हुआ समाप्त, फैला प्रकाश

महोबा। नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा आदिशक्ति के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना भक्तों द्वारा की गई। कूष्मांडा का अर्थ है कुम्हड़ा यानी पेठा की बलि देना। जब सृष्टि में चारों तरफ अंधकार फैला था उस समय मां कूष्मांडा ने जगत की उत्पति की इच्छा से मंद मुस्कान के साथ सृष्टि में अंधकार को समाप्त कर सृष्टि में प्रकाश फैल दिया। मां कूष्मांडा का निवास स्थान सूर्यमंडल के बीच में माना जाता है, इसलिए मां का तेज ही इस संसार को तेज बल और प्रकाश प्रदान करता है। नवरात्र पर्व के चौथे दिन इनका ध्यान करते हुए आराधना करते हैं उनके लिए इस संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं रहता और माता अपने भक्त की हर मनोकमना पूर्ण कर भोग एवं मोक्ष प्रदान करती हैं। रविवार को भक्तों ने सुबह स्नान के बाद देवी कूष्मांडा का ध्यान किया, इसके बाद दुर्गा के कूष्मांडा रूप की पूजा की। पूजा में मां को लाल रंग के पुष्प, गुड़हल और गुलाब के फूल अर्पित किए गए साथ ही सिंदूर धूप दीप और नैवेद्य भी माता को चढ़ाएं।

सेप्टिक टैंक साफ करने वालों का बनेगा लाइसेंस

कार्यालय संवाददाता, उरई

अमृत विचार। राजस्व की बढ़ोतरी के लिए पालिका ने एक और कदम बढ़ाया है। अब शहर में बिना लाइसेंस के प्राइवेट तौर पर टैंक सेफ्टी का काम नहीं किया जा सकेगा। मोहोल्लों में मल को खाली करने से पहले निजी सेप्टिक टैंक क्लीनर (डी स्लजिंग आपरेटर) को अब नगर पालिका से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उसके लिए, विभाग ने सख्ती बरतते हुए बाकायदा पंजीयन कराने की व्यवस्था की है। बिना पंजीयन के कार्य करने वालों पर पालिका जुर्माना लगाएगी।

शहर में पांच लाख से अधिक की आबादी है। जो मकान बने हैं, उनमें रहने वाले लोग तीन या फिर पांच साल में सीवर टैंक खाली कराते हैं। इस सफाई व्यवस्था के लिये पालिका के अलावा शहर में

- 3 से 5 हजार पंजीयन शुल्क, 2500 में होगा वार्षिक नवीनीकरण

तमाम लोग निजी तौर पर निजी सेप्टिक टैंकर चलवाकर मल व खाद खाली कराकर खुद की जेबें भर रहे हैं। इससे पालिका को राजस्व की हानि हो रही है। इससे निपटने के लिए नगर पालिका ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए इनके लिए पंजीयन अनिवार्य कर दिया है। पालिका अफसरों की मानें तो, पंजीयन शुल्क तीन से पांच हजार रुपये के भीतर होगा। इसके अलावा वार्षिक लाइसेंस नवीनीकरण का शुल्क 2500 रुपये तय किया गया है। यह दोनों प्रक्रिया को पूरा करने के बाद ही विभाग अनुमति प्रदान करेगा।

31 तक होंगे पंजीकरण

- पालिका ने पंजीकरण कराने के लिए समय निर्धारित किया है। एक से 31 अक्टूबर तक किसी भी दिन निजी आपरेटर पालिका आकर पंजीयन करा सकते हैं। समय सुबह दस से शाम पांच बजे रखा गया है। अपंजीकृत सेप्टिक टैंक क्लीनर पर लगेगा दस हजार का जुर्माना अधिकारियों के अनुसार अगर कोई भी व्यक्ति शहर में कहीं पर भी बिना रजिस्ट्रेशन के काम करते पाया जाता है, तो विभाग उस पर दस हजारों रुपये का जुर्माना वसूलेगी करेगी।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

जानकारी मिली है कि सेप्टिक टैंक साफ करने का काम शहर में निजी तौर पर तमाम लोग करा रहे हैं। जिससे राजस्व को नुकसान भी होता है साथ ही सुरक्षा को लेकर संदेह बना रहता है, इसलिए कुशल सेप्टिक टैंक क्लीनरों के लिए लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं। इससे पालिका की आमदनी में इजाफा होगा और यह पता चल सकेगा कि कितने ऑपरेटर यह काम कर रहे हैं।

-राम अचल कुरील, ईओ नगर पालिका

महिला का मोबाइल व बैग ले भागा टप्पेबाज

उरई। शहर के कालपी चुंगी पटेलनगर में रहने वाली एक महिला का बाजार से घर जाते समय मोबाइल व बैग टप्पेबाज छीनकर भाग खड़ा हो गया। इसमें पांच हजार रुपये थे। पीड़ित महिला ने कोतवाली पहुंच कर आरोपी के खिलाफ लिखित तहरीर दी है।

शहर के पटेलनगर निवासी रागिनी पाल ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि वह बाजार से घर की ओर जा रही थी जब वह एक होटल के सामने रिक्शे से उतरी तभी मोहल्ले का ही रहने वाला सद्दाम आ धमका और उसके हाथ से मोबाइल व हाथ बैग छीन कर ले गया। बाद में महिला ने पुलिस को तहरीर दी।

छात्राओं को कंप्यूटर का नियमित प्रशिक्षण दें

कार्यालय संवाददाता, बांदा

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप।

अमृत विचार। जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने गत दिवस बबेरू के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में बालिकाओं के कक्षा-कक्ष, भोजनालय, लाइब्रेरी, छात्रावास एवं कंप्यूटर लैब आदि का निरीक्षण किया। विद्यालय में आनलाइन क्लास द्वारा दी जा रही शिक्षा तथा मीनामंच की एक्टिविटी के संबंध में जानकारी ली और बालिकाओं के लिए रोस्टर बनाकर कंप्यूटर से आनलाइन शिक्षा दिये जाने के निर्देश दिये। कंप्यूटर लैब का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने सभी को संचालित रखने तथा बच्चों को कम्प्यूटर का प्रशिक्षण नियमित रूप से दिलाये जाने के निर्देशित किया। छात्रावास के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को निर्देशित

- जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

किया। विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को संचारी रोगों के प्रति जागरूकता की जानकारी दिये जाने के निर्देश दिये। विद्यालय में सभी छात्राओं की आधार फीडिंग कराये जाने तथा विद्यालय में बालिकाओं को दिये जाने वाले भोजन के संबंध में जानकारी लेते हुए प्रतिदिन निर्धारित मीनू के अनुसार गुणवत्तायुक्त भोजन दिये जाने को कहा। उन्होंने विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता की छात्राओं से जानकारी ली। इस मौके पर दौरान मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, बेसिक शिक्षाधिकारी अव्यक्त राम तिवारी, उप जिलाधिकारी बबेरू नमन मेहता सहित विद्यालय के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

एक नजर

युवक ने लगाई फांसी चली गई जान

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली के खजुहा में शनिवार की रात एक शराबी व्यक्ति ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सुबह हुई घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। बिन्दकी के खजुहा निवासी देवीदीन का पुत्र फूलचन्द्र शराब पीने का आदी था। जिसके चलते आयदिन पत्नी सविता से झगड़ा होता था। शनिवार की शाम नशे में धुत होकर घर आया और पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर उसने घर में ही फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मृतक के भाई रविन्द्र कुमार ने दी है।

किशोरी के अपहरण का आरोप

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। घटना तीन अक्टूबर 2024 की बताई जा रही है, जब दोपहर के समय खेत में काम करने गए एक व्यक्ति की 14 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर तीन लोग अपने साथ ले गए, जिनमें से एक आरोपी दूसरे जिले का बताया जा रहा है। पीड़ित पिता ने अपनी शिकायत में कहा कि जब वह खेत पर काम कर रहे थे तो उनकी बेटी घर पर अकेली थी।

खेत में मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड किनारे छिरिया सलेमपुर के पास मिला

संवाददाता जालौन

अमृत विचार। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर छिरिया सलेमपुर के पास रविवार सुबह एक युवक का सिर कटा शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव सड़क किनारे बाजरे के खेत में पड़ा हुआ था। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जहां मामले को एक्सीडेंट बता रही है वहीं परिजन हत्या की आशंका जाहिर कर रहे हैं। हालांकि अभी तक मामले को लेकर कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के छिरिया सलेमपुर से होकर बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे निकला है। रविवार की सुबह इसी एक्सप्रेसवे के किमी संख्या 207 के सर्विस रोड पर एक युवक का शव सड़क किनारे बाजरे के खेत में पड़ा हुआ था। पास में ही एक बाइक क्षतिग्रस्त पड़ी थी। युवक का सिर धड़ से अलग था और एक हाथ भी कटा हुआ था।

मौके पर जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

एक माह बाद थी शादी

रविन्द्र सिंह।

- युवक अपने पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी शादी तय हो चुकी थी और अगले माह नवंबर में उसकी शादी थी। शादी से पूर्व ही युवक की मौत हो गई। शादी वाले घर में मातम पसर गया और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

मौके से निकल रहे राहगीरों ने जब खेत में लहूलुहान शव को देखा तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ शैलेन्द्र बाजपेई, कोतवाल वीरेंद्र पटेल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। कुछ समय बाद एसपी प्रदीप कुमार भी फोरेंसिक टीम के साथ पहुंच गए। पुलिस ने जब शव की शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान रविन्द्र सिंह उर्फ कल्लू (28) पुत्र निरभाल सिंह निवासी शेरपुरा के रूप में हुई। इसकी जानकारी होने पर परिजन भी वहां पहुंचे और शव को देखकर हत्या की आशंका जाहिर करने लगे।

- परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

बहन के यहां जाने को निकला था युवक

परिजनों ने बताया कि रविन्द्र शनिवार की शाम बहन के गांव में अपनी बहन के यहां जाने की बात कहकर बाइक से निकला था। रात तक जब वह सहाव नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश भी की थी। लेकिन कोई जानकारी नहीं हुई। सुबह पुलिस के पास जाने की सोच रहे थे। उन्हें क्या पता था कि यह असहनीय सूचना मिलेगी। परिजनों ने शव की हालत देखकर युवक की हत्या की आशंका जताई है। वहीं, पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस मान रही दुर्घटना

सीओ शैलेन्द्र बाजपेई ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला एक्सीडेंट का प्रतीत हो रहा है। पास में ही युवक की क्षतिग्रस्त बाइक और किसी अन्य वाहन के भी कुछ टूटे हुए पार्ट्स मिले हैं। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मत्स्य जीवी सहकारी समिति की बैठक

कालपी। कालपी के मोहल्ला महमूदपुरा में रविवार के दिन मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड की बैठक हुई। महमूदपुरा निवासी महेंद्र निषाद पुत्र लालमन निषाद के घर कालपी के मछुआ समुदाय की प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र निषाद ने की। बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना (पीएम-एमकेएसएसवाई) के उद्देश्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। नई रणनीतियों के माध्यम से मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। बैठक में विभिन्न राज्यों की बेहतर पद्धतियों और सफलता की कहानियों को भी प्रदर्शित किया गया। बैठक का समापन सभी हितधारकों की ओर से मत्स्य पालन क्षेत्र को आगे बढ़ाने के प्रयासों को जारी रखने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ हुआ। इस अवसर पर वीर सिंह, आशा देवी, विमला देवी, देवी गुलाम, सुनीता श्रीवास, रवि, शिवम निषाद, रज्जन कुमारी, सूर्य कांति समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का बनेगा आयुष्मान कार्ड

कार्यालय संवाददाता, उरई

अमृत विचार। जनपद में कार्यरत सभी आशा बहु के साथ-साथ आशा संगिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का आयुष्मान कार्ड बनेगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग एवं डीपीओ कार्यालय ने शुरुआत कर दी है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेन्द्र शर्मा ने समस्त ब्लॉक के चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को अपने-अपने विकासखंड की समस्त आशा कार्यकर्तियों एवं संगिनी का आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसे आवश्यकता पड़ने पर उन्हें 5 लाख तक की उपचार की सुविधा भर्ती होने के उपरांत किसी भी पंजीकृत चिकित्सालय में निःशुल्क प्राप्त हो सके। इसी तरह आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका का भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है जिसके लिए डीपीओ कार्यालय की ओर से सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया गया है।

इतने कर्मचारियों का बनेगा कार्ड

- जनपद में कुल आशा की संख्या : 1197
- जनपद में कुल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता : 1368
- जनपद में कुल आंगनबाड़ी सहायिका : 1061

आयुष्मान भारत योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ आशीष कुमार झा ने बताया कि आयुष्मान एप्लीकेशन के मदद से स्वपंजीकरण करते हुए अपने आधार कार्ड के मदद से ई केवाईसी कर सकते हैं। इसके साथ ही यदि किसी भी आशा अथवा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को स्वपंजीकरण विधि से अपना आयुष्मान कार्ड बनाने में कोई असुविधा होती है तो वह किसी भी पंजीकृत चिकित्सालय में आयुष्मान मित्र के माध्यम से अथवा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सीएचओ के माध्यम से, पंचायत सचिवालय में पंचायत सहायक के माध्यम से कार्ड जारी करवा सकते हैं।

चालकों को बताए यातायात के नियम

संवाददाता उरई

अमृत विचार। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल राजेश कुमार द्वारा एट टोल प्लाजा पर ओवरलोडिंग/गलत नम्बर प्लेट, बिना एच.एस.आर.पी. प्लेट लगे वाहन, सड़क किनारे खड़े अवैध वाहनों एवं बिना रेट्र रिफ्लेक्टिव टेप लगे वाहनों की चेकिंग की गयी तथा लेन ड्राइविंग के बारे में चालकों को जागरुक किया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत वाहन चालकों को रात्रि में हेड लाइट के हाई बीम,लो बीम के प्रयोग के बारे में जानकारी दी गयी।

उक्त कार्यक्रम में एट टोल प्लाजा के सीनियर मैनेजर के0के0 शुक्ला

माला पहनाकर जागरूक करते एआरटीओ राजेश कुमार। अमृत विचार

व मैनेजर दीपेन्द्र भार्गव व एट टोल प्लाजा के अन्य कर्मी एवं समाज सेवी अनिल कुमार सिन्धु उपस्थित रहे। जिनके सहयोग से दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु सलाह दी गयी व जो भी वाहन चालक बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन संचालित करते पाये गये उनको फूल देकर व माला पहनाकर सरकार, परिवहन विभाग व उनके परिवार की ओर से आग्रह किया गया कि वाहन का संचालन करते समय सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करें व वाहन का संचालन करते समय वाहन नशे की हालत में वाहन न चलाएं।

झगड़ा करने में युवक गिरफ्तार

कालपी। एक ग्राम में एक युवक को अपने पड़ोसी से झगड़ा करना महंगा पड़ा। चौकी प्रभारी ने गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में जेल भेजा।

ज्ञान भारती चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे वही ग्राम लमसर में झगड़े की सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने उक्त गांव के निवासी बदन सिंह पुत्र दर्शन सिंह पड़ोसी को गाली गलौज करके झगड़ा कर रहा था तभी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया उक्त घटना में कालपी पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ चलानी रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डाक्टरी परीक्षण कराकर जेल भेजा।

क्रांतिकारी ताई बाई की प्रतिमा लगवाने की मांग

संवाददाता जालौन

- बौद्धिक काउंसिल ग्रुप के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार। देवनगर चौराहे पर नगर की महिला क्रांतिकारी ताईबाई की प्रतिमा स्थापित किए जाने को लेकर बौद्धिक काउंसिल ग्रुप के पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा।

जालौन की प्रथम महिला शासिका व क्रांतिकारी ताई बाई की प्रतिमा देवनगर चौराहे पर लगवाने को लेकर बौद्धिक काउंसिल ग्रुप के पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर की। कहा कि देवनगर चौराहे पर जालौन की गौरव प्रथम क्रांतिकारी महिला शासिका ताई बाई की प्रतिमा लगवाई जाए। बताया कि ऐतिहासिक नगर जालौन की प्रथम महिला शासिका व क्रांतिकारी वीरांगना ताई बाई रहीं। जिन्होंने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों से लोहा लिया। नगर के लिए उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया। ऐसे में जनता के सम्मान के लिये उनकी प्रतिमा को देव नगर चौराहे पर स्थापित करके उन्हें उचित सम्मान दिलाया जाए। इस मौके पर अध्यक्ष वाचस्पति मिश्रा, सचिव केसी पाटकार, महेंद्र प्रताप सिंह, बबलू सोनी आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

एंटी रोमियो अभियान चलाने की मांग

जालौन। पुलिस की एंटी रोमियो टीम के सुस्त हो जाने के कारण नगर में मनचलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सड़कों पर घूमते रोमियो स्कूली छात्राओं तथा महिलाओं के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। अभिभावकों ने एसडीएम से मनचलों पर रोक लगाने की मांग की है। अभिभावक अखिलेश लाक्षाकार, मुकेश श्रीवास्तव, मनीष परिहार, अरविंद कुमार, सुनील त्रिपाठी आदि ने बताया कि बस स्टैंड के आसपास छात्राओं के इंटर कालेज संचालित हो रहे। यहां बड़ी संख्या में छात्राओं का आना जाना रहता है। इसके साथ ही चुर्खी रोड पर महाविद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों व महाविद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं की संख्या ज्यादा होने के कारण बस स्टैंड तथा चुर्खी रोड बाला जी के आसपास छात्राओं का आना जाना लगा रहता है। छात्राओं की संख्या ज्यादा होने के कारण यहां पर मजनुओं का जमावड़ा लगा रहता है। मजनुओं की चहलकदमी तथा उनके द्वारा स्कूली छात्राओं तथा युवतियों को देखकर कसीं जाने वाली फब्तियों के कारण वे परेशान है। मजनुओं की ओछी हरकतों के कारण युवतियां का चलना मुश्किल हो रहा है। सी ओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी ने कहा कि उन्हें जानकारी नहीं है। अगर एंटी रोमियो टीम सक्रिय नहीं है तो सक्रिय किया जायेगा।

गायत्री महायज्ञ की 64वीं वर्षगांठ 5 से, तैयारी शुरू

सुमेरपुर(हमीरपुर)। गायत्री महायज्ञ की 68 वीं वर्षगांठ आगामी 5 दिसंबर से 15 दिसंबर तक होगी। इसके लिए सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंप कर तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटी राम महाराज ने वर्ष 1957 करबे के इस निर्जन स्थान पर विशाल गायत्री महायज्ञ कराकर इस भूमि को तपोभूमि के रूप में परिवर्तित किया था तबसे यह स्थान लोगों की श्रद्धा का केंद्र है।

बालू का ओवरलोड ट्रक पकड़कर किया सीज

संवाददाता, कालपी

अमृत विचार। जिला प्रशासन के निर्देश के अनुरूप उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार पचौरी के नेतृत्व में शासकीय अधिकारियों की टीम के द्वारा रात में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान अवैध खनन से ओवरलोड एक ट्रक को पकड़ कर सीज करने की कार्रवाई से खलबली मच गयी है।

एसडीएम संयुक्त टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। तभी कदौरा- चतेला मार्ग की सड़क में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने अवैध खनन तथा ओवरलोड के खिलाफ चेकिंग की गई। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरम लदे एक ट्रक को पकड़ लिया। अवैध खनन भरे एक ट्रक को पकड़ कर

- कदौरा- चतेला मार्ग पर चलाया चेकिंग अभियान
- जिला प्रशासन के निर्देश पर संयुक्त टीम कर रही कार्रवाई

सीज करने की कार्रवाई की गई। उपजिलाधिकारी ने पकड़े गये वाहन को पुलिस की अभिरक्षा में सीज कर गल्ला मंडी में खड़ा करा दिया। चेकिंग अभियान की खबर मिलते ही वाहन चालकों में खलबली मच गयी। उपजिलाधिकारी के मुताबिक आगामी दिनों में भी लगातार चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

उल्लेखनीय हो कि बरसात के कारण 30 जून से नदियों से खनन का कार्य तीन महीनों के लिए बंद कर दिया गया है। एक अक्टूबर से पुनः खनन कार्य शुरू हुआ है इसी को मद्देनजर रखते हुए प्रशासन के द्वारा अवैध खनन तथा परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया गया।

नवरात्र | मंदिरों और पंडालों में सुबह-शाम पूजा व आरती के लिए उमड़ रही भक्तों की भीड़

कूष्मांडा माता की पूजा कर मांगा सौभाग्य

संवाददाता जालौन

अमृत विचार। नवरात्र महोत्सव के चौथे दिन नगर के माता के मंदिरों व दुर्गा पंडालों में मां के चौथे स्वरूप कूष्मांडा की पूजा अर्चना की गयी। भक्तों ने माता के मंदिरों व पंडालों में पहुंचकर श्रद्धा पूर्वक विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा मां से यश, सुख, समृद्धि, अच्छी सेहत और दीर्घायु की कामना की।

श्रृंगारित माता की प्रतिमा।

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन मां कूष्मांडा की नगर में बनाए गए 63 पंडालों व नगर के प्राचीन व प्रमुख छोटी माता, बड़ी माता, छटी माता, संतोषी माता, अलखिया माता, कामाक्षा देवी पहाड़पुरा में पूजा अर्चना की गयी। सूर्य उदय से पूर्व मां की मंगला आरती से मंदिरों के पट खुल गये तथा भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। पंडालों में मंदिरों से आती शंख, झालर, घंटा व देवी गीतों की ध्वनि से नगर का वातावरण भक्ति मय हो गया। बताया जाता है कि मां कूष्मांडा की आठ भुजाएं हैं, इसलिए इनको अष्टभुजा देवी भी कहते हैं। ये अपनी आठ भुजाओं में चक्र, गदा, धनुष, बाण, अमृत कलश, कमल और कमंडल धारण करती हैं। मां कूष्मांडा का वाहन सिंह है, जो साहस और निर्भय का प्रतीक है।

ये देवी अपने एक हाथ में जप की माला भी धारण करती हैं। मां कूष्मांडा के नाम का अर्थ कुम्हड़ा है। इसे संस्कृत में कूष्मांडा कहते हैं। पं. देवेन्द्र दीक्षित बताते है कि मां कूष्मांडा के नाम का अर्थ त्रिविध तापयुक्त संसार जिनके उदर में स्थित है, वे भगवती कूष्मांडा कहलाती हैं। कूष्मांडा का अर्थ कुम्हड़े से भी है। मां कूष्मांडा को कुम्हड़ा अति प्रिय है, इसलिए भी इनको कूष्मांडा कहते हैं।

टाउन हॉल में कार्यक्रम आज

- **उरई।** नवरात्र के उपलक्ष पर शहर के टाउन हॉल में धार्मिक व संस्कृति की सहभागिता चर्चा का विषय बनी हुई है। बता दें कि हर साल नवरात्र के अवसर पर शहर के टाउन हॉल मैदान में सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम होंगे। जिसके आयोजन को लेकर समाजसेवियों ने बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली है। कार्यक्रम संयोजक आध्यात्मिक आचार्य गौरव महाराज ने बताया कि कार्यक्रम सोमवार देर शाम को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों द्वारा नवदुर्गा की भव्य झांकियां सजाई जाएंगी। इसके साथ ही नवरात्र पर महिला सशक्तिकरण को लेकर तरह-तरह की जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही रात्रि जागरण का भी कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया किस कार्यक्रम में कई मुस्लिम समाजसेवी बढ़ चढ़कर अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इसमें प्रमुख जयपुरिया स्कूल के प्रबंधक बनाकर हैदर बढ़ चढ़कर भागीदारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सभी कार्यकर्ताओं को अपनी-अपनी जिम्मेदारी दे दी गई है। जिससे की व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही ना हो।

गौरव महाराज।

देवी पंडाल का निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह। अमृत विचार

एसडीएम ने देवी पंडालों का किया निरीक्षण

संवाददाता कदौरा

अमृत विचार। शारदीय नवरात्र के पर्व को कुशलता पूर्वक निपटाने के लिए स्थानीय प्रशासन तथा पुलिस विभाग के द्वारा कवायद जोरों पर चल रही हैं। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने थाना पुलिस के साथ नगर क्षेत्र व ग्रामीणांचल में स्थापित दुर्गा पंडालों का घूम-घूमकर निरीक्षण किया व कमियां देखकर उन्हें दूर करने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह नगर क्षेत्र के रामलीला मैदान पहुंचे वह उन्होंने स्थापित दुर्गा पंडाल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा। निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी लोग शांति पूर्वक देवी की आराधना करें और उन्हें शांति पूर्वक पहले से ही तय रूट पर से ही विसर्जन करें। उन्होंने कमेटी के सदस्यों से कहा कि बिजली के तारों को दुरुस्त रखा जाए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने से बच सकें। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणांचल के पंडालों बबीना, हासा तथा अन्य जगह का भी भ्रमण किया और सभी से शांति की अपील की।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, सोमवार, 7 अक्टूबर 2024

इजराइल-ईरान तनाव और मौद्रिक नीति से तय होगी बाजार की चाल

7 से 9 तक आरबीआई की नवगठित मौद्रिक नीति समिति की बैठक

मुंबई, एजेंसी

इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच चीन के प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा से हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह साढ़े चार प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह भी इन्हीं कारकों के साथ ही कंपनियों की दूसरी तिमाही के नतीजों और रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा से तय होगी। 7 से 9 अक्टूबर तक रिजर्व बैंक की नवगठित मौद्रिक नीति समिति की बैठक होगी जिसमें नीतिगत दरों को यथावत बनाए रखने की उम्मीद है।

रिजर्व बैंक लगातार नौ बार से नीतिगत दरों को यथावत हुए हैं और 10वीं बार भी इन दरों में कोई बदलाव की उम्मीद नहीं की जा रही है क्योंकि महंगाई का जोखिम अभी भी कम नहीं हुआ है और हाल के दिनों में महंगाई विशेषकर खुदरा महंगाई में तेजी देखी गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि रिजर्व बैंक

- बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर हुई है बिकवाली

नीतिगत दरों में कोई बदलाव करने की स्थिति में नहीं है क्योंकि उसका लक्ष्य महंगाई को चार प्रतिशत के दायरे में लना है। पिछले कुछ महीने से महंगाई में आयी राहत में फिर से तेजी दिखने लगी है जिस पर रिजर्व बैंक की नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 3883.4 अंक अर्थात 4.5 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर करीब एक माह के निचले स्तर 81688.45 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1164.35 अंक यानी 4.5 प्रतिशत की बड़ी गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 25014.60 अंक रह गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1583.58 अंक अर्थात 3.2 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 47906.74 अंक और स्मॉलकैप 1146.05 अंक यानी 2.00 प्रतिशत कमजोर होकर 55945.31 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, निफ्टी और सेंसेक्स दोनों के क्रमशः 26000 और 85000 के नए रिकॉर्ड स्तर अल्पकालिक थे क्योंकि मध्य-पश्चिम की प्रतिकूल परिस्थितियों और चीन के प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा से अन्य एशियाई बाजारों में शेयरों के सस्ते होने से इन बाजारों की ओर एफआईआई के तेज निवेश प्रवाह ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।

उपभोक्ता भुगतान पर ध्यान केंद्रित कर रहा है पेटीएम : सीईओ

कोलकाता। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी पेटीएम की तत्काल प्राथमिकता अपने उपभोक्ता भुगतान कारोबार में निवेश करना है, ताकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नियामकीय कार्रवाइयों के बाद खोए उपयोगकर्ता आधार को वापस पाया जा सके। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को प्रीपेड इंस्ट्रूमेंट्स और वॉलेट्स सहित ग्राहक खातों में जमा स्वीकार करने या क्रेडिट लेनदेन की सुविधा देने से प्रतिबंधित कर दिया था। अगस्त में, पेटीएम ने अपने टिकटिंग व्यवसाय को खाद्य प्रौद्योगिकी कंपनी ज़ोमैटो को 2,048 करोड़ रुपये में बेच दिया ताकि वह अपने मुख्य परिचालन - भुगतान और वित्तीय सेवा वितरण पर ध्यान केंद्रित कर सके। पेटीएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की युवा इकाई यंग इंडियंस के कलकत्ता चैप्टर द्वारा आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान कहा भुगतान हमारा प्राथमिक व्यवसाय बना हुआ है, और व्यापारी पक्ष मजबूत बना हुआ है। हालांकि, विनियामक बाधाओं के कारण हमने एक महत्वपूर्ण उपभोक्ता आधार खो दिया है। आगे बढ़ते हुए, हमारा लक्ष्य उपभोक्ता भुगतान व्यवसाय क्षेत्र में फिर से निवेश करना है। उपभोक्ता भुगतान में यूपीआई भुगतान शामिल है, जबकि व्यापारी पक्ष में क्यूआर कोड लेनदेन शामिल है।

रेपो दर को यथावत रख सकता है आरबीआई

- अक्टूबर की शुरुआत में आरबीआई की दर-निर्धारण समिति-मौद्रिक नीति समिति का हुआ था पुनर्गठन

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की इस सप्ताह होने वाली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में प्रमुख ब्याज दर रेपो में कटौती की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। उनका कहना है कि खुदरा मुद्रास्फीति अब भी चिंता का विषय बनी हुई है, तथा पश्चिम एशिया संकट के और बिगड़ने की संभावना है, जिसका असर कच्चे तेल और जिंस कीमतों पर पड़ेगा।

इस महीने की शुरुआत में सरकार ने आरबीआई की दर-निर्धारण समिति-मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का पुनर्गठन किया। इसमें तीन नए नियुक्त बाहरी सदस्यों के साथ पुनर्गठित समिति सोमवार को अपनी पहली बैठक शुरू करेगी। एमपीसी के चेयरमैन आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास (9 अक्टूबर) को तीन दिन की बैठक के नतीजों की घोषणा करेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 से रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा है।

इस सप्ताह दो आईपीओ, 365 करोड़ रुपये जुटने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईपीओ की बाढ़ के बाद प्राथमिक बाजार में देखने को मिलेगी अब थोड़ी सुस्ती

हाल के सप्ताहों में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की बाढ़ के बाद प्राथमिक बाजार में अब थोड़ी सुस्ती देखने को मिलेगी। अगले सप्ताह सिर्फ दो आईपीओ आ रहे हैं, जिनके जरिये करीब 365 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। सितंबर में मुख्य मंच पर 12 आईपीओ और एसएमई (लघु और मझोले उद्यम) खंड में 40 आईपीओ आए थे। सात अक्टूबर से शुरू होने वाले अगले सप्ताह मुख्य मंच पर गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग और एसएमई खंड पर शिव टेक्सकेम के आईपीओ आने हैं।

गरुड़ कंस्ट्रक्शन आईपीओ के जरिये 264 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। गरुड़ कंस्ट्रक्शन का आईपीओ आठ अक्टूबर को खुलकर 10 अक्टूबर को बंद होगा। शिव टेक्सकेम का 8-10 अक्टूबर के दौरान अपने आईपीओ के जरिये 101 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने का लक्ष्य है। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के चलते अक्टूबर की शुरुआत से शेयर बाजार में काफी गिरावट आई है। प्राइमडेटाबेस के अनुसार, अस्थायी सुस्ती के बावजूद कुल मिलाकर आईपीओ बाजार का परिदृश्य सकारात्मक है। अभी 26 कंपनियों के पास आईपीओ के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी है, जिसके जरिये वे 72,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती हैं। इसके अलावा 55 कंपनियों के आईपीओ प्रस्ताव सेबी के पास विचाराधीन हैं। इन कंपनियों की आईपीओ के जरिये 89,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है।

ओला संस्थापक भाविश-कुणाल के बीच सेवा गुणवत्ता के मुद्दे पर बहस

नई दिल्ली। ओला के संस्थापक भाविश अग्रवाल और स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के बीच रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कंपनी के इलेक्ट्रिक स्कूटरों की बिक्री के बाद सेवा की गुणवत्ता को लेकर तीखी बहस हुई।

दरअसल, अग्रवाल ने ओला गीगाफैक्ट्री की एक तस्वीर पोस्ट की, जिस पर कामरा ने कई ओला इलेक्ट्रिक स्कूटरों की तस्वीर डाली, जो कथित तौर पर मरम्मत के लिए एक साथ खड़े थे। कामरा ने तस्वीर के साथ लिखा क्या भारतीय उपभोक्ताओं की आवाज है? क्या उन्हें यही मिलना चाहिए? दोपहिया वाहन कई दिहाड़ी मजदूरों की जीवनरेखा हैं। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को टैग करते हुए पूछा,क्या इसी तरह भारतीय ईवी का उपयोग करेंगे? कामरा ने यह भी कहा कि जिन्हें ओला इलेक्ट्रिक से कोई समस्या है, वह अपनी आपबीती नीचे सभी को टैग करते हुए लिख दें।

टाटा पंच का स्पेशल कैमो एडिशन लॉंच, शोरूम कीमत 8.45 लाख

मुंबई। वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी सबसे ज्यादा बिकने वाली कार टाटा पंच का एक खास सीमित संस्करण कैमो एडिशन लॉन्च किया है जिसकी एक्स शोरूम कीमत 8.45 लाख रुपये है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह आकर्षक सीवीड ग्रीन रंग में उपलब्ध है, जिसकी छत सफेद रंग की है। इसमें आर16 चारकोल ग्रे अलॉय व्हील्स और खास कैमो थीम वाले डिजाइन दिए गए हैं। इस एडिशन में 10.25-इंच इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और ऐप्पल कारप्ले जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा, वायरलेस चार्जर, रियर एसी वेंट, फास्ट सी-टाइप यूएसबी चार्जर और आर्मरेस्ट के साथ शानदार कंसोल जैसे फीचर्स इसे और भी खास बनाते हैं। यह टाटा पंच की प्रीमियम पहचान और ड्राइविंग अनुभव को और बेहतर बनाते हैं।

निसान मैग्नाइट बोल्ड हुई लॉंच

बरेली। बरेली के नाथ निसान में नई निसान मैग्नाइट बोल्ड फेसलिफ्ट की धूमधाम लांचिंग की। निसान मैग्नाइट ने अपने नए अवतार के साथ-साथ बहुत नए फीचर्स को भी इस फेरिस्त में शामिल किया। लॉंचिंग में आए लोगो ने फीचर्स को लोगों ने पसंद किया। नई फेसलिफ्ट मैग्नाइट में अबकी बार जो अपडेट किए है वो है 16 इंच के डाइमेंड कट एलोये वील, वॉक अवे लॉक, 6 एयर बैग, ऑटो डिमिंग आईआरवीएम, एयर प्यूरीफायार, 1 लाख किलोमीटर की वारंटी, पहली 10 हजार गाड़ियो की शुरुआती कीमत 5.99 लाख से शुरू है और भी बहुत से नए आकर्षक फीचर शामिल किए हैं। लांचिंग में नाथ निसान के एम डी विनोद ग्रोवर की उपस्थिति के साथ-साथ योगेश ग्रोवर, अभिषेक ग्रोवर, ईशान ग्रोवर, शिवांग ग्रोवर, श्रेयांश ग्रोवर और नाथ निसान के सेल्स मैनेजर सूरज चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

चालू वित्त वर्ष में 10,000 कर्मियों की नियुक्ति करेगा एसबीआई

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र का भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चालू वित्त वर्ष (2024-25) में 10,000 नए कर्मचारियों को भर्ती करने की योजना बना रहा है। बैंक यह नई भर्ती आम बैंकिंग जरूरतों और अपनी अपनी तकनीकी क्षमता को बढ़ावा देने के लिए करेगा।

बैंक ने निर्बाध ग्राहक सेवा प्रदान करने के साथ-साथ अपने डिजिटल चैनल को मजबूत करने के लिए प्रौद्योगिकी में महत्वपूर्ण निवेश किया है। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा हम अपने कार्यबल को प्रौद्योगिकी पक्ष के साथ-साथ सामान्य बैंकिंग पक्ष पर भी मजबूत कर रहे हैं। हमने हाल ही में प्रवेश स्तर और थोड़े उच्चस्तर पर लगभग 1,500 प्रौद्योगिकी लोगों की भर्ती की घोषणा की है। हमारी प्रौद्योगिकी भर्ती डेटा वैज्ञानिकों, डेटा आर्किटेक्ट्स, नेटवर्क संचालकों आदि जैसी विशेष नौकरियों पर भी है। हम उन्हें प्रौद्योगिकी पक्ष में विभिन्न प्रकार की नौकरियों के लिए भर्ती कर रहे हैं इसलिए, कुल मिलाकर, हमारी वर्तमान वर्ष की आवश्यकता लगभग 8,000 से 10,000 लोगों की होगी।

राष्ट्रीय

छात्रा की हत्या : कलकत्ता हाईकोर्ट ने दिया पुनः पोस्टमार्टम का आदेश

बंगाल के दक्षिण 24 परगना में सामूहिक दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या का मामला

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने रविवार को आदेश दिया कि उस स्कूली छात्रा का फिर से पोस्टमार्टम किया जाए, जिसके साथ पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में सामूहिक दुष्कर्म किया गया और हत्या कर दी गई।

शनिवार को अपनी ट्यूशन कक्षाओं के बाद 10-वर्षीय बच्ची जयनगर स्थित घर लौट रही थी, तभी यह घटना हुई। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने बच्ची के माता-पिता की याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिया कि दूसरा पोस्टमार्टम सोमवार को कल्याणी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) अस्पताल में, बरुईपुर अदालत के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) की उपस्थिति में किया जाए। न्यायमूर्ति घोष ने आदेश दिया कि पुलिस को यौन अपराधों से बच्चों

का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज करना चाहिए। अदालत ने कहा कि अगर एम्स (कल्याणी) में पोस्टमार्टम करने के लिए आवश्यक सुविधाओं की कमी है, तो इसे वहीं स्थित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल में किया जाना चाहिए। हालांकि, पोस्टमार्टम एम्स, कल्याणी के चिकित्सकों द्वारा किया जाना चाहिए, न कि राज्य सरकार द्वारा संचालित अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा। स्कूली छात्रा का शव अभी कांटापुकुर शवगृह में रखा गया है, जहां पहला पोस्टमार्टम किया गया था। हत्या के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस मामले में पॉक्सो लगाए, दोषियों को मिलना ही चाहिए मृत्युदंड : ममता बनर्जी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मामले में पॉक्सो के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाए और सुनिश्चित किया जाए कि दोषियों को तीन महीने के भीतर मृत्युदंड की सजा मिले। बनर्जी ऑनलाइन माध्यम से कई दुर्गा पूजा पंडालों का उद्घाटन करने के बाद कोलकाता पुलिस बॉडीगार्ड लाइन्स में लोगों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अपराध का कोई रंग, जाति या धर्म नहीं होता। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दुष्कर्म के मामलों में मीडिया ट्रायल पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इसे रोका जाना चाहिए क्योंकि इससे जांच में बाधा उत्पन्न हो सकती है। एक

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दुष्कर्म के बाद हत्या की शिकार 10 वर्षीय बच्ची का शव शनिवार को दक्षिण 24 परगना के कुलतली में मिला, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने एक पुलिस चौकी में आग लगा दी और वहां खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की।

मेरठ के फ्लैट में अवैध बंदूक बनाने वालों का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रविवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर एक अवैध बंदूक निर्माण इकाई का भंडाफोड़ करने का दावा किया। पुलिस ने बताया कि मेरठ के एक फ्लैट से 16 देशी पिस्तौल, छह कारतूस, देशी पिस्तौल की 41 बैरल और अवैध हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले आठ उपकरण जब्त किए गए।

पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इकराम (40) को गिरफ्तार किया गया जो कथित तौर पर कुछ अपराधियों को अवैध हथियारों की आपूर्ति करने के लिए दिल्ली आया था। उसके पास से दो देशी पिस्तौल और छह कारतूस बरामद किए गए। इकराम ने माशूक अली के बारे में जानकारी साझा की जिसे बाद में मेरठ शहर से गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया, माशूक अली शनिवार को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर टीम ने मेरठ में काशीराम कॉलोनी में स्थित एक सुनसान फ्लैट पर छापा मारा जहां उसने अवैध रूप से हथियार बनाने की फैक्ट्री बनाई हुई थी।

डासना मंदिर पर प्रदर्शन करने वाले 10-20 लोगों को गोली मार देनी चाहिए थी: भाजपा विधायक

गाजियाबाद, एजेंसी

- गाजियाबाद जिले की लोनी सीट से भाजपा विधायक नरसिंहानंद के बचाव में उतरे
- टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन करने वाले 150 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले की लोनी सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंद किशोर गुर्जर ने डासना पीठ के महंत यति नरसिंहानंद की पैगम्बर मोहम्मद साहब के प्रति अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार रात मंदिर के बाहर हुए प्रदर्शन कर जिक्र करते हुए कहा है कि पुलिस को प्रदर्शनकारियों का गोली मार देनी चाहिए थी।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में गुर्जर कथित रूप से कहते हैं कि अगर 10-20 लोग मर जाते तो बवाल करने वाले लोग नहीं होते। नरसिंहानंद ने पिछली 29 सितंबर को गाजियाबाद के हिंदी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया गया है। नरसिंहानंद की टिप्पणी के विरोध में लोगों ने शुक्रवार रात डासना मंदिर के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को लेकर डासना पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक भानु की शिकायत पर वेव सिटी थाने में 150 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उनमें से छह को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। डासना देवी मंदिर पहुंचे गुर्जर ने बाद में संवाददाताओं से बातचीत में शुक्रवार रात मंदिर पर पथराव होने का आरोप लगाते हुए कहा, जो मंदिर पर हमला हुआ है वह सनातन धर्म पर हमला है। पुलिस ने रात में लाठी चार्ज का नाटक तो किया लेकिन रात में पुलिस को 10-20 लोगों को गोली मार कर एनकाउंटर करना चाहिए था। यह हमला पूरे हिंदुत्व पर है। रात में 10-20 लोग मर जाते हैं तो इस तरह का बवाल करने वाले लोग नहीं होते।

कहा- सर तन से जुदा के नारे पर हिंदू नहीं करता पथराव

भाजपा विधायक ने कहा जब सर तन से जुदा के नारे लगते हैं तो क्या हिंदू समाज के लोग इस तरह से जाकर किसी मस्जिद पर पथराव करते हैं? अपने विवादित बयानों के लिए चर्चा में रहने वाले भाजपा विधायक ने कहा, वह मंदिर हिंदुओं की आस्था पर हमला है, इसलिए सब पर एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) लगाया जाए और जो गिरफ्तार ना हो तो इनाम घोषित कर उनका एनकाउंटर हो। उन्होंने महंत यति नरसिंहानंद का बचाव करते हुए कहा, महाराज जी ने जो कहा वह विषय अलग है और अब किस तरह के हमले लगातार सनातन धर्म पर हो रहे हैं, बेटियों को मार दिया जा रहा है, बांग्लादेश में जो हालात हुए हैं, उससे स्वाभाविक है कि उनकी कोई बात आवेश में निकली हो।

डबल इंजन सरकार का मतलब महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व मुख्यमंत्री बोले- पूरे देश में जा रहीं हैं भाजपा की सरकारें

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोगों को समझ में आ गया है कि डबल इंजन सरकार का मतलब महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार है इसलिए पूरे देश से भारतीय जनता पार्टी की सरकारें जा रही हैं।

केजरीवाल ने रविवार को यहाँ आयोजित जनता की अदालत में केजरीवाल कार्यक्रम में कहा कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर से भाजपा की डबल इंजन सरकारें जा रही हैं। अब देश में डबल इंजन फेल हो गया है। एक इंजन जून में ही खराब हो गया था, जब इनकी 240 सीटें आई थीं। अब एक-एक करके इनका दूसरा इंजन भी खराब हो रहा है। ये पहले हरियाणा और जम्मू-कश्मीर से जाएगा और फिर झारखंड और महाराष्ट्र से भी जाएगा। अब सारे देश से इनकी डबल इंजन की सरकार जा रही है। लोगों को समझ में आ गया है कि डबल इंजन सरकार का मतलब महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार है इसलिए पूरे देश से इनकी सरकारें जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली के चुनाव आने वाले हैं। ये लोग दिल्ली में आकर कहेंगे कि डबल इंजन सरकार बना दो। जब ये आएं, तो इनसे पूछना कि हरियाणा वालों ने तुम्हारी डबल इंजन की सरकार बनाई थी। हरियाणा में 10 साल इनकी डबल इंजन की सरकार रही, वहां ऐसा इन्होंने क्या किया कि आज हरियाणा में कोई इनको अपने गांव में नहीं घुसने दे रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सात साल से डबल इंजन की सरकार है। इन लोगों ने कुछ तो गड़बड़ की होगी तभी वहां लोकसभा में इनकी आधी सीटें रह गईं। मणिपुर में सात साल से इनकी डबल इंजन सरकार है।

हवा में कलाबाजी...

भारतीय वायु सेना (एआईएफ) की एरोबेटिक्स टीम सूर्य किरण ने चेन्नई के मरीना बीच पर एआईएफ की 92वीं वर्षगांठ समारोह पर एक एयर शो का आयोजन किया जिस देखने लोगों का हूजुम उमड़ पड़ा। हवा में कलाबाजियां करते सेना के विमानों ने बीच पर मौजूद लोगों में उत्साह भर दिया।

सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर पर आंदोलन की अनुमति नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- लद्दाख भवन में ही अनशन पर बैठे वांगचुक

लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने सहित विभिन्न मांगों की लेकर दिल्ली आए जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर पर आंदोलन की अनुमति नहीं मिलने पर रविवार को लद्दाख भवन में ही अनशन पर बैठ गए। वह दिल्ली में लद्दाख भवन में ही ठहरे हुए हैं। वांगचुक ने अनशन शुरू करने से पहले मीडिया के साथ संक्षिप्त बातचीत में कहा कि अपने आंदोलन के लिए कोई स्थान न मिलने पर उन्हें लद्दाख भवन में ही विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

वांगचुक सहित करीब 18 लोग लद्दाख भवन के गेट के पास बैठे हैं और हम होंगे कामयाब गीत गा रहे थे तथा भारत माता की जय, जय लद्दाख और लद्दाख बचाओ, हिमालय बचाओ जैसे नारे लगा रहे थे। वांगचुक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उन्हें जंतर-मंतर पर अनशन करने की अनुमति नहीं दी गई है। एक और अस्वीकृति, एक और हताशा। जलवायु कार्यकर्ता वांगचुक दिल्ली चलो पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं, जो एक महीने पहले लेह से शुरू हुई थी। मार्च का आयोजन लेह एपेक्स बॉडी ने किया है, जो कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ मिलकर पिछले चार वर्ष से लद्दाख को राज्य का दर्जा दिलाने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने को आंदोलनरत है।

भाजपा भड़का रही सांप्रदायिक तनाव, दी जाएगी चुनौती : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- विपक्ष के नेता बोले- गोवा की प्राकृतिक और सामाजिक विरासत पर हो रहा है हमला

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को भाजपा पर गोवा में जानबूझकर सांप्रदायिक तनाव भड़काने का आरोप लगाते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के प्रयासों को चुनौती दी जाएगी, क्योंकि इस राज्य और पूरे भारत के लोग इस विभाजनकारी एजेंडे को देख रहे हैं।

गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गोवा का आकर्षण इसकी प्राकृतिक सुंदरता और इसके विविध एवं सामंजस्यपूर्ण लोगों की गर्मजोशी और आतिथ्य में निहित है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा दुर्भाग्य से, भाजपा शासन में इस सद्भाव पर हमला हो रहा है। भाजपा जानबूझकर सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा दे रही है, जिसमें आरएसएस के एक पूर्व नेता ईसाइयों और संघ से जुड़े संगठनों को भड़काकर मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार का आह्वान कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे भारत में संघ परिवार द्वारा इसी तरह की गतिविधियां बिना किसी कार्रवाई के जारी हैं, जिनपर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है तथा उन्हें सर्वोच्च स्तर से समर्थन भी प्राप्त है।

गांधी ने कहा गोवा में भाजपा की रणनीति स्पष्ट है- अवैध रूप से हरित भूमि का उपयोग करके और पर्यावरण नियमों को दरकिनार करके पारिस्थितिकीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों का दोहन करते हुए लोगों को बांटना- यह गोवा की प्राकृतिक और सामाजिक विरासत पर हमला है। उन्होंने कहा ऐसा नहीं है कि भाजपा की कोशिशों को चुनौती नहीं दी जाएगी। गोवा और पूरे भारत के लोग इस विभाजनकारी एजेंडे को देख रहे हैं तथा एकजुट खड़े हैं।

भारत ने पाकिस्तान को हराया

महिला टी-20 विश्वकप : भारतीय टीम ने दूसरे मैच चिर प्रतिद्वंद्वी को दी छह विकेट से शिकस्त

दुबई, एजेंसी

विकेट लेने के बाद जश्न मनातीं भारतीय टीम की खिलाड़ी। ● एजेंसी

- शेफाली और हरमनप्रीत ने खेली शानदार पारियां, अंरुधति को मिले तीन विकेट, सात गेंद शेष रहते पाया लक्ष्य

अरुंधति रेड्डी (तीन विकेट) और श्रेयंका पाटिल (दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद शेफाली वर्मा (32) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (रिटायर्ड हर्ट 29) की शानदार पारियों की बदौलत भारत ने रविवार को महिला टी-20 विश्वकप के सातवें मैच में पाकिस्तान को सात गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया हैं।

आज यहां दुबई अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में 106 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में स्मृति मंधाना (सात) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई जेमिमाह रॉड्रिग्स ने शेफाली वर्मा के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। 12वें ओवर में ओमाइमा सोहैल ने शेफाली वर्मा को रियाज के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। शेफाली ने 35 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए (32) रनों की पारी खेली। 16वें ओवर में फातिमा सना ने जेमिमाह (23) को विकेटकीपर मुनीबा अली के हाथों कैच आउट करा दिया और अगली ही गेंद पर ऋचा घोष (शून्य) को भी पवेलियन भेज दिया। 19वें ओवर की चौथी गेंद पर शॉट खेलने के दौरान हरमनप्रीत गिर कर चोटिल हो गई और रिटायर हर्ट होना पड़ा। उन्होंने 24 गेंदों में एक चौका लगाते हुए 29 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई सजीवन सजना ने आते ही चौका लगाकर भारत को जीत दिला दी। भारत ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 108 रन बनाकर छह विकेट से यह मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम को मैच की शुरुआत से ही भारतीय गेंदबाजी के कहर का सामना करना पड़ा। पहले ही ओवर में रेणुका सिंह ने गुल फिरोजा (शून्य) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में दीप्ति शर्मा ने सिदरा अमीन (8) को अपना शिकार बनाया। अरुंधति रेड्डी ने ओमाइमा सोहैल (3) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 10वें ओवर में श्रेयंका पाटिल ने मुनीबा अली (17) को आउट किया। आलिया रियाज (4), कप्तान फातिमा सना (13) और तुबा हसन (शून्य) पर आउट हुई। निदा डार ने पाकिस्तान के लिए सर्वाधिक 28 रनों की पारी खेली। सैयदा अरूब शाह (14) और नाशरा संधू (6) रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय गेंदबाजी कहर के आगे पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 105 का स्कोर बना सकी। भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी ने 19 रन देकर (तीन विकेट) और श्रेयंका पाटिल ने 12 रन देकर (2 विकेट) लिये। रेणुका सिंह, दीप्ति शर्मा और सोभना आशा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

स्कोर बोर्ड

पाकिस्तान पारी: 105/8 — 20 ओवर

	रन	गेंद	4/6
मुनीबा अली स्टं. ऋचा बो श्रेयंका	17	26	2/0
गुल फिरोजा बो रेणुका	0	4	0/0
सिदरा अमीन बो दीप्ति	8	11	1/0
ओमाइमा का शेफाली बो अरुंधति	3	6	0/0
निदा डार बो अरुंधति	28	34	1/0
आलिया रियाज पगबाधा अरुंधति	4	9	0/0
फातिमा सना का ऋचा बो आशा	13	8	2/0
तुबा हसन का शेफाली बो श्रेयंका	0	3	0/0
सैयदा अरूब शाह नाबाद	14	17	1/0
नशरा संधू नाबाद	6	2	1/0

अतिरिक्त : 12, गेंदबाजी : रेणुका सिंह 4-0-23-1, दीप्ति शर्मा 4-0-24-1, अरुंधति रेड्डी 4-0-19-3, श्रेयंका पाटिल 4-1-12-2, सोभना आशा 4-0-24-1

भारत पारी: 108/4 — 18.5 ओवर

	रन	गेंद	4/6
शेफाली वर्मा का आलिया बो ओमाइमा	32	35	3/0
स्मृति मंधाना का तुबा बो सादिया	7	16	0/0
जेमिमाह रोड्रिग्ज का मुनीबा बो फातिमा	23	28	0/0
हरमनप्रीत कौर रिटायर्ड हर्ट	29	24	1/0
ऋचा घोष का मुनीबा बो फातिमा	0	1	0/0
दीप्ति शर्मा नाबाद	7	8	0/0
सजीवन संजना नाबाद	4	1	1/0

अतिरिक्त : 6, गेंदबाजी : फातिमा सना 4-0-23-2, सादिया इकबाल 4-0-23-1, निदा डार 1.5-0-10-0, ओमाइमा सोहैल 3-0-17-1, नशरा संधू 4-0-21-0, तुबा हसन 2-0-14-0

बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी-20 मुकाबले में विकेट लेने के बाद अर्शदीप को बधाई देते साथी खिलाड़ी। ● एजेंसी

अर्शदीप-चक्रवर्ती ने बांग्लादेश को 127 पर समेटा

ग्वालियर, एजेंसी

अर्शदीप सिंह और वरूण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां बांग्लादेश को 127 रन पर ढेर कर दिया। तेज गेंदबाज अर्शदीप ने 14 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि लगभग तीन साल बाद अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल रहे लेग स्पिनर चक्रवर्ती ने भी 31 रन देकर तीन विकेट हासिल किए जिससे बांग्लादेश की टीम 19.5 ओवर में सिमट गई। वाशिंगटन सुंदर, मयंक यादव और हार्दिक पंड्या ने भी एक-एक विकेट चटकाया।

बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज नाबाद 35 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने 32 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके मारे। उनके अलावा कप्तान नजमुल हुसैन शंटो (27) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसे अर्शदीप सिंह ने सही साबित किया। लिटन दास (04) ने अर्शदीप के पारी के पहले ओवर में चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद को हवा में लहराकर शॉर्ट कवर पर रिंकू सिंह को आसान कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन इमोन (08) अर्शदीप की गेंद को विकेटों पर खेल गए। तौहीद तीन रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे। चक्रवर्ती 2021 टी-20 विश्व कप के बाद पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल रहे हैं। तौहीद (12) लॉन्ग ऑन पर पंड्या को कैच दे बैठे। मयंक ने महमूदुल्लाह (01) को कैच कराके अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय विकेट हासिल किया। चक्रवर्ती ने जाकिर अली (08) को बोल्ड करके 10वें ओवर में बांग्लादेश का स्कोर पांच विकेट पर 57 रन किया। सुंदर ने बांग्लादेश के कप्तान शंटो के रूप में छठा झटका दिया। रिषाद हुसैन (11) चक्रवर्ती की गेंद पर पंड्या को कैच दे बैठे। पंड्या ने शोरीफुल इस्लाम (00) को बोल्ड किया जबकि अर्शदीप ने मुस्ताफिजुर रहमान (01) के विकेट उखाड़कर बांग्लादेश की पारी का अंत किया।

स्कोर बोर्ड

बांग्लादेश: 127/10 — 19.5 ओवर

	रन	गेंद	4/6
परवेज हुसैन इमोन बो अर्शदीप	8	9	0/1
लिटन दास का रिंकू बो अर्शदीप	4	2	1/0
नजमुल हुसैन शंटो का एवं बो सुंदर	27	25	1/1
तौहीद ह्रदय का पंड्या बो चक्रवर्ती	12	18	2/0
महमूदुल्लाह का सुंदर बो मयंक	1	2	0/0
जाकिर अली बो चक्रवर्ती	8	6	0/1
मेहदी हसन मिराज नाबाद	35	32	3/0
रिषाद हुसैन का पंड्या बो चक्रवर्ती	11	5	1/1
तास्किन अहमद रन आउट	12	13	1/0
शरीफुल इस्लाम बो पंड्या	0	2	0/0
मुस्ताफिजुर रहमान बो अर्शदीप	1	5	0/0

अतिरिक्त : 8, गेंदबाजी : अर्शदीप 3 .5-0-14-3, पंड्या 4-0-26-1, चक्रवर्ती 4-0-31-3, मयंक 4-1-21-1, नितीश 2-0-17-0, सुंदर 2-0-12-1

खेल डायरी

भारतीय सेना ने पोलो मैच में अमेरिकी टीम को हराया

सेक्रामेंटो (अमेरिका)। भारतीय सेना की एरेना पोलो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबले में अमेरिकी सेना की टीम को हरा दिया। भारतीय सेना की टीम 2019 के बाद पहली बार अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला खेल रही थी। पृथ्वी सिंह, यतिंदर कुमार, मृत्युंजय सिंह और आरके गौतम की मौजूदगी वाली भारतीय टीम ने यहां लेकसाइड पोलो क्लब में 13-10 से जीत दर्ज की। एरेना पोलो मुकाबला आउटडोर मुकाबले की तरह ही होता है लेकिन यह 300 फीट गुणा 150 फीट के मैदान पर खेला जाता है जिसके चारों तरफ चार फीट या इससे अधिक ऊंची दीवार होती है। नियमित पोलो मैच 10 एकड़ के मैदान पर खेला जाता है जिसमें सिर्फ सीमा रेखा होती है और कोई दीवार नहीं होती। सामान्य पोलो मैच में साढ़े सात मिनट के चार चकर्स होते हैं। एरेना मुकाबला मिट्टी की सतह पर खेला जाता है जहां असमान सतह पर गेंद उछलती है और साथ ही दीवार से टकराकर भी मैदान में आती है।

नेशनल डिसएब्ल्ड क्रिकेट चैंपियनशिप 15 से

उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर में नारायण सेवा संस्थान एवं भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के तत्वावधान में 15 से 25 अक्टूबर तक नेशनल डिसएब्ल्ड क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन होगा। जिसमें विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा लेगी। नारायण सेवा के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता की सम्पूर्ण व्यवस्था संस्थान द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि तीसरी क्रिकेट प्रतियोगिता भी संस्थान के सहयोग से आयोजित हुई थी। पिछले वर्ष की तरह दिव्यांगों को खेलों से जोड़ते हुए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता की जा रही है। उल्लेखनीय है कि नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगों के लिए समय-समय पर स्विमिंग चैंपियनशिप, व्हीलचेयर चैंपियनशिप और ब्लाइंड क्रिकेट चैंपियनशिप जैसे कई आयोजन कर चुका है।

राशिद ने पहले दौर में 68 का कार्ड खेला

ताइपे। भारतीय गोल्फर राशिद खान ने मौसम से प्रभावित मरक्यूरिज ताईवान मास्टर्स के पहले दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर बने हुए हैं। खराब मौसम के कारण दो दिन के इंतजार के बाद खेल शुरू हुआ। अन्य भारतीयों में एक चिक्कारंगप्पा 69 का कार्ड बनाकर संयुक्त नौवें स्थान पर हैं। एसएसची चौरसिया और करणदीप कोचर ने 70-70 के कार्ड खेले जिससे दोनों संयुक्त 17वें स्थान पर बने हुए हैं। वरूण चोपड़ा संयुक्त 27वें, युवराज संधू और गगनजीत भुल्लर संयुक्त 60वें तथा अजीतेश संधू संयुक्त 116वें स्थान पर चल रहे हैं। राशिद खान समेत पांच गोल्फर संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

कार्तिक 18वें स्थान पर एएसी में सर्वश्रेष्ठ भारतीय

गोटेम्बा (जापान)। युवा गोल्फर कार्तिक सिंह रविवार को यहां एशिया-पैसिफिक एमेच्योर चैंपियनशिप (एएसी) 2024 में 18वें स्थान पर शीर्ष भारतीय बनकर उभरे। चौदह साल के कार्तिक पिछले साल एएसी में कट हासिल करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बने थे। उन्होंने चार दौर में 71, 67, 72 और 70 के कार्ड के साथ कुल पार 280 का स्कोर किया। दो भारतीयों ने अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन किया। कृष्णव निखिल चोपड़ा ने तीन अंडर 67 जबकि रक्षित दहिया ने इवन पार 70 का कार्ड खेला।

दीक्षा कट से चूकीं, टीम 12वें स्थान पर रही

शेनजेन। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर यहां चार ओवर 77 के एक और निराशाजनक कार्ड से अरामको टीम सीरीज में कट हासिल करने से चूक गईं। पहले दौर में दीक्षा ने 76 का कार्ड खेला था और कट में जगह बनाने के लिए उन्हें इससे कम का कार्ड खेलने की जरूरत थी, लेकिन वह एक बर्डी ही लगा सकीं जबकि पांच बोगी कर बैठीं। दीक्षा की टीम 12वें स्थान पर रही जिसमें उनकी साथी मोआ फोल्के, जिन्यु काओ और डिंग हैं।

कार्तिक और लक्ष्मी ने जीती बेंगलुरु मैराथन

बेंगलुरु। एशियन गेम्स के पदक विजेता कार्तिक कुमार ने रविवार को बेंगलुरु मैराथन 2024 में पुरुषों की एलीट दौड़ जीती, वहीं केएम लक्ष्मी ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। तीन श्रेणियों आज यहां आयोजित इस दौड़ में पिछले साल चीन के हांगझोऊ में एशियाई खेल 2023 में 10 हजार मीटर में रजत पदक जीतने वाले कार्तिक कुमार ने 2:22:50 समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रदीप सिंह चौधरी 2:23:35 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि हर्षद ने 2:25:50 के समय के साथ पुरुषों की दौड़ में तीसरा स्थान हासिल किया। यह बेंगलुरु मैराथन का 11वां संस्करण था, जो एक ई श्रेणी विश्व एथलेटिक्स लेबल रोड रेस है। इस वर्ष इसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा राष्ट्रीय ओपन मैराथन के रूप में भी प्रमाणित किया गया था। महिलाओं की रेस में केएम लक्ष्मी 3:00:21 के समय के साथ खिताब अपने नाम किया। पिछले साल की चैंपियन ज्योति गावटे को 3:25:21 के समय के साथ तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। अश्विनी जाधव को 3:12:42 समय के साथ दूसरे स्थान पर रही। हाफ-मैराथन रेस में अशोक बिंद (1:12:05) ने शीर्ष स्थान हासिल किया, दूसरे पर एम नंजुंदप्पा (1:12:53) और तीसरे पर मणिकांता पी (1:14:41) रहे।

अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग के स्वामित्व ग्रुप में शामिल सचिन

वाशिंगटन/टेक्सास, एजेंसी

- तेंदुलकर बोले- नई पीढ़ी को प्रेरित करने में मददगार साबित होगा यह कदम

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग (एनसीएल) के स्वामित्व ग्रुप में शामिल हो गए हैं और इस कदम से आगामी वर्षों में अमेरिका में खेल को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एनसीएल के तेंदुलकर के जुड़ने की घोषणा के बाद इस महान बल्लेबाज ने कहा क्रिकेट मेरे जीवन की सबसे बड़ी यात्रा रही है और मैं अमेरिका में खेल के लिए ऐसे रोमांचक समय में नेशनल क्रिकेट लीग में शामिल होकर खुश हूं।

तेंदुलकर ने कहा एनसीएल का उद्देश्य विश्व स्तरीय क्रिकेट के लिए एक मंच तैयार करना है और साथ ही प्रशंसकों की नयी पीढ़ी को जुड़ने के लिए प्रेरित करना है। मैं इस नयी पहल का हिस्सा बनने और अमेरिका में क्रिकेट के विकास को प्रत्यक्ष रूप से देखने के लिए उत्सुक हूं। मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार एनसीएल टूर्नामेंट गायक मीका सिंह के कार्यक्रम के साथ शुरू होगा। इस सत्र में एनसीएल में सुनील गावस्कर, जहीर अब्बास, वसीम अकरम, दिलीप वेंगसरकर, सर विवियन रिचर्ड्स, वेंकटेश प्रसाद, सनत जयसूर्या, मोइन खान और ब्लेयर फ्रैंकलिन जैसे क्रिकेट के दिग्गज शामिल होंगे। क्रिकेट के ये नायक अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को मार्गदर्शन और कोचिंग देंगे। इसमें दुनिया भर ते शीर्ष खिलाड़ी जैसे शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, दिनेश कार्तिक, शाकिब अल हसन, रोबिन उथप्पा, तबरेज शम्सी, क्रिस लिन, एंजेलो मैथ्यूज, कोलिन मुनरो, सैम बिलिंग्स, मोहम्मद नबी और जॉनसन भी शामिल होंगे।

भारतीय महिलाओं ने एशिया रग्बी सेवंस में जीता रजत पदक

मुंबई। भारतीय महिला रग्बी टीम ने काठमांडू में एशियाई रग्बी इमिरेट्स सेवंस ट्राफी के फाइनल में फिलीपींस से 5-7 से मिली हार के बाद रजत पदक हासिल किया।

शिखा यादव की अगुआई वाली टीम सेमीफाइनल में गुआम को 24-7 से हराने के बाद तालिका में शीर्ष पर रहकर फाइनल में पहुंची थी। लीग दौर में भारत ने श्रीलंका को 29-10 और इंडोनेशिया को 17-10 से शिकस्त दी थी। टूर्नामेंट शुक्रवार और शनिवार को कराया गया। टीम के रजत पदक पर फक्र महसूस करते हुए भारतीय कप्तान शिखा ने कहा कि वे आगामी प्रतिस्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेंगे।

सुल्तान जोहोर कप में जू. टीम की कमान संभालेंगे आमिर

बेंगलुरु, एजेंसी

आमिर अली को 19 अक्टूबर से मलेशिया में शुरू होने वाले सुल्तान जोहोर कप के लिए 18 सदस्यीय जूनियर हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया है और रोहित उप कप्तान होंगे जबकि महान गोलकीपर पीआर श्रीजेश का मुख्य कोच के तौर पर यह पहला दौरा होगा।

भारत अपने अभियान की शुरुआत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ करेगा। इसके बाद टीम का सामना ब्रिटेन (20 अक्टूबर), मेजबान मलेशिया (22), ऑस्ट्रेलिया (23) और न्यूजीलैंड (25) से होगा। शीर्ष दो टीमें 26 को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगी। डिफेंडर आमिर अली और फॉरवर्ड गुरजोत सिंह उस सीनियर टीम का हिस्सा थे जिसने चीन के मोकी में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना खिताब बरकरार रखा था। कप्तान अली ने कहा, सुल्तान जोहोर कप हमेशा की तरह हमारे कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। यह टूर्नामेंट इस साल नवंबर में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 से पहले टीम के लिए परीक्षा के तौर पर काम करेगा।

आडवाणी ने जीता सिंगापुर ओपन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने रविवार को स्थानीय दावेदार जेडेन ओंग को 5-1 से हराकर सिंगापुर में प्रतिष्ठित सोंगही सिंगापुर ओपन का खिताब अपने नाम किया।

आडवाणी ने फाइनल तक के अपने सफर के दौरान क्वार्टर फाइनल में पूर्व आईबीएसएफ विश्व स्नूर चैंपियन थाईलैंड के देचावत पूमजाएंग को 4-3 से हराया था। ओंग ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन आडवाणी ने शुरुआती दोनों फ्रेम पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीते और 2-0 की बढ़त बनाई। ओंग ने तीसरा फ्रेम जीता लेकिन आडवाणी ने अगले दोनों फ्रेम जीतकर मुकाबला जीत लिया।

अलास्का नाइट्स की अजेय लय जारी

लंदन, एजेंसी

- ग्लोबल चेस लीग में गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स ने तोड़ा हार का सिलसिला

पीबीएस अलास्कन नाइट्स ने अपनी अजेय लय जारी रखी जबकि गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स ने टेक महिंद्रा ग्लोबल चेस लीग के तीसरे दिन अपनी पहली जीत हासिल की। पीबीएस अलास्कन नाइट्स ने गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स पर 12-3 की शानदार जीत के साथ अपनी बढ़त में इजाफा किया। उसने लगातार चार जीत का रिकॉर्ड बनाए रखते हुए 12 मैच अंक और 49 गेम अंक हासिल किए।

गत चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ने शनिवार को दो मैच खेले। पहले मैच में अमेरिकन गैम्बिट्स के खिलाफ 15-3 से जीत दर्ज की जिसमें अलीरेजा फिरौजा ने दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को शिकस्त दी लेकिन दूसरे मैच में गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स से मामूली अंतर से हार गई। त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स छह मैच अंक और 43 गेम अंक के साथ दूसरे स्थान पर बरकरार है जो शीर्ष से सिर्फ छह अंक पीछे है। अल्पाइन एसजी पाइपर्स ने भी अपग्रैड मुंबा मास्टर्स को 12-4 से हराकर प्रभावित किया। वे अब छह मैच अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। तीन मैच में 27 गेम अंक से वह त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स से पीछे है। चौथे स्थान पर मौजूद अपग्रैड मुंबा मास्टर्स के पास पाइपर्स से हारने के बाद चार मैचों में महज एक जीत और 29 गेम अंक हैं। दिन के अंतिम मैच में बड़ा उलटफेर देखने को मिला जिसमें पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद की अगुआई वाली गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स ने त्रिवेणी पर 10-8 की जीत से आखिरकार अपनी हार का सिलसिला तोड़ दिया।

बॉलीवुड हलचल

मिश्रू के कलेक्शन के लिए श्रद्धा का रैंप वॉक

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हैदराबाद स्थित कॉउचर ब्रांड मिश्रू के लिए नयी दिल्ली में बेल्जियम के दूतावास में रैंप वॉक किया। इस कार्यक्रम में स्वप्ना अनुमोलू द्वारा डिजाइन किए गए मिश्रु के नवीनतम संग्रह रेजोनेंस 2024/25 का अनावरण किया गया। मिश्रु कॉउचर शोकेस के दौरान श्रद्धा, लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। लहंगे पर जटिल मनके और कढ़ाई चमक रहे थे, जिससे श्रद्धा को रनवे पर एक अलौकिक और सुंदर उपस्थिति मिली। मॉडल्स ने विभिन्न प्रकार के शानदार कपड़ों में रैंप वॉक किया। इस कलेक्शन में खूबसूरत लहंगे से लेकर आकर्षक इंडो-वेस्टर्न आउटफिट तक सब कुछ शामिल था। स्वप्ना अनुमोलू ने कहा, श्रद्धा कपूर बहुत प्यारी थीं और उनके साथ काम करना आसान था। वह बिल्कुल अलौकिक लग रही थीं।

अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर 7 को होगा रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर 07 अक्टूबर को रिलीज होगा। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। रोहित शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर सिंघम अगेन का प्रोमो वीडियो शेयर किया है। प्रोमो में रोहित शेट्टी का वॉयस ओवर भी नजर आ रहा है, जिसमें वह कॉप्स यूनिवर्स को मिले फैंस के प्यार का शुर्किया करते हुए दिख रहे हैं। प्रोमो में सिंघम, सिंबा और सूर्यवंशी सभी फिल्मों के किरदार नजर आ रहे हैं। प्रोमो वीडियो में रोहित शेट्टी कह रहे हैं, हमनें शुरूआत की, आपने हौंसला बढ़ाया। हमने दिल से मेहनत की, आपने गले से लगाया। जब सब डरे हुये थे तब आपने हीं साथ निभाया। हमारे इस यूनिवर्स को आपने हीं परिवार बनाया और त्यौहार तो परिवार के साथ मनाया जाता है, तो मिलते है इस दीवाली। प्रोमो वीडियो के साथ रोहित शेट्टी ने कैप्शन में लिखा, ट्रेलर आउट टुमॉरो...सिंघम अगेन। प्रोमो झलक को शेयर करते हुए अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा त्योहार तो परिवार के साथ ही मनाया जाता है। मिलते हैं इस दीवाली। रोहित शेट्टी की निर्देशित सिंघम अगेन में अजय देवगन, सिंघम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ जैसे कई सितारे नजर आयेंगे। यह फिल्म 1 नवंबर को दीवाली के अवसर पर रिलीज होगी।

सिटाडेल 2 से प्रियंका ने शेयर की ग्लैमरस तस्वीर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व विश्व सुंदरी प्रियंका चोपड़ा ने अपनी आने वाली फिल्म सिटाडेल 2 से अपनी ग्लैमरस तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों फिल्म सिटाडेल 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में प्रियंका ने सिटाडेल 2 से अपने लुक और बेटी मालती के साथ बिताए कुछ यादगार पल की तस्वीर और वीडियो शेयर किया है। पहली दो तस्वीरों में प्रियंका ने सिटाडेल 2 से नादिया के किरदार में अपने लुक को दिखाया है। इसके बाद एक वीडियो हैं, जिसमें वह शूट से फ्री होकर कुछ क्वॉलिटी टाइम स्पेंड करती नजर आ रही हैं। प्रियंका ने मालती की एक तस्वीर भी शेयर की और बताया कि वह उनसे सेट पर मिलने आई थी। काम से ब्रेक लेकर प्रियंका अपनी बेटी मालती को पार्क लेकर गईं, जहां उन्होंने उसे झूला झुलाया। इसी के साथ प्रियंका ने एक अन्य वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह मालती के साथ वॉक करती नजर आ रही हैं। इस दौरान मालती कोई गाना गा रही हैं। प्रियंका की इन तस्वीरों को उनके फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

भारतीय मूल की स्कॉटिश चिकित्सक ने ब्रिटेन में बॉलीवुड नृत्य कर रचा इतिहास

लंदन, एजेंसी

- सबसे लोकप्रिय टेलीविजन प्रतियोगिता में दी प्रस्तुति

ब्रिटेन की सबसे लोकप्रिय टेलीविजन नृत्य प्रतियोगिताओं में से एक में हिस्सा ले रहीं भारतीय मूल की स्कॉटिश चिकित्सक और लेखिका ने शो के 20 साल के इतिहास में पहली बार बॉलीवुड गाने पर नृत्य कर इतिहास रच दिया। डॉ. पूनम कृष्णन ने शनिवार शाम को प्रसारित बीबीसी के स्ट्रिक्टली कम डांसिंग कार्यक्रम के इतिहास में पहली बार भारतीय गाने पर नृत्य किया। उन्होंने वर्ष 2001 की सुपरहिट फिल्म कभी खुशी कभी गम के बोले चूड़ियां गाने पर नृत्य किया।

फिजिशियन के तौर कार्यरत पूनम अपने माता-पिता के संघर्ष के बारे में बताते हुए रो पड़ीं। पूनम ने कहा कि उनके माता-पिता जब पंजाब से स्कॉटलैंड आए तब उनके पास कुछ भी नहीं था। सबसे ज्यादा अंक अर्जित करने के बाद नम आंखों में पूनम ने होस्ट को बताया यह मेरे लिए सबकुछ है। मुझे लगा कि मैं चार साल की बच्ची हूं, जिसे उम्र बढ़ते हुए यह सब देखना बहुत पसंद होता और मुझे लगता है कि आप वह नहीं हो सकते जो आप नहीं देख सकते। पूनम ने यह नृत्य अपनी दादी को समर्पित किया।

एआई आपके लिए यह कर सकता है सात चीजें

टेलीविजन पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बारे में ओप्रा विन्फ्रे के एक विशेष कार्यक्रम से यह स्पष्ट हो गया है कि हम, आप और ज्यादातर लोगों की रुचि अब एआई में है। एआई हर जगह है और चाहे हम इसका इस्तेमाल करें या न करें या फिर अपने रोजाना के कार्यों में इसे शामिल करें या न करें, लेकिन इससे हमारा संबंध रहेगा ही। लेकिन आखिर एआई है क्या? ज्यादातर लोगों को यह जानने की जरूरत नहीं है कि एआई कैसे काम करता है बल्कि उन्हें यह जानने की जरूरत है कि यह क्या कर सकता है।

हम एआई प्रणाली में बुनियादी तौर पर सात क्षमताएं देखते हैं, जो अपने आप में एक-दूसरे से अलग होने के साथ-साथ अनूठी भी हैं। इनमें शामिल हैं: वर्गीकरण, पूर्वानुमान, सिफारिश, ऑटोमेशन, जेनरेशन और संवाद। पहचानना सबसे बुनियादी चीज, एआई का वह प्रकार, जिसे हम आज उपभोक्ता उत्पादों में देख रहे हैं। पारंपरिक कोडिंग, जिसमें डेवलपर स्पष्ट रूप से यह पता लगाने की कोशिश करते हैं कि सिस्टम कैसे काम करता है, इसके ठीक विपरीत एआई इन पैटर्न को व्यापक डेटासेट से 'सीखता' है और जिससे यह कार्य कर पाता है।

धोखाधड़ी वाले कॉल की कर लेता है पहचान

एक बार जब एआई पैटर्न की पहचान कर लेता है तो हम उसे छोटी-छोटी भिन्नताओं का पता लगाने और उन्हें वर्गीकृत करने के लिए प्रशिक्षित कर सकते हैं। यह वह तरीका है जिससे आपका फोटो ऐप परिवार के सदस्यों के अनुसार एल्बम को व्यवस्थित करता है या फिर चेहरे पर मौजूद दागों को मिटा देता है। फोन कंपनियां और बैंक जब स्पैम व धोखाधड़ी वाले कॉल की पहचान कर लेते हैं तो एआई पर्दे के पीछे रहकर उनके वर्गीकरण का काम करता है।

घटनाओं की भविष्यवाणी

एआई को जब पिछले आंकड़ों से लेकर प्रशिक्षित किया जाता है तो इसका उपयोग भविष्य में होने वाली घटनाओं की भविष्यवाणी करने के लिए किया जा सकता है। उदाहरण के लिए विमानन कंपनियां अपनी आने वाली उड़ानों के अनुमानित समय की भविष्यवाणी करती है और यात्रियों को पल-पल की जानकारी देती है ताकि आपको टर्मिनल पर प्रतीक्षा न करनी पड़े। इसी तरह गूगल फ्लाइट्स, विमानन कंपनियों की घोषणा से पहले ही उड़ान में देरी की भविष्यवाणी करने के लिए एआई का उपयोग करता है।

कुछ मुख्य स्रोत की पहचान

यह पूर्वानुमान और सिफारिशों से लेकर ऑटोमेशन तक का एक छोटा सा सफर है। जर्मनी में बड़ी-बड़ी पवन चक्कियों से चील को सुरक्षित रखने के लिए एआई का उपयोग किया जाता है। एआई एल्गोरिदम पक्षियों की गति को धीमा कर देता है और खुद ब खुद पवन चक्कियों की गति को धीमा कर देता है, जिससे वे (पक्षी) बिना किसी नुकसान के गुजर जाते हैं।

एक नजर

बांग्लादेश में वर्षाजनित कारणों से सात की मौत

ढाका। बांग्लादेश के शेरपुर जिले में जारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है, जिससे कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी है और कई अन्य लापता हैं। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। जिला प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्य के लिए सेना बुलानी पड़ी है। स्थानीय अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, अब तक बाढ़ के कारण 28 यूनियन तथा शेरपुर के पांच उपजिलों या उप-विभागों में फैले 200 से अधिक गांव प्रभावित हुए हैं, जिससे 150,000 से अधिक लोग पेयजल से वंचित हो गये हैं।

दिल्ली-लंदन उड़ान को कोपेनहेगन भेजा गया

नई दिल्ली। दिल्ली से लंदन जा रही एअर इंडिया की एक उड़ान को रविवार को चिकित्सकीय आपात स्थिति के कारण मार्ग परिवर्तित कर कोपेनहेगन भेज दिया गया। विमानन कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अस्वस्थ महसूस कर रहे एक यात्री को कोपेनहेगन (डेनमार्क) में विमान से उतार दिया गया और उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। विमानन कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि बाद में उड़ान लंदन के लिए रवाना हो गई।

ओबामा 10 से हैरिस के चुनाव अभियान में शामिल होंगे

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा 10 अक्टूबर से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस के लिए प्रचार कार्यक्रमों में हिस्सा लेना शुरू करेंगे। एबीसी न्यूज ने यह जानकारी दी। ओबामा चुनाव के दिन हैरिस को उनके अभियान में मदद करेंगे, उनके भाषणों की योजना प्रमुख राज्यों में बनाई गई है, जिनमें से पहला पेंसिल्वेनिया होगा, हैरिस के अभियान के एक वरिष्ठ सदस्य ने न्यूज एजेंसी को बताया।

वार्षिक पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन लाओस में शुरू

वियनतियान। लाओस की राजधानी वियनतियान में 6 से 11 अक्टूबर तक 19वां पूर्व एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) आयोजित किया जा रहा है, जिसमें इस 18 देश भाग ले रहे हैं। यह शिखर सम्मेलन इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में रणनीतिक संवाद के लिए एक प्रमुख मंच है, जहां सभी प्रमुख भागीदार क्षेत्र के सामने आने वाली राजनीतिक, सुरक्षा और आर्थिक चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए एकत्र होते हैं।

पोप ने 21 नए कार्डिनल के नाम घोषित किए

रोम। पोप फ्रांसिस ने रविवार को 21 नए कार्डिनल की घोषणा की जिससे कार्डिनल्स कॉलेज का आकार काफी बढ़ गया है तथा धर्माध्यक्षों के समूह पर उनकी पकड़ और मजबूत हो गई है, जो एक दिन उनके उत्तराधिकारी का चुनाव करेंगे। इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप द्वारा नामित लोगों में दक्षिण अमेरिका के कई प्रमुख धर्मप्रांतों (डायोसिस) और महाधर्मप्रांतों (आर्चडायोसिस) के प्रमुख शामिल हैं। इनमें अर्जेंटीना के सैंटियागो डेल एस्टेरो, ब्राजील के पोर्टो एलेग्रे, चिली के सैंटियागो, इक्वाडोर के गुआयाकिल और पेरू के लीमा के कैथोलिक चर्च के प्रमुख शामिल हैं। नए कार्डिनल को आठ दिसंबर को एक समारोह में लाल टोपियां प्रदान की जाएंगी।

ईरान समर्थित आतंकवादियों पर हमले तेज

इजराइल ने गाजा पट्टी में की बमबारी, मस्जिद पर हवाई हमले में 19 की गई जान

देर अल-बला (गाजा पट्टी), एजेंसी

गाजा पट्टी की एक मस्जिद पर इजराइली हवाई हमले में रविवार तड़के कम से कम 19 लोगों की मौत हो गयी। इजराइल ने ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों के खिलाफ युद्ध का दायरा बढ़ाते हुए उत्तरी गाजा और दक्षिणी बेरूत में बमबारी तेज कर दी है। इजराइल सात अक्टूबर को हमास के हमले के करीब एक साल बाद भी उससे लड़ रहा है और उसने लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ नया मोर्चा खोल दिया है। मध्य देर अल-बला शहर के मुख्य अस्पताल के समीप एक मस्जिद में शरण लेने वाले विस्थापित लोगों पर हमला किया गया।

इजराइल ने सबूत उपलब्ध कराए बिना कहा कि उसने हमास के कमांड एवं नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया है। एसोसिएटेड प्रेस के एक पत्रकार ने अल-अक्सा शहीद अस्पताल के मुर्दाघर में शवों की गिनती की। अस्पताल के रिकॉर्ड से पता चलता है कि सभी मृतक पुरुष थे। एक अन्य पुरुष गंभीर रूप से घायल है। इस बीच, सेना ने उत्तरी गाजा के जबालिया में नए सिरे से हवाई और जमीनी आक्रमण शुरू करने की घोषणा की, जहां इजराइल की स्थापना के आसपास 1948 के युद्ध के घनी आबादी वाले शरणार्थी शिविर स्थित है। उसने कई तस्वीरें और वीडियो प्रसारित की हैं जिनमें इलाके की ओर जा रहे कई टैंक दिखाई दे रहे हैं। सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने जबालिया को घेर लिया है। इजराइल ने उत्तरी गाजा को खाली करने का भी ताजा आदेश जारी किया है जो युद्ध के शुरुआती हफ्तों में काफी हद तक खाली हो गया जब इजराइल ने उत्तरी गाजा की पूरी आबादी को दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया था। ऐसा अनुमान है कि कठिन परिस्थितियों और बड़े पैमाने पर विनाश के बावजूद 3,00,000 लोग वहां रह रहे हैं। सेना ने इलाके में गिराए पर्चों में कहा हम युद्ध के नए चरण में हैं। इन इलाकों को खतरनाक युद्ध क्षेत्र माना जाता है।

मस्जिद पर हवाई हमले में के बाद राहत अभियान चलाते लोग। एजेंसी

ईरानी मिसाइल हमले का जवाब देना इजराइल का कर्तव्य : नेतन्याहू

तेल अवीव। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान के हालिया हमले का जवाब देना इजराइल का अधिकार और कर्तव्य है और वह ऐसा करेगा। नेतन्याहू ने राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा, ईरान ने इतिहास में सबसे बड़े बैलिस्टिक मिसाइल हमलों में से एक को अंजाम देते हुए हमारे क्षेत्र और हमारे शहरों पर दो बार सैकड़ों मिसाइलें दागीं। दुनिया का कोई भी देश अपने शहरों व नागरिकों पर इस तरह के हमले की अनुमति नहीं देगा और यह बात इजराइल पर भी लागू होती है।

हिजबुल्ला का दावा, उसके लड़ाकों ने इजराइली सेना को लेबनान में प्रवेश करने से रोका

बेरूत। लेबनानी आंदोलन हिजबुल्ला के लड़ाकों ने इजराइली सैनिकों द्वारा मनारा की इजराइली बस्ती के पास सीमा पार करने के प्रयास को रोक दिया। आंदोलन ने एक बयान में यह दावा किया। बयान में कहा गया है, इस्लामी प्रतिरोध सेनानियों ने मनारा की बस्ती के पास दुश्मन के ठिकानों पर हमला किया। प्रेस सेवा के अनुसार, इजराइली एम्बुलेंस सेवाएं हमले की जगह से घायलों और मृतकों को निकाल रही हैं। सीमा पार करने की एक और कोशिश को ब्लिडा की सीमा बस्ती में रोक दिया गया। बयान में कहा गया है, दुश्मन बलों के एक समूह के खिलाफ तोपखाना हमला शुरू किया गया।

ईरान में पढ़ाई कर रहे अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं कश्मीरी परिवार

श्रीनगर। ईरान में पढ़ाई कर रहे सैकड़ों कश्मीरी युवकों के परिवार के सदस्य अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं, क्योंकि पश्चिम एशिया पूर्ण युद्ध के कगार पर है और कई लोग अब अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए वहां भेजने से कतराने लगे हैं। ईरान को एमबीबीएस समेत अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर होने वाले खर्च के लिहाज से वहनीय माना जाता है और कश्मीर के सैकड़ों छात्र वहां विभिन्न कॉलेजों में दाखिला लेना पसंद करते हैं। ऐसे छात्रों के परिवार इजराइल-हिजबुल्ला संघर्ष और इजराइल-हमास युद्ध का दायरा बढ़ने के घटनाक्रमों को लेकर बहुत परेशान हैं।

जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा सकारात्मक कदम : कसूरी

लाहौर, एजेंसी

- पूर्व विदेश मंत्री ने कहा- दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव कम करने में मिल सकती है मदद

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के इस्लामाबाद दौरे को सकारात्मक कदम करार देते हुए कहा कि इससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव कम करने में मदद मिल सकती है। भारत ने 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए, पाकिस्तान जाने वाले प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई जयशंकर द्वारा किये जाने की शुक्रवार को घोषणा की।

जयशंकर ने हालांकि पाकिस्तान के अपने दौरे के दौरान द्विपक्षीय वार्ता की संभावनाओं से इनकार किया। डॉन समाचार पत्र ने रविवार को कसूरी के हवाले से एक खबर में बताया, जयशंकर का दौरा बहुपक्षीय है लेकिन इससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव कम करने में मदद मिल सकती है। जनरल परवेज मुशर्रफ की सरकार में 2002 से 2007 तक पाकिस्तान के विदेश मंत्री रहे कसूरी ने कहा कि दोनों देशों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, बातचीत फिर से शुरू करने से लोगों के बीच संपर्क बहाल करने में मदद मिलेगी और सड़क, रेल तथा हवाई संपर्क बहाल करने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, कसूरी ने सुझाव दिया कि पश्चिमी एशिया में भारी तनाव के समय पाकिस्तान और भारत को तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता था। पश्चिमी एशिया में इजराइल, गाजा और लेबनान के लोगों को निशाना बना रहा है।

जयशंकर को प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया

पेशावर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने पार्टी के एक नेता द्वारा भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर को पार्टी के प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने से दूरी बना ली है और कहा है कि उसके राजनीतिक संघर्ष में किसी भी अन्य देश की कोई भूमिका नहीं है। पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने शनिवार को कहा कि खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) शासित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार मुहम्मद अली सैफ की टिप्पणी का गलत संदर्भ निकाला गया।

अमेरिका के लास वेगास हवाई अड्डे पर विमान में लगी आग

वाशिंगटन। अमेरिकी राज्य नेवादा के लास वेगास में हैरी रीड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार को एक बड़ा विमान हादसा हुआ, जहां फ्रंटियर एयरलाइंस की उड़ान संख्या 1326 में हार्ड लैंडिंग के दौरान अचानक आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों और एयरलाइंस के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की। सीबीएस न्यूज ने फ्रंटियर एयरलाइंस के एक प्रवक्ता का हवाला देते हुये कहा, पायलटों ने धुआं पाया और आपातकालीन स्थिति घोषित कर दी विमान सुरक्षित रूप से उतर गया। सभी यात्रियों और चालक दल को हवाई सीढ़ियों के माध्यम से निकाला गया। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और यात्रियों को बस से टर्मिनल पर भेज दिया गया है।

भारतीय चिकित्सकों के लिए ग्रीन कार्ड में तेजी लाई जाए

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- एएपीआई प्रमुख डॉ. कथुला ने कहा- व्हाइट हाउस प्रशासन को प्राथमिकता देनी चाहिए

अमेरिका में भारतीय मूल के चिकित्सकों के एक प्रमुख संगठन के अध्यक्ष ने आगामी चुनाव के बाद सरकार बनाने वाले अमेरिकी प्रशासन से आव्रजन एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सुधारों को प्राथमिकता देने और भारत के चिकित्सा पेशेवरों के लिए ग्रीन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का आह्वान किया है।

अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन (एएपीआई) के अध्यक्ष डॉ. सतीश कथुला ने कहा कि सभी लोगों की स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच सुनिश्चित करना, आव्रजन और वीजा और भेदभाव का विरोध- ये कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें अगले व्हाइट हाउस प्रशासन को प्राथमिकता देनी चाहिए। एएपीआई 1982 में स्थापित किया गया था। यह अमेरिका में भारतीय मूल के 1,20,000 से अधिक चिकित्सकों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाला सबसे बड़ा जातीय चिकित्सा संगठन है।

अमेरिका में हेलेन तूफान से मरने वालों की संख्या 227 हुई

फ्रैंकफर्ट (अमेरिका)। अमेरिका में हेलेन तूफान के कारण मची तबाही में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर शनिवार को 227 हो गई। इस भयानक तूफान ने अमेरिका के दक्षिण-पूर्व में भारी तबाही मचाई और छह राज्यों में लोगों की मौत हुई है। तूफान के कारण मची तबाही में मारे गए लोगों के शवों को निकालने का काम एक सप्ताह से अधिक समय बाद भी जारी है। हेलेन 26 सितंबर को तट पर आया और उसने फ्लोरिडा से उत्तर की ओर बढ़ते हुए व्यापक पैमाने पर विनाश किया। तूफान के प्रभाव से हुई भीषण बारिश में कई मकान बह गए, कई सड़कें नष्ट हो गईं तथा बिजली एवं मोबाइल फोन सेवाएं ठप हो गईं।

इमरान की पार्टी के 30 समर्थक गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी

सड़क पर पीटीआई के प्रदर्शनकारी।

- 200 से अधिक के खिलाफ आतंकवाद के तहत मामला दर्ज

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 30 से अधिक समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिनमें वकील भी शामिल हैं। वे लोग शनिवार देर रात अपने नेता की रिहाई की मांग को लेकर ऐतिहासिक मीनार-ए-पाकिस्तान परिसर में घुस गये थे।

लाहौर पुलिस ने बताया कि उसने खान सहित पीटीआई के 200 से अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ आतंकवाद के आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है। पीटीआई के विरोध प्रदर्शन को विफल करने के लिए, शनिवार को लाहौर के विभिन्न हिस्सों में सैकड़ों कंटेनर रखे गए, जिनमें सभी प्रवेश और निकास बिंदु शामिल थे। पुलिस ने सत्तारूढ़ शहबाज शरीफ के लाहौर स्थित निवास की ओर जाने वाली सभी सड़कों को भी बंद कर दिया था। सरकार ने लाहौर में रेंजर्स को भी तैनात किया है। आयोजन स्थल मीनार-ए-पाकिस्तान के आसपास कर्फ्यू जैसी स्थिति देखी गई।

पाकिस्तान सरकार ने जातीय पश्तून राजनीतिक दल को किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार ने एक जातीय पश्तून राजनीतिक दल को राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा बताते हुए रविवार को उसपर पाबंदी लगा दी। पश्तून तहफ्फुज मूवमेंट (पीटीएम) अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कबायली क्षेत्र में सक्रिय है और अक्सर पाकिस्तानी सेना की आलोचना किया करता है। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर आतंकवाद-रोधी अधिनियम, 1997 की धारा 11बी के तहत इस पार्टी को गैर-कानूनी घोषित कर दिया।

बस मार्शल मुद्दे पर हंगामा पर लिया संज्ञान

सौरभ भारद्वाज व आप के तीन विधायकों पर प्राथमिकी दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने बस मार्शल की बहाली के मुद्दे पर सचिवालय और उपराज्यपाल आवास पर हुए हंगामे के लिए दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आम आदमी पार्टी (आप) के तीन विधायकों के खिलाफ रविवार को मामला दर्ज किया।

दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता की शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी में आप विधायकों पर सिविल लाइंस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(2) (आपराधिक धमकी), 126(2) (गलत तरीके से रोकना) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत आरोप लगाए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने इस मामले पर अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है। शनिवार को भारद्वाज और आप के अन्य नेताओं ने गुप्ता का पैर पकड़कर अनुरोध किया कि वे बस मार्शल पर कैबिनेट नोट को लेकर उनकी मंजूरी लेने के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना के घर उनके साथ चलें। गुप्ता ने आरोप लगाया है कि आप विधायक सौरभ भारद्वाज, कुलदीप कुमार, जरनैल सिंह और रोहित महरोलिया ने अभद्र व्यवहार किया, जिसके कारण धक्का-मुक्की हुई। उन्होंने कहा कि यह तब हुआ, जब भाजपा विधायकों ने मार्शल के मुद्दे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को ज्ञापन सौंपा। गुप्ता ने बताया कि बैठक से बाहर निकलते समय सचिवालय परिसर में मौजूद आप विधायकों ने दुर्व्यवहार किया और धक्का मुक्की की।

आतंकवादियों ने 8 सुरक्षाकर्मियों की हत्या की, दो अन्य घायल

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को आतंकवादियों ने सुरक्षाकर्मियों के वाहन पर हमला कर दिया, जिसमें कम से कम आठ पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए और दो घायल हो गए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे कबिलाई जिले कुर्रम में वाहन पर घात लगाकर हमला किया। सूत्रों के अनुसार, हमले में आठ कानून प्रवर्तन अधिकारी मारे गए तथा दो घायल हो गए। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से अलग हुए आतंकवादी समूह जमात-उल अहरार ने हमले की जिम्मेदारी ली है। सेना के मीडिया प्रकोष्ठ ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, यह आमतौर पर ऐसे हमलों पर बयान जारी करता है।

तैयारी | रेलवे बोर्ड ने सभी 17 जोन को अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का दिया निर्देश

सूचना प्रणाली में गलत जानकारी पर होगी कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

रेलवे बोर्ड ने सभी 17 जोन को उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है जो रेलगाड़ियों के परिचालन के संबंध में यात्री सूचना प्रणाली में डेटा नहीं डालते या गलत जानकारी देते हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा होती है।

बोर्ड ने रेलवे के सभी जोन को स्टेशन पर लगाए गए यात्री सूचना डिस्प्ले बोर्ड को राष्ट्रीय रेलगाड़ी पूछताछ प्रणाली (एनटीईएस) के साथ एकीकृत करने का भी निर्देश दिया है, ताकि रेलगाड़ियों के परिचालन की सटीक और विश्वसनीय जानकारी सुनिश्चित हो सके। एनटीईएस वेबसाइट अन्य जानकारी के अलावा ट्रेन की वास्तविक स्थिति की जानकारी देती है। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म पर लगे 'ट्रेन संकेतक बोर्ड' पर ट्रेन नंबर, उनके नाम और डिब्बों के सटीक स्थान की जानकारी दी जाती है। रेलवे बोर्ड ने 27 सितंबर को सभी 17 जोन को लिखे पत्र में कहा है कि ये यात्री सूचना प्रणालियां यात्रियों और रेलवे के बीच एक महत्वपूर्ण संवाद मंच के रूप में काम करती हैं। इसमें कहा गया है, ऐसी प्रणालियों द्वारा यात्रियों को दी जाने वाली ट्रेन संबंधी जानकारी की विश्वसनीयता बहुत महत्वपूर्ण है और प्रदर्शित की जाने वाली जानकारी में कोई भी कमी/त्रुटि यात्रियों के लिए असुविधा पैदा करती है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि ऐसी प्रणालियों पर प्रदर्शित प्रत्येक ट्रेन की जानकारी सही और विश्वसनीय हो।

सही व विश्वसनीयता सुनिश्चित हो

पत्र में कहा गया है, उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए सीआरबी (अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड) और सीईओ रेलवे बोर्ड ने इच्छा व्यक्त की है कि रेलवे द्वारा ऐसी प्रणालियों पर ट्रेन की जानकारी का सही और विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए उचित महत्व दिया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है, इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी यात्री सूचना प्रणालियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ राष्ट्रीय ट्रेन पूछताछ प्रणाली के साथ एकीकृत किया जाना चाहिए ताकि ट्रेनों के बारे में जानकारी स्टेशन पर बिल्कुल सही मिले।